राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 11
अंक : 270
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 12 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334
नई दिल्ली से प्रकाशित

मुख्य अपडेट
पेज 3 शिक्षित युवा बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जनपद में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना संचालित
पेज 5 गाजियाबाद की झुग्गियों में अग्निकांड के पीड़ितों को हरसंभव सहायता के निर्देश
पेज 7 पाक पीएम बनते ही शहबाज शरीफ ने अलापा कश्मीर राग, पीएम मोदी को दी ये सलाह

# रामनवमी पर 4 राज्यों के 6 शहरों में हिंसा

## झारखंड में एक की मौत, मध्य प्रदेश में 70 परिवार बेघर; गुजरात-बंगाल में भी हालात बिगड़े

नई दिल्ली। राम नवमी रविवार को पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। लेकिन, चार राज्यों के छह शहरों में शोभायात्रा पर पथराव हो गया। इससे हालात इस कदर बिगड़े कि झारखंड में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मध्यप्रदेश के खरगौन में 70 परिवार बेघर हो गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने दंगाइयों के घर बुलडोजर चलाने के आदेश दिए हैं। गुजरात-बंगाल में भी हालात बिगड़ने के बाद धारा 144 लगाई गई।

### झारखंड : लोहरदगा में एक की मौत, बोकारो में भी पथराव

झारखंड के लोहरदगा और बोकारो में रविवार को माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई है। पहली घटना लोहरदगा के सदर थाना क्षेत्र के हिरही गांव में हुई। इसमें रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव किया गया। रांची से दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस पर भी पत्थर फेंके गए। लोहरदगा जिले में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। बोकारो के बेरमो इलाके में रामनवमी पर निकली शोभायात्रा पर फुसरो के राजाबेड़ा स्थित गंजू मोहल्ला में पत्थर फेंके गए। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

### मध्य प्रदेश : खरगोन में 30 मकान-दुकान फूंके गए, सीएम ने दंगाइयों के घर बुलडोजर चलवाया

मध्यप्रदेश के खरगोन में श्रीराम शोभायात्रा पर रविवार शाम को तालाब चौक के पास पथराव किया गया। उपद्रवियों ने 30 से ज्यादा दुकानों और मकानों में आग लगा दी। रात करीब 9 बजे मामला कुछ शांत हुआ, लेकिन देर रात 12 बजे फिर हिंसा भड़क गई। आनंद नगर, संजय नगर मोतीपुरा में घर फूंक दिए गए। कुछ घरों में लूटपाट भी की गई। इससे 70 से अधिक परिवारों को घर छोड़कर दूसरी जगह जाना पड़ा।

इस घटना में 10 पुलिसकर्मी और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एसपी सिद्धार्थ चौधरी के बाएं पैर में गोली लगी है। वहीं, पुलिस ने सोमवार सुबह तक 70 उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। पुलिस-प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। इधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- दंगाई चिह्नित कर लिए गए हैं। जिन्होंने पत्थर चलाए, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, उनसे सार्वजनिक या निजी संपत्ति के नुकसान की वसूली भी करेंगे। सीएम के आदेश के बाद खरगोन में मोहन टाकीज इलाके में दंगाइयों के मकान तोड़ने का काम प्रशासन ने शुरू कर दिया है।

### बंगाल : हावड़ा में हिंसक झड़प में पुलिस वाले भी घायल

बंगाल के हावड़ा के शिवपुर इलाके में भी राम नवमी की शोभायात्रा में हिंसक झड़प हुई है।

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि हमले में पुलिस के सिपाही और अफसर सहित कई लोग जख्मी हो गए हैं।

शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि क्या राज्य में सनातन धर्म पर प्रतिबंध लग गया है? इस घटना पर हावड़ा पुलिस कहा- शिवपुर पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले इलाके में हम शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

## इंदिरापुरम में गौशाला के पास झुग्गियों में लगी भीषण आग, 49 गायों की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के इंदिरापुरम के ग्राम कनावनी पुस्ता रोड डूब क्षेत्र स्थित झुग्गियों में सोमवार को दोपहर भीषण आग लग गई। आग के चलते पास में ही स्थित एक गौशाला में अब तक करीब 49 गायों की मौत होने की खबर है। दमकल की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हैं।

आग की खबर फैलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। इस घटना में कई गायों के भी आग में झुलसने की खबर है। हालांकि, गायों की सही संख्या अभी पता नहीं चल पाई है। दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पाने में जुटी है। आग इतनी जबर्दस्त है कि उसने देखते ही देखते पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने से आस-पास की लोगों में दहशत फैल गई। आग लगने का कारण नहीं पता चल पाया है।

श्री कृष्णा सेवा गौशाला ट्रस्ट के संचालक सूरज के मुताबिक, हादसे के समय उनकी गौशाला में 100 से अधिक गाय थीं। इनसे करीब 49-50 गायों की आग में जलकर मौत हो गई हैं। आग झुग्गियों में लगी थी। हादसे में 30 से ज्यादा झुग्गियां भी जलकर राख हुई हैं और 3 सिलेंडर फटे हैं।

बताया जा रहा है कि हादसे की जगह ही गैस सिलेंडर का गोदाम है। आग लगने के दौरान 10 से ज्यादा गैस सिलेंडरों में धमाका होने की बात कही जा रही है। इनमें 2 बड़े और 8 छोटे जले हुए सिलेंडर बरामद हो गए हैं। अन्य की तलाशा की जा रही है। इस आग में कई मुर्गे भी जलकर मर गए हैं।

## रेलवे ट्रैक पार करते हुए पांच लोगों के ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में सोमवार रात ट्रेन की चपेट में आने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। श्रीकाकुलम जिले के सूचना विभाग के मुताबिक ये हादसा सोमवार रात करीब 9 बजे जी सिगादम और चीपुरपल्ली रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक कुछ यात्रियों ने विशाखापट्टनम-पलासा मेन लाइन पर चेन खींचकर कोयंबटूर-सिलचर एक्स्रेस ट्रेन को रोक दिया। जैसे ही ट्रेन रूकी, उन लोगों ने ट्रेन से उतरकर पटरी पार कर दूसरी तरफ जाने की कोशिश की। इस बीच दूसरी तरफ से भुवनेश्वर-सीएसटी मुंबई कोणार्क एक्सप्रेस ट्रेन आ रही थी। सभी लोग भुवनेश्वर-सीएसटी मुंबई कोणार्क एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन की चपेट में आने से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कुछ

लोग घायल हुए हैं। हालांकि घायलों के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी नहीं है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक मौके से पांच लोगों की लाश बरामद कर ली गई है। इन सभी लाशों को उसी ट्रेन से श्रीकाकुलम रोड स्टेशन तक लाया गया जहां से रेलवे ने एंबुलेंस के जरिए मृतकों को अस्पताल तक पहुंचा दिया है जहां उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

श्रीकाकुलम जिले के कलेक्टर श्रईकेश बी लाथकर ने घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय राजस्व मंडल अधिकारी और तहसीलदार को राहत और बचाव कार्य के लिए मौके पर भेजा। अधिकारियों के मुताबिक डिस्टिक मेडिकल अफसर को घटना की जानकारी दे दी गई है और वो घायलों के इलाज की व्यवस्था कर रहे हैं।

इस घटना को लेकर आंध्र प्रदेश के सीएम वाय एस जगन मोहन रेड्डी ने श्रीकाकुलम ट्रेन हादसे में मारे गए सभी लोगों के परिवार के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया है। सीएम रेड्डी ने जिला प्रशासन से बात कर घायलों को अच्छी से अच्छी मेडिकल सुविधा देने का निर्देश दिया है। सीएम ने पीड़ित परिवार की हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है।

## युवा कांग्रेस ने महंगाई के खिलाफ शुरु किया पोस्टर अभियान

नयी दिल्ली। युवा कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ रही कीमतों के खिलाफ केंद्र सरकार के विरुद्ध सोमवार को पोस्टर अभियान की शुरुआत की और सरकार से पेट्रोल, डीजल तथा एलपीजी के दाम घटाने की मांग की। युवा कांग्रेस ने कहा कि उसका यह अभियान महंगाई के खिलाफ है और इस अभियान की शुरुआत उसने पेट्रोलियम मंत्रालय के बाहर पोस्टर चिपकार कर की है। इसके साथ ही संगठन ने दिल्ली तथा देश के विभिन्न हिस्सों में पोस्टर लगाकर अपने अभियान की शुरुआत कर दी है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने इस मौके पर कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही जनता पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ रहा है। आम आदमी महंगाई से त्रस्त है लेकिन सरकार को जनता का यह दर्द दिखाई नहीं दे रहा है इसलिए जनता का मोदी सरकार से भरोसा और विश्वास पूरी तरह उठ चुका है।

### गुजरात में दर्दनाक हादसा, भरूच के दहेज इंडस्ट्रियल एरिया में केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट

# रिएक्टर के पास काम कर रहे 6 मजदूरों की मौत

भरूच । गुजरात के भरूच जिले में सोमवार को केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से विस्फोट हो गया। जिसमें छह मजदूरों की मौत हो गई। घटना अहमदाबाद से करीब 235 किमी दूर दहेज इंडस्ट्रियल एरिया में सुबह तीन बजे हुई। भरूच एसपी लीना पाटिल के मुताबिक, मजदूर एक रिएक्टर के पास काम कर रहे थे, जिसमें अचानक विस्फोट हो गया। इससे सभी की मौत हो गई। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

जिस वक्त आग लगी, उस वक्त ओम ऑर्गेनिक कंपनी में डिस्टिलेशन प्रोसेस चल रही थी। आग इतनी भीषण थी कि दूर से ही धुएं के गुबार दिखाई दे रहे थे।

हादसे के बाद फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इस घटना से मृतकों के परिजन को गहरा सदमा लगा है। आग इतनी भीषण थी कि कंपनी का सारा सामान जल कर राख हो गया। घटना की जांच पुलिस के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग भी कर रहा है। पुलिस कंपनी में फायर सेफ्टी उपकरण की भी जांच कर रही है कि कंपनी में वे मौजूद थे या नहीं।

## दिल्ली-एनसीआर में प्रचंड गर्मी और लू का कहर

नयी दिल्ली। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सोमवार को लोगों को झुलसा देने वाली गर्मी का सामना करना पड़ा और लू के थपेड़ों के कारण घर से बाहर निकलना दूभर रहा। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जो वर्ष के इस समय के लिए सामान्य से आठ डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## दिल्ली दंगा : अदालत ने जेएनयू छात्र शरजील को जमानत देने से इनकार

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक जिला अदालत ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र शरजील इमाम की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। शरजील को वर्ष 2020 के दिल्ली दंगा के आरोप में भारतीय दंड संहिता तथा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि 2020 के उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगा एक साजिश थी और इसके पीछे व्यवस्था को पूरी तरह से पंगु बना देने का विचार था। यह भी कहा कि 20 दिसंबर 2019 को उमर खालिद ने हर्ष

मंदर, यूनाइटेड अगेंस्ट हेट एवं स्वतंत्र नागरिक संगठन के सदस्यों के साथ एक बैठक की थी। अभियोजन पक्ष ने कहा कि बैठक की विरोध के क्षेत्रों को तय करने और महिलाओं को सबसे आगे रखकर पुलिस झड़पों को कम करने की रणनीतियों को तय करने में महत्वपूर्ण थी। पुलिस ने कहा कि विरोध प्रदर्शन का मुद्दा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) या राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) नहीं था, बल्कि सरकार को शर्मिंदा करने और ऐसे कदम उठाने का था कि यह अंतरराष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में आ जाए। दंगों के बाद, पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13, 16, 17, 18, शस्त्र अधिनियम की धारा 25 और 27 और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम, 1984 की धारा 3 और 4 के तहत और भारतीय दंड संहिता, 1860 के विभिन्न प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस ने पिछले साल सितंबर में जांच के बाद पिंजरा तोड़ के सदस्यों और जेएनयू के छात्रों देवांगना कलिता, नताशा नरवाल, जामिया मिलिया इस्लामिया के छात्र आसिफ इकबाल तन्हा और छात्र कार्यकर्ता गुलफिशा फातिमा के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र में पूर्व कांग्रेस पार्षद इशरत जहां, जामिया समन्वय समिति के सदस्य सफूरा जरगर, मीरान हैदर और शिफा-उर-रहमान, निलंबित आम आदमी पार्टी पार्षद ताहिर हुसैन, कार्यकर्ता खालिद सैफी, मोहम्मद सलीम खान और अतहर खान के नाम शामिल है।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से केवल दो राज्यों में छह लोगों की मौत

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस महामारी से केवल दो राज्यों केरल और दिल्ली में कुल छह लोगों की मौत हुई है। साथ नये संक्रमितों का दैनिक आंकड़ा भी एक हजार से नीचे 861 पर रह गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 185 करोड़ 74 लाख 18 हजार 827 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 861 नये मरीज सामने आये हैं, जिससे देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर चार करोड़ 30 लाख 61 हजार 132 हो गई है। देश में कोरोना सक्रिय रोगियों की संख्या 11 हजार 58 है। देश में सक्रिय मामलों की दर 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.32 प्रतिशत हो गयी है।इसी अवधि में 929 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख तीन हजार 383 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में दो लाख 71 हजार 211 कोविड परीक्षण किये गये हैं। देश में अब तक कुल 79 करोड़ 41 लाख 18 हजार 951 कोविड परीक्षण किए गए हैं। वहीं इस दौरान देश में छह मरीजों की मौत होने से इस जानलेवा विषाणु के कारण जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 521691 हो गयी है। कोविड-19 से होने वाली मौतों की दर 1.21 प्रतिशत है। केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामले 81 घटने से इनकी संख्या 3052 रह गयी। वहीं, 299 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6464510 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 68365 हो गया है। कर्नाटक में सक्रिय मामले 11 बढ़कर 1483 हो गये हैं। इस दौरान 45 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 3904462 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 40057 पर स्थिर है। पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में सक्रिय मामले 19 बढ़कर 795 हो गए हैं।

इस दौरान राज्य में 31 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 224100 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 688 पर स्थिर है। महाराष्ट्र में इस दौरान सक्रिय मामले 25 घटकर 778 हो गए हैं। इस दौरान राज्य में 115 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7726576 हो गई है।

### कोविड टीकाकरण में 185.74 करोड़ टीके लगे

देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 185.74 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 185 करोड़ 74 लाख 18 हजार 827 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 861 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 11 हजार 58 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.32 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 929 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख तीन हजार 383 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में दो लाख 71 हजार 211 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में अब तक कुल 79 करोड़ 41 लाख 18 हजार 951 कोविड परीक्षण किए गए हैं।

### रोप-वे हादसा

### हेलिकॉप्टर से फिसलकर डेढ़ हजार फीट नीचे गिरा अधेड़, मौत; 33 लोग निकाले गए

# अंधेरे ने रोका रेस्क्यू, हवा में अटकी 14 जिंदगियां

एजेंसी

देवघर (झारखंड)। झारखंड के देवघर में त्रिकुट पहाड़ के रोप-वे पर हुए हादसे में अब भी 14 जिंदगियां फंसी हुई हैं। सोमवार शाम छह बजे अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन को रोक दिया गया है। अब मंगलवार सुबह दोबारा शुरू होगा। सेना, वायुसेना और एनडीआरएफ ने सोमवार को एमआई-17 हेलिकॉप्टर की मदद से रेस्क्यू शुरू किया था। शाम तक 33 श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला गया, लेकिन अब भी 14 लोग फंसे हैं। सभी फंसे पर्यटकों के खाने के लिए कुछ पैकेट, पानी और

राहत सामग्री ड्रोन से भेजी जा रही है। रात भर प्रशासन की एक टीम उनकी सहायता के लिए रहेगी।

वहीं, रेस्क्यू के वक्त शाम साढ़े पांच बजे दुमका जिले के शिकारीपाड़ा के रोजगार सेवक राकेश मंडल (48 वर्ष) का हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान सेफ्टी बेल्ट टूट गया। इससे वह करीब डेढ़ हजार फीट गहरी खाई में गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। वह केबिन नंबर-19 में सवार था। हादसे में अब तक कुल तीन लोगों की मौत हुई है। बता दें, रविवार शाम 4 बजे हादसा तब हुआ, जब पहाड़ पर बने मंदिर की तरफ एक साथ 26 ट्रॉलियां रवाना कीं। इससे तारों पर अचानक लोड बढ़ा और रोलर टूट गया। तीन ट्रॉलियां पहाड़ से टकरा गईं। इससे दो ट्रॉलियां नीचे गिर गईं। इनमें सवार 12 लोग जख्मी हो गए और दो लोगों की मौत हो गई थी। उधर, बाकी ट्रॉलियां आपस में टकराकर रुक गईं। अभी कुछ ट्रॉलियां फंसी हुई हैं, जिसमें अब भी 14 श्रद्धालु सवार हैं। इनमें छोटे बच्चे और महिलाएं भी हैं।

### हादसे पर पूरी नजर रखी जा रही है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, देवघर की स्थिति पर हमारी नजर बनी हुई है। सभी विशेषज्ञों को भेजा गया है। ऐसी परिस्थितियों को संभालने में सक्षम स्पेशल कमांडो के अलावा वायु सेना, सेना और एनडीआरएफ की टीम लगी हुई हैं। हादसा होने के के बाद कल रात हो जाने के कारण ऑपरेशन शुरू नहीं किया जा सका। सुबह होते ही कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस रोप-वे को बनाने वाले विशेषज्ञ भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## शार्ट न्यूज

### इस साल की अमरनाथ यात्रा होगी ऐतिहासिक : अपूर्व चंद्र

श्रीनगर। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव अपूर्व चंद्र ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में इस साल अमरनाथ यात्रा पर रिकार्ड संख्या में आठ लाख श्रद्धालु हिस्सा लेंगे और सभी की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। चंद्र ने यहां संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के अभी तक के इतिहास में इस साल सर्वाधिक संख्या में लगभग आठ लाख श्रद्धालु हिमलिंग के दर्शन कर पायेंगे। सुरक्षित यात्रा संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किये जायेंगे। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था पहले से काफी सुधरी है और इसी का नतीजा है कि यहां आने वाले पयर्टकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। जितनी अधिक संख्या में पर्यटक घाटी में आयेंगे स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति में उतना ही अधिक सुधार होगा। चंद्र ने कहा आज मैं प्रशासनिक अधिकारियों संभागीय आयुक्त और संबंधित उपायुक्तों से भी मिला और सभी ने इस साल ऐतिहासिक अमरनाथ यात्रा होने और इसके लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किये जाने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस साल यात्रा के लिए दोगुने इंतजाम किये जायेंगे और पूरा प्रशासन इतनी बड़ी संख्या में आने वाले लोगों के स्वागत की तैयारियों में जुटा है। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हो ने हाल ही में बताया था कि पिछले कुछ महीनों में 80 लाख पर्यटक आये जो एक रिकॉर्ड है।यह अपने आप में बताने के लिए काफी है कि केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति शांतिपूर्ण है। चंद्र ने बताया कि वह केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जम्मू-कश्मीर प्रशासन से आग्रह करता है कि अमरनाथ यात्रा पर एक छोटा-सा वृत्तचित्र तैयार करें जिसमें कश्मीर की खूबसूरत वादियों और सुंदरता को भी उकेरा जाऐ। उन्होंने कहा हम इस वृत्तचित्र को बड़े पैमाने पर देश और दुनिया के सामने पेश करेंगो।

### न्यायालय ने बनर्जी को दिया रॉय की स्थिति पर पुनर्विचार करने का निर्देश

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सोमवार को निर्देश दिया कि वह मुकुल रॉय राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी में जाने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक बने रहने को लेकर फैसले पर पुनर्विचार करें। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी द्वारा दायर एक याचिका पर मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की खंडपीठ ने श्री बनर्जी को अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और अगले चार सप्ताह में अदालत को सूचित करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि गत 11 फरवरी को श्री बनर्जी ने बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद दलबदल के लिए दलबदल विरोधी कानून के तहत मुकुल रॉय को विधायक के रूप में अयोग्य घोषित करने के विपक्षी नेता सुवेंदु अधिकारी के अनुरोध को खारिज कर दिया था। श्री बनर्जी ने कहा था कि याचिकाकर्ता गुणवत्तायुक्त सबूत पेश नहीं कर सका और इस तरह मामले का निपटारा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि श्री रॉय भाजपा विधायक हैं। याचिकाकर्ता के वकील बिलदल भट्टाचार्य ने संवाददाताओं से कहा कि पीठ ने श्री बनर्जी को निर्देश दिया है कि वह पिछले 11 जून को श्री रॉय की मीडिया कांफ्रेंस पर फैसला करें जिसमें भाजपा विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और अन्य की उपस्थिति में श्री रॉय 11 जून 2021 को अपने बेटे सुभ्रांशु रॉय के साथ तृणमूल कांग्रेस में फिर से शामिल हो गए। वह लोक लेखा समिति (पीएसी) के सदस्य भी हैं। वह 14 जुलाई 2021 को पीएसी के अध्यक्ष बने।

### चंपावत में मैक्स खाई में गिरी,तीन की मौत, तीन घायल

नैनीताल/चंपावत। उत्तराखंड के चंपावत जनपद में टनकपुर में सवारियों से भरी मैक्स के खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 09 टनकपुर मार्ग पर अमोड़ी के पास घटी है। एक मैक्स वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। वाहन में सात लोग सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौके पर राहत व बचाव कार्य चलाया। सभी को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय टनकपुर में लाया गया। जिनमें से चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया ।मृतकों में केशवी देवी पत्नी आन सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी खटोली मल्ली, दीपा देवी पत्नी सूरज कुमार उम्र 25 वर्ष निवासी लड़ा बोरा व हीरा राम पुत्र प्रेम राम उम्र 28 वर्ष निवासी खटोली टल्ली शामिल हैं जबकि कैलाश राम, सूरज कुमार व सूरज घायल हो गये।

### पुस्तकालय को ज्ञान व दर्शन का केंद्र बनाएं

उडुपी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान और दर्शन के शिक्षण का केंद्र है और बना रहेगा। श्री बोम्मई ने सोमवार को डॉ बनंजे गोविंदाचार्य मेमोरियल की डिजिटल लाइब्रेरी का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे मनुष्य बढ़ता गया, ज्ञान, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर ज्ञान, सॉफ्टवेयर ज्ञान बढ़ता गया। दर्शन मनुष्य के विचार का अवतार है। सही गलत, न्याय नीति का दर्शन। दर्शन और विज्ञान एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। श्री बोम्मई ने कहा कि दर्शनशास्त्र के ज्ञान और दर्शन में महारत हासिल करने वाले डॉ. बन्नंजय गोविंदाचार्य ने हर विज्ञान के पीछे बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि उक्त पुस्तकालय में सक्रिय पुस्तकालय, बच्चों के दर्शन, प्रतिस्पर्धी डिजिटल सहित कई विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा कि तटीय क्षेत्र में उद्यमिता है। इसलिए तटीय क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए। इसका लाभ सभी बच्चों को लेना चाहिए। युवा देश, देश और जीवन के आदर्शों को अपनाते हैं। आपके आदर्श आपके रास्ते पर हैं। आप दुनिया को तभी जीत सकते हैं जब आपको अपनी उपलब्धियों और अस्तित्व पर विश्वास हो।

### कर्नाटक में दूध के दाम नहीं बढ़ाएंगे

मैसूर। कर्नाटक के सहकारिता मंत्री और मैसूर के जिला प्रभारी मंत्री एस टी सोमशेखर ने कहा है कि राज्य में दूध की दर बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। संबंधित दूध संघ किसानों को लाभ दे सकता है। सरकार इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगी। सोमशेखर ने शहर के सरकारी गेस्टहाउस में सोमवार को मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि सरकार दूध की दरों में वृद्धि नहीं करेगी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चंद्रू हत्याकांड की जांच सीआईडी कर रही है। गृह मंत्री सक्षम हैं। दोषियों की दलील है कि किसी को भी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह मामले को कुशलता से संभालेंगे। कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस के विरोध के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में, श्री सोमशेखर ने कहा कि कांग्रेस इसे बनाए रखने के लिए कुछ कर रही है। हम यह दिखाने के लिए शो कर रहे हैं कि हम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सांसद प्रताप सिन्हा ने योग कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी मैसूर की मैसूर यात्रा एक खुशी का अवसर है क्योंकि मैसूर में अधिक से अधिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### आप सरकार बदले की भावना से काम कर रही

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर बिक्रम मजीठिया के मानवाधिकारों का उल्लंघन कर राजनीतिक बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया। शिअद नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा, महेशइंदर अग्रवाल और डॉ. दलजीत चीमा ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में यह भी आरोप लगाया कि पीटीसी के प्रबंध निदेशक रबिंद्र नारायण को गलत मामले में फंसाना, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की आलोचना को लेकर राजनीतिज्ञों व सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं पर मामले दर्ज करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा पर हमला है। शिअद नेताओं ने कहा कि आप सरकार सभी लोकतांत्रिक मापदंडों व जेल मैन्युअल के खिलाफ जाकर श्री मजीठिया से अमानवीय बर्ताव कर रही है और उन्हें वह सुविधाएं भी नहीं मिल रहीं जिनके वह विचाराधीन कैदी होने के नाते हकदार हैं। शिअद नेता ड्रग्ज़ मामले में पटियाला जेल में हैं।

# पीएम मोदी ने शाहबाज शरीफ को दी बधाई, साथ में 'कश्मीर राग' पर जवाब भी दिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को बधाई दी है। पीएम मोदी ने शरीफ को बधाई देते हुए उनके कश्मीर राग पर भी जवाब दिया है और कहा है कि भारत आतंक मुक्त क्षेत्र में शांति और स्थिरता चाहता है। पीएम मोदी की यह बधाई शाहबाज शरीफ द्वारा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद आई है। दरअसल, पीएम मोदी ने अपने एक ट्ववीट में लिखा, शाहबाज शरीफ को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई। भारत आतंक मुक्त क्षेत्र में शांति और स्थिरता चाहता है, ताकि हम अपने विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकें। साथ ही अपने लोगों की भलाई और समृद्धि सुनिश्चित कर सकें।

शाहबाज शरीफ को बधाई देते समय पीएम मोदी द्वारा आतंक और शांति का जिक्र करना महत्वपूर्ण है क्योंकि पीएम बनते ही शाहबाज शरीफ ने कश्मीर राग अलापा है। शाहबाज

शरीफ ने कहा था कि हम बदकिस्मती से भारत से बेहतर संबंध नहीं बना सके। शाहबाज शरीफ ने आगे कहा कि हम भारत से बेहतर संबंध चाहते हैं लेकिन कश्मीर के मसले को हल किए बिना अमन कायम नहीं हो सकता।

इतना ही नहीं शरीफ ने यह भी कहा कि नवाज शरीफ ने भारत से बेहतर संबंध चाहा था। अगस्त 2019 में कश्मीर के साथ जो हुआ, आर्टिकल 370 को खत्म कर दिया गया। हमने कोई कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान ने कश्मीर मसले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया कि कश्मीरियों के साथ क्या हश्र हो रहा है? कश्मीर की वादी में कश्मीरियों का खून बह रहा है। वहां की वादी कश्मीरियों के खून से सुर्ख हो गई है।

बता दें कि शाहबाज शरीफ पाकिस्तान के 23वें प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने पीएम बनते ही भारत और कश्मीर को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ बेहतर रिश्ते चाहते हैं, लेकिन जब तक कश्मीर मुद्दे पर शांतिपूर्ण तीरीके से समाधान नहीं निकल जाता, ये संभव नहीं है। हम कश्मीरी लोगों को उनके हाथ पर नहीं छोड़ सकते हैं।

# चकमा शरणार्थियों की कथित नस्लीय जनगणना पर विवाद

दिल्ली। 50-60 साल पहले विस्थापित हुए परिवार क्या आज भी शरणार्थी ही कहे जाएंगे अरुणाचल सरकार और वहां के हाजोंग व चकमा समुदाय को इसी सवाल का जवाब चाहिए. पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में दशकों पुराने हाजोंग और चकमा शरणार्थियों की कथित नस्लीय जनगणना और पुनर्वास पर विवाद लगातार तेज हो रहा है. एक ओर जहां राज्य सरकार और तमाम स्थानीय संगठन उनको राज्य से अन्यत्र बसाए जाने के पक्ष में हैं वहीं दूसरी ओर, इन शरणार्थियों के संगठनों ने राज्य में बीजेपी की अगुवाई वाली पेमा खांडू सरकार पर शरणार्थियों की नस्लीय जनगणना का आरोप लगाया है. इसके विरोध में इन संगठनों ने हाल में दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन सौंपा. हालांकि राज्य सरकार ने इस आरोप को निराधार बताया है. पूर्वोत्तर में सीमा विवादों को सुलझाने का मॉडल बन सकता है ताजा समझौता चकमा विकास संगठन (सीडीएफआई) ने मानवाधिकार आयोग से चकमा और हाजोंग जनजाति के करीबी 65,000 लोगों की 11 दिसंबर, 2021 को शुरू हुई जनगणना में हो रहे जातीय भेदभाव को रोकने और अपने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए फौरन हस्तक्षेप करने की

मांग की है. शरणार्थियों का आरोप है कि कथित जनगणना के जरिए उनको राज्य से निकालने का प्रयास किया जा रहा है. इसके बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने चकमा और हाजोंग शरणार्थियों के मानवाधिकारों को लेकर चिंता जताई है. आयोग ने गृह मंत्रालय और अरुणाचल प्रदेश सरकार से कहा है कि किसी भी सूरत में इन शरणार्थियों के मानवाधिकारों की रक्षा होनी चाहिए. चकमा संगठन ने हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भेजे गए एक पत्र में भी इस जनजाति के शरणार्थियों की नस्लीय प्रोफाइलिंग का आरोप लगाया था।

कहां से आए चकमा शरणार्थी चकमा बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग हैं जबकि हाजोंग हिन्दू हैं. यह लोग 1964 से 1966 के बीच तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से भारत में आकर अरुणाचल प्रदेश में बस गए थे. इन दोनों समुदायों के लोग असम समेत कई पूर्वोत्तर राज्यों में फैले हैं. 1962 में पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में कसाई बांध को शुरू करने के बाद इन अल्पसंख्यक समुदायों का बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ।

उसके बाद यह लोग खुली सीमाओं के रास्ते भारत पहुंचे थे. मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश में चकमा और हाजोंग शरणार्थी नहीं रह सकते. उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश जनजातीय राज्य है और यहां बाहरी लोगों को बसने की अनुमति नहीं मिल सकती. मुख्यमंत्री का कहना है कि शुरुआत में राज्य में चकमा और हाजोंग लोग शरणार्थी के रूप में आए थे. लेकिन बाद में उनकी संख्या कई गुना बढ़ गई।

सरकार ने बीते साल विधानसभा में कहा था कि 2015-16 में कराए गए एक विशेष सर्वेक्षण के मुताबिक राज्य में चकमा और हाजोंग लोगों की संख्या 65,857 थी. हालांकि गैर सरकारी अनुमान के मुताबिक यह तादाद दो लाख से ज्यादा बताई जाती है. राज्य सरकार का पक्ष मुख्यमंत्री कहते हैं, लोगों को बसाने के लिए हमारे पास सटीक आंकड़े होने चाहिए. इसी वजह से जनगणना की जा रही है ताकि यह पता चल सके कि वैध और अवैध शरणार्थियों की कितनी तादाद है. इसके बाद हम उनको तमाम सुविधाओं समेत दूसरे राज्यों में बसाने के लिए केंद्र से बातचीत शुरू कर सकेंगे। खांडू के मुताबिक, अब तक केंद्र या राज्य किसी सरकार ने कभी इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास नहीं किया. अब प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व राज्य सरकार इसका एक स्थायी समाधान निकालने का प्रयास कर रही है. अखिल अरुणाचल प्रदेश छात्र संघ (आप्सू) के महासचिव तबोम दाई का कहना है कि चकमा और हाजोंग की जनगणना मूल निवासियों की सुरक्षा के लिए एक नियमित प्रशासनिक कवायद है. संगठन ने नस्लीय आधार पर जनगणना के आरोपों को निराधार करार दिया है. चकमा और हाजोंग समुदाय का आरोप लेकिन शरणार्थी अपने दावे पर अडिग हैं।

# कर्नाटक में मूल्य वृद्धि के विरोध में कांग्रेस की रैली

एजेंसी

बेंगलुरु। पेट्रोल और डीजल ईंधन से लेकर रसोई गैस एवं खाना पकाने के तेल, उर्वरक से लेकर उर्वरक से लेकर लोहा और सीमेंट तक हर चीज की कीमतों में बढ़ोतरी ने आम लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

इसी बात को लेकर कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीति की निंदा और कीमतों में वृद्धि कम करने की मांग करते हुए शहर के इंडिपेंडेंस पार्क में विरोध प्रदर्शन किया।

मूल्य वृद्धि की निंदा करते हुए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के हिस्से के रूप में राज्य कांग्रेस ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर रामिंदर सिंह आवला, एआईसीसी सचिव और कर्नाटक राज्य प्रभारी, और केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार, पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया और बी.के. हरिप्रसाद, अभियान समिति के अध्यक्ष एमबी पाटिल, अध्यक्ष रामलिंग रेड्डी, सलीम अहमद, ध्रुवनारायण, ईश्वर खंड्रे, पूर्व मंत्री कृष्ण भैरयगौड़ा, केजे जॉर्ज और अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

शिवकुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम में नवनियुक्त उपाध्यक्ष, अधिकारी व अधिकारी शामिल हैं। सूची खत्म नहीं हुई है।

कांग्रेस ने सभी वर्गों और समाजों को जगह देने का फैसला किया है। कुछ नामों को तत्काल मंजूरी दी गई है क्योंकि सूची में देरी हो रही है। हम उन सभी के लिए रास्ता बनाते हैं जो दिन-रात काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेताओं ने हमें मूल्य वृद्धि का विरोध करने का निर्देश दिया था।

जिला स्तर पर विरोध और प्रेस वार्ता हो चुकी है। हमने तय किया कि जुलूस में राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज हम सभी महंगाई की बात कर रहे हैं। केंद्र सरकार के चुनाव जीतने के बाद से गरीबों की दुर्दशा गिर गई है।

अगर पांच साल के चुनाव के बाद हर वस्तु की कीमतें आसमान छूती हैं, तो राजस्व केवल नरक में जाएगा। मोदी ने सभी किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया है। मैं जहां भी जाता हूं, सुनता हूं।

# जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, हरियाणा में एसआईए की छापेमारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इंटेलिजेंस एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के एक मास्टरमांइड आतंकवादी को धन जुटाने और वित्तीय सहायता पहुंचाने के मामले रविवार को कई स्थानों पर छापेमारी की।

इस संबंध में एसआईए के प्रवक्ता ने कहा कि एजेंसी ने टेरर फंडिंग मामले में दिल्ली, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। यह मामला लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान स्थित अन्य आतंकवादी संगठनों द्वारा धन जुटाने और भारत में जम्मू-कश्मीर और देश के अन्य हिस्सों में आतंकवाद फैलाने के लिए आपराधिक साजिश के तहत भेजने से संबंधित है। प्रवक्ता ने कहा,जांच और तकनीकी सबूतों से पता चला है कि पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर का एक आतंकवादी अपने कैडरों और सहयोगियों को केंद्र शासित प्रदेश और देश के अन्य हिस्सो में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा,तकनीकी साक्ष्य और बैंकिंग लेनदेन के लिए दिल्ली में तीन, फरीदाबाद में एक और जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में दो स्थानों और व्यक्तियों की पहचान की गई है। प्रवक्ता ने कहा कि तकनीकी साक्ष्यों से इस बात की पुष्टि होती है कि वे पाकिस्तान स्थित मास्टरमाइंड के लगातार संपर्क में हैं।

# भारत ने एंटी टैंक मिसाइल हेलिना का सफल परीक्षण किया

नई दिल्ली। भारत ने सोमवार को स्वदेशी रूस से विकसित एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम), हेलिना का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल का परीक्षण ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) से उच्च ऊंचाई पर सफलतापूर्वक किया गया। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि ताजा लॉन्च के बाद अब हेलिकॉप्टर के साथ हथियारों के एकीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

यह मिसाइल लॉन्च राजस्थान में पोखरण फायरिंग रेंज में किया गया। हेलिना या हेलीकॉप्टर आधारित नाग मिसाइल सात किमी दूर तक के लक्ष्य पर हमला कर सकती है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इंफ्रारेड इमेजिंग सीकर सिस्टम द्वारा निर्देशित फायर एंड फॉरगेट मिसाइल ने सफलतापूर्वक उच्च ऊंचाई पर एक

नकली टैंक लक्ष्य को निशाना बनाया। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, भारतीय वायु सेना और सेना ने संयुक्त रूप से इसका परीक्षण किया।

DRDO के अनुसार, हेलिना सिस्टम में दिन और रात हर मौसम में हिट करने की क्षमता है और यह पारंपरिक और विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच के साथ दुश्मन के टैंकों को मार गिरा सकती है। मिसाइल सीधे हिट मोड के साथ-साथ टॉप अटैक मोड दोनों में लक्ष्य को भेद सकती है। मंत्रालय ने कहा, पोखरण में किए गए वेलिडेशन ट्रायल्स के क्रम में, उच्च ऊंचाई पर इस मिसाइल की सटीकता का प्रमाण ध्रुव पर इसके एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करता है।

सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज के अतिरिक्त महानिदेशक एयर वाइस मार्शल अनिल गोलानी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि सफल परीक्षण हमारे स्वदेशी हथियार निर्माण कौशल को दर्शाता है। अब हेलीकॉप्टर पर मिसाइल को जोड़ने, सशस्त्र बलों में हथियार के प्रोडक्शन और संचालन पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

बता दें कि हेलीकॉप्टर से लॉन्च होने वाली एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल को भारत सरकार ने रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए आयात प्रतिबंध के तहत रखा है।

भारत द्वारा लॉन्च किए गए स्टैंड-ऑफ एंटी-टैंक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण करने के चार महीने बाद अब हेलिना का सफल परीक्षण आया। SANT की सीमा 10 किमी है।

IAF के रूसी मूल के एमआई-35 अटैक हेलीकॉप्टरों को मिसाइल से लैस होने की उम्मीद है ताकि उन्हें दुश्मन के टैंकों को एक बेहतर स्टैंड-ऑफ रेंज से नष्ट करने की क्षमता मिल सके।

Mi-35 पर मौजूदा रूसी मूल की Shturm मिसाइल पांच किमी की रेंज में टैंकों को निशाना बना सकती है।

नाग और हेलिना DRDO द्वारा विकसित मौजूदा टैंक रोधी मिसाइलें हैं। नाग मिसाइल को एक संशोधित पैदल सेना लड़ाकू वाहन से लॉन्च किया जाता है, जिसे नाग मिसाइल वाहक या नामिका कहा जाता है।

# 'पल्ली गांव का चयन जम्मू-कश्मीर के लिए मोदी की प्राथमिकता को दर्शाता है'

जम्मू। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि पंचायती राज दिवस के मौके पर राष्ट्रीय स्तर आयोजन स्थल के रूप में पल्ली पंचायत का चयन करना जम्मू-कश्मीर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च प्राथमिकता और प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने की उनकी सरकार के ध्यान को इंगित करता है।

डॉ. सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय केंद्रीय टीम के साथ यहां 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के आयोजन स्थल का दौरा किया। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी आजादी के 70 साल बाद जम्मू-कश्मीर में पहली बार जिला विकास परिषदों के चुनाव होने के बाद यहां आयेंगे।

डॉ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले आठ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र स्थापित करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए समाज के सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों के बीच संसाधनों के समान वितरण पर ध्यान केंद्रित किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद श्री मोदी के पहले प्रमुख कार्यक्रमों में से एक कटरा में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन था और इसके तुरंत बाद जब पूरा श्रीनगर शहर बाढ़ के पानी में डूबा था, तो उन्होंने 2014 में

प्रधानमंत्री के रूप में अपनी पहली दिवाली घाटी के बाढ़ पीड़ितों से साथ मनाने का फैसला किया। यह जम्मू-कश्मीर के लोगों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है।

इस वर्ष 'पंचायती राज दिवस' ??का आयोजन केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), केंद्र सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।

इस मौके पर सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक चेतन प्रकाश जैन,पीएसई, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी शामिल थे। पल्ली पंचायत में 20 दिन के रिकॉर्ड समय में सौर ऊर्जा का संयंत्र बैठाया जा रहा है।

पल्ली में 500 केवी सोलर प्लांट कुल 6,408 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित किया जा रहा है और इससे पंचायत में 340 घरों को स्वच्छ बिजली और रोशनी प्रदान की जा सकेगी। इस प्रकार यह भारत सरकार के 'ग्राम ऊर्जा स्वराज कार्यक्रम' के तहत पहली कार्बन न्यूट्रल पंचायत बन जाएगा।

डॉ, सिंह ने कहा कि केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय पंचायती राज दिवस के मौके पर कुछ नवीनतम वैज्ञानिक नवाचारों को प्रदर्शित करने का प्रयास करेगा।

उन्होंने कहा कि कृषि कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी, अरोमा मिशन और बैंगनी क्रांति, पुष्प कृषि मिशन, बांस के आधुनिक उपयोग, अपशिष्ट जल प्रबंधन आदि को प्रदर्शित करने का प्रयास किया जाएगा।

# रेड्डी ने किया मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने सोमवार को शपथ ग्रहण करने वाले कैबिनेट मंत्रियों के लिए विभागों का आवंटन कर दिया।

रेड्डी ने 2019 की तरह ही अपने नए मंत्रिमंडल में पांच उपमुख्यमंत्रियों पी राजन्ना डोरा, श्री बुडी मुत्याला नायडू, श्री अमजद बाशा शेख बेपारी, श्री कोट्टू सत्यनारायण और श्री के नारायण स्वामी को शामिल किया।

वहीं श्री बुग्गना राजेंद्रनाथ रेड्डी को एक बार फिर से वित्त विभाग दिया गया, जबकि श्रीमती तेनेती वनिता को गृह मंत्रालय मिला।

मंत्रियों और उनके विभागों की पूरी सूची इस प्रकार है- उप मुख्यमंत्री - श्री के नारायण स्वामी (आबकारी), श्री पेडिका राजन्ना डोरा (आदिवासी

कल्याण), श्री बुडी मुत्याला नायडू (पंचायत राज और ग्रामीण विकास), श्री कोट्टू सत्यनारायण (बंदोबस्ती), और श्री अमजद बाशा शेख बेपारी (अल्पसंख्यक कल्याण)।

रेड्डी कैबिनेट में चार महिला मंत्री श्रीमती करमुरी वी नागेश्वर राव (नागरिक आपूर्ति), विदादाला रजनी (चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय), श्रीमती आरके रोजा (पर्यटन, संस्कृति, युवा उन्नति का प्रभार) और श्रीमती केवी उषा श्रीचरण महिला एवं बाल कल्याण संभालेंगी।

अन्य मंत्रियों में श्री धर्मना प्रसाद राव को राजस्व, पंजीकरण एवं टिकट मिला; श्री सीदिरी अप्पलाराजू पशुपालन, मत्स्य पालन एवं डेयरी विकास मंत्रालय को संभालेंगे, जबकि श्री बोत्सा सत्यनारायण ने शिक्षा प्राप्त की।

वहीं गुड़ीवाड़ा अमरनाथ कापू को उद्योग, निवेश एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। श्री ददिसेट्टी राजा को सड़क एवं भवन, श्री पिनिपे विश्वरूप को परिवहन, श्री सी.एच वेनोगोपालकृष्ण पिछड़ा वर्ग कल्याण, सूचना एवं जनसम्पर्क और छायांकन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## हिसार में दोहरा हत्याकांड : विरोध में व्यापारियों ने किया बाजार बंद

एजेंसी

हिसार। हरियाणा के हिसार में एक युवक और उसकी मां की हत्या की घटना के विरोध में डोगरान बाजार के दुकानदारों ने सोमवार को हड़ताल रखी।

जिले में कल शाम डोगरान बाजार में पर्दे की दुकान पर कार्य करने वाले सुमित मित्तल नामक युवक की सूए से गोदकर और गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। बाद में हमलावर सुमित के घर गए और वहां उसकी मां उषा के सिर और छाती में बर्फ काटने वाले सूए से वार कर हत्या कर दी। दोनों की हत्या का संदेह पड़ोसी संदीप पर है, जिसकी पत्नी निशा उससे अलग होने के बाद आठ महीने से सुमित के साथ रह रही थीं। निशा और सुमित शादी करने वाले थे हालांकि निशा का संदीप से तलाक नहीं हो पाया था।

पुलिस ने संदीप समेत दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और पुलिस के अनुसार आरोपियों की तलाश जारी है। इस बीच, आज नागरिक अस्पताल में दोनों के शवों के पोस्टमार्टम को लेकर कागजी कार्रवाई पूरी की गई। दिवंगत सुमित के भाई अमित मित्तल ने मुर्दाघर के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह दोनों में से कोई भी शव तब तक नहीं ले जाएंगे जब तक हत्यारे गिरफ्तार नहीं हो जाते।

डोगरान बाजार में हड़ताल के दौरान हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने आरोप लगाया हरियाणा में जंगल राज कायम है।

गर्ग ने सरकार से पीड़ित परिवार को एक करोड़

## शार्ट न्यूज

### पैसिफिक डी21 मॉल में दलेर मेहंदी के मंत्रमुग्ध प्रदर्शन के साथ बैसाखी का कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। पैसिफिक डी21 मॉल ने एडीआरएफ और द्वारका कनेक्ट्स के सहयोग से मॉल परिसर में बैशाखी कार्यक्रम का आयोजन किया। बैसाखी इस उत्सव में हिस्सा लेने के लिए लगभग 1500 से अधिक लोगों ने पूर्व-पंजीकरण कराया था। बैसाखी कार्यक्रम में एसडीएम द्वारका, एडीएम मुख्यालय, डीएम पश्चिम दिल्ली, एसडीएम रेवाड़ी, डिप्टी चीफ डीडीएमए, डीसीपी डीएमआरसी पुलिस और सीनियर डीजीएम डीएमआरसी भी उपस्थिति हुए। लोकप्रिय भारतीय गायक और गीतकार दलेर मेहंदी ने अपने शानदार संगीत प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने मस्ती भरे गानों से लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। पैसिफिक ग्रुप ने सुनिश्चित किया कि सभी लोग कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करें और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी सुरक्षा उपाय किए गए कि इस आयोजन में कोई भगदड़ या हंगामा न हो। इस कार्यक्रम के दौरान, पैसिफिक ग्रुप के कार्यकारी निदेशक, अभिषेक बंसल ने कहा, हम बैसाखी कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी लोगों का धन्यवाद देना चाहते हैं। बैसाखी एक पवित्र त्योहार है जो फसल की पूर्णता एवं खुशहाली का प्रतीक है और देश भर के किसानों के लिए इसका जबरदस्त महत्व है। हम अपने भाइयों के उत्सव में दिल से शामिल होना चाहते थे। बैसाखी के आयोजन ने जो लोगों को बड़े पैमाने पर आकर्षित किया, इससे हम उत्साहित हैं। इस सफल आयोजन के लिए मैं टीम और यहाँ आए सभी लोगों को धन्यवाद् देता हूं।

### बिसरख पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने रविवार को एक अभियुक्त निलेश पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बडा फतेहपुर थाना मऊ दरवाजा जिला फरुखाबाद उत्तर प्रदेश को सुपर कास्ट फैक्ट्री के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### पुलिस ने दो मोटरसाइकिल चोरों को किया गिरफ्तार, कब्जे से चार मोटरसाइकिल बरामद

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने रविवार को हनुमान चौक से भूटानी की तरफ जाने वाला सर्विस रोड से दो वाहन चोर साजन पुत्र मिश्री निवासी सनी बाजार के पास ग्राम कनावनी थाना इन्द्रापुरम जिला गाजियाबाद, सुमित पुत्र असीम निवासी आम्रपाली स्कूल के पास ग्राम कनावनी थाना इन्द्रापुरम जिला गाजियाबाद को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की चार मोटर साइकिल बरामद की है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के वाहन चोर हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए अप्रेंटिस प्राप्त करने के लिए एक और सुनहरा अवसर

**ग्रेटर नोएडा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा के प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई पास अभ्यार्थियों के लिए आगामी 21 अप्रैल को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ई-1 सेक्टर 31 निठारी नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर में बृहद अपरेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अभ्यार्थी सुबह 10 से शाम 3 बजे तक अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं छाया प्रति के साथ मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में जनपद गौतमबुद्धनगर कि लगभग 40 कंपनी सैमसंग, एक्सीडी, यामाहा इंडिया लिमिटेड, सिस्कॉम कॉरपोरेशन, डिक्शन लिमिटेड, नोबलको लिमिटेड, डेंसो इंडिया लिमिटेड, ग्रैजियानो, सी एन एच, मिंडा ग्रुप आदि कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। अत: आईटीआई पास अभ्यर्थी आयोजित होने वाले अप्रेंटिस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अप्रेंटिस मेले का लाभ उठाएं।

### भाकियू भानू ने नवनियुक्त जेवर कोतवाली प्रभारी का किया स्वागत, क्षेत्रीय समस्याओं से भी कराया अवगत

**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारी सोमवार को क्षेत्रीय समस्याओं के संदर्भ में जेवर कोतवाली पहुंच गए। जहाँ पर भाकियू भानू के पदाधिकारियों ने हाल में ही कोतवाली का चार्ज संभालने वाले कोतवाली प्रभारी अंजनी कुमार सिंह का स्वागत किया।और क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर भूदेव सिंह, महेंद्र चौधरी,विजेन्द्र सिंह, बृहमपाल सिंह,संजीव छौंकर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, सतवीर सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि, बृजेश भाटी राष्ट्रीय प्रवक्ता,जयकुमार राष्ट्रीय सचिव,धीरज प्रदेश उपाध्यक्ष,कपिल भाटी, नरेश ठाकुर मंडल उपाध्यक्ष युवा,पिंटू चौधरी,ऊदल सिंह तहसील अध्यक्ष,संजीव राणा, कालू पंडित,गगन सिंह, चंदर सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### 18 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे ऑटो और कैब चालक, सीएनजी पर 35 रुपये प्रतिकिलो सब्सिडी की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ऑटो, टैक्सी और कैब चालकों ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय पर प्रदर्शन किया और सीएनजी के बढ़ते दामों से राहत पाने के लिए सरकार से सब्सिडी देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे 18 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। यह प्रदर्शन दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के बैनर तले किया गया। हालांकि, प्रदर्शन के बावजूद कई ऑटो, टैक्सी और कैब को दिल्ली की सड़कों पर चलते देखा गया। दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के महासचिव राजेंद्र सोनी ने कहा कि सीएनजी की कीमत में की गई अभूतपूर्व बढ़ोतरी ने ऑटो और कैब चालकों की कमर तोड़ दी है। सोनी ने कहा कि सीएनजी अब 69 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक कीमत पर बिक रही है जो अभूतपूर्व है। हम केंद्र और राज्य सरकार से मांग कर रहे है कि वह सीएनजी पर 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सब्सिडी दे ताकि हम जिंदा रह सकें। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो हम 18 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। सोनी ने कहा कि पिछले हफ्ते उनके संगठन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीएनजी पर 35 रुपये की सब्सिडी देने के लिए लिखा था, लेकिन अब तक उनका कोई जवाब नहीं आया है।

### जवान के खाते से 90 हजार रुपए निकाले

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट स्थित बीएसएफ कैंप में तैनात जवान के साथ धोखाधड़ी कर खाते से 90 हजार रुपखये निकालने का मामला सामने आया है। जवान ने टीवी का रिचार्ज फेल होने पर गूगल से कस्टमर केयर नंबर निकाल कर कॉल की थी। कॉलर ने एप डाउनलोड कराकर ठगी की। पीड़ित जवान ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। पंजाब के रहने वाले भूपेंद्र सिंह ग्रेनो वेस्ट स्थित बीएसएफ कैंप में बतौर सिपाही तैनात हैं। उन्होंने अपने घर के टीवी को मोबाइल से रिचार्ज किया था लेकिन थोड़ी देर बाद रिचार्ज फेल दिखाने लगा जबकि उनके खाते से 360 कट गए। उन्होंने कंपनी के कस्टमर केयर पर कॉल के लिए गूगल से नंबर निकाला।

# रमेश बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार के 5 स्कूलों का निरीक्षण किया

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार के स्कूलों की पोल खोलने के लिए सुबह दिल्ली सरकार के लगभग 5 स्कूलों का निरीक्षण किया । सांसद बिधूड़ी ने कहा कोरोना के लंबे समय के बाद बच्चों के भविष्य की चिंता स्कूलों में की जाती है। लेकिन दक्षिण दिल्ली के स्कूलों का निरीक्षण करने के बाद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री के बयान की दुनिया के वर्ल्ड क्लास स्कूल में दिल्ली में बनाए हैं। दिल्ली के अधिकतर स्कूलों में किसी भी क्षेत्र के चले जाएं बदरपुर विधानसभा से लेकर तुगलकाबाद ,संगम विहार, देवली कही भी चले जाए। स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में अध्यापक ही नहीं है। स्कूलों में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है । स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर, खिड़कियां, डेस्क, बिल्डिंग, जर्जर हालत में है। कुछ नई बिल्डिंग बनाने का जो ढोंग किया गया वह उन्हीं बिल्डिंगों को तोड़कर जो मात्र 2 साल पहले कुछ भवन बनाए गए थे उनको 2 साल के पीरियड में ही तोड़कर अपने कुछ चहेते लोगों को ठेके देने की मानसिकता से केजरीवाल साहब ने कंस्ट्रक्शन पर दे दिया द्य दिल्ली के किसी भी स्कूल में पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मचारियों की व्यवस्था नहीं है जिस से पूर्ण रूप से सफाई की जा सके ऐसे एनवायरमेंट में बच्चे कैसे पढ

सकते हैं। सांसद रमेश बिधूड़ी ने बताया की सबसे पहले उन्होंने सुबह 8ः00 बजे इन स्कूलों में दौरा किया राजकीय उच्च माध्यमिक बाल विद्यालय नंबर दो रेलवे कॉलोनी ,मोलरबंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल नंबर 1,2,3 और 5 , बच्चन प्रसाद सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवली उसके बाद मजबूरी में मीडिया के बंधुओं को ले जाकर दिखाना पड़ा अगर हम बात कहेंगे तो लोग समझेंगे कि यह राजनीतिक भावना से बोल रहे हैं। लेकिन आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों की हालत देखकर लगा कि गरीबों के बच्चों को कैसे धोखा दिया जा रहा है पढ़ाई के नाम पर। जो लोग जिनके अपने बच्चे इन स्कूलों में नहीं पड़ते हैं वह लोग यह धारणा बनाने लगे हैं की शायद स्कूल बहुत अच्छे कर दिए होंगे जब मुख्यमंत्री ऐसी बातें बोलते हैं क्योंकि दिल्ली के विचारक बहुत बड़े अपने आपको पंडित समझने वाले लोग ,वह भी है यह भाषा बोलने लगे दिल्ली के स्कूलों की कायाकल्प कर दी है। जबकि हकीकत मौके पर जाकर देखने से तथ्यों से परे मिला।

ऊपर से सरकार ने प्रधानाचार्य को डांट लगाकर और आनन-फानन में उन स्कूलों पर कागज चिपकवा दिए की रूम अंडर कंस्ट्रक्शन जबकि सांसद बिधूड़ी ने बताया कि वह वहां सुबह 8 बजे भी गए थे उस समय स्कूलों में बच्चे पढ़ रहे थे जिन कि मेरे पास वीडियो है और बाद में आनन-फानन में दोपहर तक सभी स्कूलों में जाने के बाद पता लगा कि बीजेपी का सांसद स्कूल में घूम रहा है टीचरों ने व प्रधानाचार्य ने स्वयं को सरकार एजेंट शो करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन न करते हुए सरकार का एजेंट शो करते हुए एक दूसरे स्कूल मे टेलीफोन कर कर के बताया तो उन्होंने आनन फानन मे कागजों पर ही लिख कर चिपका दिया किरूम अंडर कंस्ट्रक्शन ऐसा कर के लिख दिए जबकि चिपकाए जाने से पहले वहां पर ऐसा कुछ भी नहीं था।

## पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत तीन शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार

नोयडा। थाना सेक्टर 20 पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ के उपरांत तीन शातिर लुटेरों रियान उर्फ मोना पुत्र मुस्ताक उर्फ मुस्तफा निवासी ग्राम कमालपुर थाना कोतवाली देहात जिला बुलंदशहर, विकास पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी मकान नंबर 422 न्यू कृष्णा नगर थाना विजय नगर गाजियाबाद, चमन पुत्र इंद्रजीत सिंह निवासी ग्राम शिवाली थाना जहांगीराबाद जिला बुलंदशहर हाल पता गुर्जर कॉलोनी कस्बा व थाना कासना गौतमबुद्धनगर को डीएलएफ मॉल के सामने नाले के किनारे के पास से गिरफ्तार कर लिया।जबकि इनके दो अन्य साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त रियान और विकास पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। जिनको पुलिस द्वारा उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक लूटा हुआ मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल केटीएम बिना नंबर चोरी की,एक मोटरसाइकिल अपाचे बिना नंबर चोरी की और तीन तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय चार कारतूस जिन्दा व तीन कारतूस खोका बरामद किए हैं।बरामद मोटरसाइकिल केटीएम वेनिस मॉल के पास से चोरी की गई थी तथा अपाचे मोटरसाइकिल इनके द्वारा कवि नगर गाजियाबाद क्षेत्र से चोरी की गई थी। उक्त अपराधी पहले मोटरसाइकिल की चोरी करते हैं इसके बाद इन्हीं चोरी की गई मोटरसाइकिलों का प्रयोग मोबाइल फोन व चेन छीनने की घटनाओं में प्रयोग करते हैं। गिरफ्तार अपराधी शातिर लुटेरे हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## खोदना खुर्द और खोदना कलां में चला प्राधिकरण का बुलडोजर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार को खोदना खुर्द और खोदना कला में भूमाफिया के खिलाफ अभियान चलाया। प्राधिकरण की टीम ने बुलडोजर चलाकर करीब 15 हजार वर्ग मीटर जमीन भूमाफिया के चंगुल से खाली कराई। इसकी कीमत करीब 20 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस जमीन पर किसानों को छह फीसदी आवासीय भूखंड दिए जाने हैं। प्राधिकरण ने जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराने की चेतावनी दी है।

प्राधिकरण के जीएम एके अरोड़ा और डीजीएम केआर वर्मा के नेतृत्व में टीम सुबह करीब 10 बजे खोदना खुर्द पहुंच गई और पांच जेसीबी के जरिए करीब 15 हजार वर्ग मीटर जमीन खाली करा ली। इस जमीन पर कॉलोनाइजर बाउंड्री बनाकर कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण के अधिकारियों ने साफ कहा कि किसी भी व्यक्ति को प्राधिकरण की जमीन कब्जाने का अधिकार नहीं है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक श्यौदान सिंह, इंस्पेक्टर अजय यादव समेत आसपास के कई थानों की पुलिस व रैपिड ऐक्शन फोर्स भी तैनात रही।

## दो महीने बाद दिल्ली में कोरोना की संक्रमण दर ढाई प्रतिशत से अधिक, जानें कितने नए केस आए सामने

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कोरोना की संक्रमण दर लगातार बढ़ रही है। सोमवार को यह आंकड़ा बढ़कर 2.7 फीसदी पहुंच गया जो 5 फरवरी के बाद सबसे ज्यादा है। हालांकि संक्रमित पाए गए मरीजों की संख्या कम है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सोमवार को कोरोना के 137 नए मामले पाए गए, वहीं 144 मरीजों को छुट्टी दी गई। राहत की बात है कि किसी मरीज ने कोरोना के कारण दम नहीं तोड़ा। दिल्ली में रविवार को कोरोना की जांच के लिए 5079 टेस्ट हुए जिसमें 2.70 फीसदी मरीज संक्रमित पाए गए। दिल्ली में कोरोना से अभी तक 18,66,380 लोग संक्रमित हो गए हैं। इनमें से 18,39,622 मरीज ठीक हो गए, जबकि 26,157 मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। दिल्ली में कोरोना से मृत्युदर 1.4 फीसदी है। विभाग के अनुसार दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मरीज बढ़कर 601 हो गए हैं। इनमें से होम आइसोलेशन में 447 और अस्पतालों में 17 मरीज भर्ती हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीजों में से आईसीयू में 5, ऑक्सीज सपोर्ट पर 6 मरीज भर्ती हैं। दिल्ली में बढ़ते मामलों के बीच कंटेनमेंट जोन की संख्या घटकर 741 रह गई है।

## शिक्षित युवा बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जनपद में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना संचालित

ग्रेटर नोएडा। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र गौतम बुद्ध ने जनपद के शिक्षित युवा बेरोजगारों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से नवीन उद्योग/उद्यम स्थापित करने के लिए जनपद में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2022-23 में पात्रता रखने वाले पुरुष/महिला उद्यमी निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी आवेदक को आवेदन पत्र भरने में कोई कठिनाई होती है तो कार्यालय में स्थापित हेल्पडेस्क से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने पात्रता के संबंध में बताया कि आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा जनपद का कम से कम 3 वर्ष निवासी हो, जिसकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष तक होनी चाहिए एवं हाई स्कूल पास हो।

आवेदक द्वारा पूर्व में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार योजना, वर्तमान में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, समाजवादी युवा स्वरोजगार योजना या केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य किसी स्वरोजगार योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त न किया हो।

वह किसी सरकारी संस्था/बैंक का डिफॉल्टर न हो। आवेदक द्वारा पात्रता की शर्तों को पूर्ण किए जाने के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। योजना के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों द्वारा परियोजना लागत का 10त्न अपने अंशदान के रूप में जमा करना होगा। विशेष श्रेणी के लाभार्थियों यथा अनु0 जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला एवं विकलांगजन के लिए अंशदान की सीमा कुल परियोजना लागत की 5त्न होगी।

योजना के अंतर्गत राष्ट्रीयकृत बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा वित्त पोषण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना की विस्तृत जानकारी तथा आवेदन प्राप्त करने के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त किए जा सकते हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नवनियुक्त पराविधिक स्वयं सेवकों का तृतीय प्रशिक्षण सत्र का गलगोटिया विश्वविद्यालय में किया गया आयोजन

ग्रेटर नोएडा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर में नवनियुक्त पराविधिक स्वयं सेवकों के प्रशिक्षण संबंधी इन्डक्सन कोर्स का आयोजन रविवार को गलगोटिया विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। वेदप्रकाश वर्मा अपर जिला न्यायाधीश ने बताया कि पीएलवी के रुप में कार्य करते हुये समाज के कमजोर व वंचित वर्गो के समस्याओं को समझने तथा उन समस्याओ का समाधान करते हुये व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होगा जो विधि के छात्रों के लिये

पढाई के साथ साथ समाज के समस्याओं को समझने में सहायक होगा। राजीव कुमार वत्स अपर जिला जज ने कहा कि पीएलवी के रूप में काम करने से कानून के छात्रों को एक अलग तरह का अनुभव प्राप्त होगा। जिससे आगे उन्हे धरातल पर काम करने से कानून के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। न्यायमूर्ति जे आर मिधा( रिटायर्ड) उच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा पराविधिक स्वंय सेवकगण को क्रिमिनल लॉ एवं एससी /एसटी एक्ट के बाबत विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। नितिका महाजन द्वारा फैमिली लॉ के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में न्यायमूर्ति जे आर मिधा( रिटायर्ड)उच्च न्यायालय नई दिल्ली,वेदप्रकाश वर्मा अपर जिला जज प्रथम, राजीव कुमार वत्स अपर जिला जज, नितिका महाजन सिविल जज जूनियर डिविजन, गलगोटिया विश्वविद्यालय की डायेरक्टर,अराधना गलगोटिया डीन स्कूल आफ लॉ, डॉ श्रीमती नमीता सिंह मलिक,लॉ कॉलिज से आये सम्मानित प्रोफेसर, प्रभारी विधिक सहायता केन्द्र, विधि छात्र एवं पराविधिक विधिक स्वंय सेवकगण एवं स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## तेज आवाज में संगीत बजाने का विरोध करने पर मारपीट

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की सुपरटेक इको विलेज तीन सोसाइटी में रविवार की रात माता के जागरण में जमकर हंगामा हुआ। सोसाइटी में रहने वाले मीडियाकर्मी ने म्यूजिक की आवाज धीमी करने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात को लेकर जागरण में मौजूद लोगों ने उन पर हमला कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। सोसाइटी निवासी अंकिता शर्मा ने बताया कि रविवार की रात परिसर में माता का जागरण था। देर रात उनके पति सौरभ शर्मा ने जागरण करवा रहे समिति के लोगों से म्यूजिक की आवाज धीमी करने के लिए कहा। अंकिता शर्मा का आरोप है कि इसी बात को लेकर जागरण में मौजूद लोगों ने परिवार पर हमला कर दिया। जागरण में लोग शराब पीकर डांस कर रहे थे। दंपति ने इस मामले में बिसरख कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। बिसरख कोतवाली प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार की देर रात पुलिस को सोसाइटी में झगड़े की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि जागरण में तेज आवाज में म्यूजिक बजाने को लेकर विवाद हुआ है।

## नोएडा : चार बाइक सवार बदमाशों ने कलेक्शन एजेंट से लूटे आठ लाख रुपये

एजेंसी

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-88 में फूल मंडी गेट के बाहर सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार चार बदमाशों ने कलेक्शन एजेंट से आठ लाख रुपये लूट लिए। इस संबंध में पीड़ित ने फेज 2 थाने में केस दर्ज कराया गया है।

बागपत के रहने वाले जोगेंद्र मंडी से दुकानदारों से नकदी का कलेक्शन कर उसे सम्बंधित कंपनी मालिक तक पहुंचाता है। वह सोमवार शाम साढ़े चार बजे सेक्टर 88 सब्जी मंडी के दुकानदारों से पैसे लेने आया था। आठ लाख रुपये लेकर वह बाइक से जैसे ही मंडी के गेट के सामने वाली सड़क पर पहुंचा तभी पीछे से दो बाइक पर सवार चार बदमाश आए। एक बदमाश ने बाइक आगे लगाई और एक ने पीछे लगा ली। इसी बीच पीछे वाली बाइक पर सवार बदमाश ने जोगेंद्र के सिर पर डंडे से वार किया। एक के बाद एक कई वार से पीड़ित बेसुध हो गया। फिर बदमाश पैसे से भरा बैग लेकर फरार हो गए। होश में आने के बाद पीड़ित ने पुलिस को वारदात की सूचना दी।

### पैसा पहुंचाने पर मिलता है कमीशन

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह मंडी से रोजाना पांच से आठ लाख रुपये का कलेक्शन करता है। यहां से पैसे को दुकान पर सामान सप्लाई करने वाली कंपनी मालिक तक पहुंचा देता है। इसके एवज में उसे कमीशन मिलता है। वह करीब एक साल से काम कर रहा है।

### पुलिस बोली, लूट का मामला संदिग्ध

एसीपी अब्दुल कादिर ने बताया कि मामला अभी संदिग्ध है। मंडी की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई है। जोगेंद्र ने लूट के बाद कई लोगों से मोबाइल पर बात की। इस दौरान उसने किसी से लूट का जिक्र नहीं किया। पुलिस को दो घंटे बाद मामले की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर मामले की जांच कर रही है। जल्द पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। इस मामले में कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस के गश्त के दावे की खुली पोल

पुलिस शहर में दिन, रात लगातार गश्त के दावे करती है। अभी तो पीसीआर, पीआरवी, स्थानीय पुलिस के साथ साथ महिला सुरक्षा से लेकर एंटी रोमियो की टीमों के भी सड़क पर रहने का दावा किया जा रहा है। इसके बाद भी दिनदहाड़े साढ़े आठ लाख की लूट ने इस दावे की पोल खोल दी है।

## शॉर्ट सर्किट से फ्लैट में लगी आग, दम घुटकर दो साल की बच्ची की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में राजनगर एक्सटेंशन की रिवर हाईट्स सोसाइटी के फ्लैट में सोमवार शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से फ्लैट में उठे धुएं के गुबार से महिला व उसकी दो बेटियां अचेत हो गईं। अस्पताल ले जाने पर दो वर्षीय बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि मां व चार वर्षीय बेटी की हालत गंभीर बनी हुआ है।

रिवर हाईट्स सोसाइटी के थ्री-बी प्रथम तल के फ्लैट संख्या 114 में ललित वर्मा पेशे से अधिवक्ता हैं। वह पत्नी श्वेता वर्मा, दो बेटियों दिव्यांशी (4) तथा भूमि (2) के साथ फ्लैट में रहते हैं। सोमवार को वह अपने काम पर गए हुए थे, जबकि पत्नी व बेटियां फ्लैट पर थे। शाम के वक्त मां-बेटियां बेड पर सो रही थीं। शाम करीब साढ़े पांच बजे दूसरी मंजिल पर रहने वाले अरूण शर्मा ने ललित वर्मा के फ्लैट से धुआं निकलता देख आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुबोध त्यागी को फोन किया। सुबोध त्यागी मेंटिनेंस के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे तो फ्लैट का

दरवाजा अंदर से बंद था। बालकनी की तरफ सीढ़ी लगाकर कटर से लोहे का दरवाजा काटा तो अंदर धुएं का गुबार था। जैसे-तैसे लोगों ने श्वेता वर्मा और उनकी दोनों बेटियों को सीढ़ी से नीचे उतारकर संजयनगर सेक्टर-23 स्थित संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया।

हालत नाजुक होने के कारण तीनों को नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो वर्षीय भूमि को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि श्वेता और दिव्यांशी की हालत भी गंभीर बनी हुई है।

### गीजर या एलईडी में आग से हादसे का अंदेशा

मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दमकल की टीम पहुंचने से पहले ही आग बुझ चुकी थी। धुएं से दम घुटकर बच्ची की मौत हुई है। फ्लैट में गैज गीजर के पाइप और एलईडी जले मिले। अंदेशा है कि गीजर से आग लगी है या एलईडी में शॉर्ट सर्किट से हादसा हुआ है। नंदग्राम एसएचओ अमित कुमार का कहना है कि मृतक बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

## संपादकीय

# सामाजिक समरसता बिगाड़ने की हो रही कोशिश

हरियाणा के मंत्री अनिल बैज के आम आदमी पार्टी को बच्चा पार्टी बताए जाने वाले बयान का जिक्र करते हुए कहा कि कहीं ना कहीं पार्टी में अभी अपरिपक्वता दिखाई देती है। उसके नेताओं को काम करने की आवश्यकता है। देश में फिलहाल कई मुद्दों को लेकर हलचल तेज है। महंगाई, रूस-यूक्रेन युद्ध और साथ ही साथ पाकिस्तान के मुद्दे को लेकर हर चौक-चौराहे पर लगातार चर्चा होती रहती है। हालांकि इस सप्ताह के चाय पर समीक्षा में हमने इस बात पर चर्चा की कि आखिर देश में लाउडस्पीकर के जरिए अजान के मुद्दे को लेकर इतना हंगामा क्यों है? इसके अलावा नवरात्रि के समय मीट बैन की मांग आखिर तेज क्यों हो रही है? हमेशा की तरह प्रभासाक्षी के खास कार्यक्रम चाय पर समीक्षा में मौजूद रहे संपादक नीरज कुमार दुबे। लाउडस्पीकर के जरिए अजान और मीट बैन की उठ रही मांगों पर उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह मुद्दे इसलिए उठाए जा रहे हैं ताकि असल मुद्दों से ध्यान भटकाया जा सके। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इन मुद्दों में कोई गंभीरता नहीं है। यह सामाजिक समरसता को बिगाड़ सकते हैं। ऐसे में इन्हें दूर ही रखा जाना चाहिए।

कार्यक्रम में अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए नीरज दुबे ने कहा कि हमारा संविधान सभी को एक दायरे में रहकर धार्मिक प्रक्रिया के पालन करने का अधिकार देता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बताया था कि आप कितने डेसीमल तक लाउडस्पीकर को बजा सकते हैं। जाहिर सी बात है सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का मकसद साफ और साफ तौर पर यह था कि लाउडस्पीकर की वजह से किसी को असुविधा नहीं हो और आप अपने धार्मिक अनुष्ठान को भी पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह के विवाद उठेंगे और सामने हमारा यह कहा जाएगा कि हम लाउडस्पीकर के जरिए अपने धर्म की बात करेंगे तो वही दूसरा पक्ष भी जबरदस्ती इसके पलटवार में लाउडस्पीकर लगाएगा जो कि किसी भी समाज के लिए सही नहीं है। यही कारण है कि एक संवैधानिक दायरे में रहकर हम सभी को अपने धार्मिक अनुष्ठान को पूरा करना चाहिए।

नवरात्रि में मीट की दुकानों को बंद करने की उठ रही मांग पर भी नीरज दुबे ने अपनी बात रखी। नीरज दुबे ने इसको लेकर यह कहा कि जाहिर सी बात है कि नवरात्रि हिंदुओं का बड़ा त्यौहार है। इस दौरान ज्यादातर हिंदू व्रत रखते हैं। ऐसे में मीट की खपत कम हो जाती है। हालांकि इस बार नवरात्रि और रमजान एक साथ ही है। यही वजह है कि मीट की दुकानों को बंद करने का मुद्दा उछाला जा रहा है। इन मुद्दों पर आपसी बातचीत से हल निकाला जा सकता है। इस पर राजनीति करने की कोई आवश्यकता नहीं होती है। नवरात्रि के समय पहले भी दुकानें बंद रहा करती थी। लेकिन इस बार इस को हवा देने की कोशिश की जा रही है। नीरज दुबे ने कहा कि मीट की दुकानों को बंद करने का आदेश अचानक देने से दुकानदारों को नुकसान होता है। आप इसके लिए 10 से 15 दिन पहले ही उन्हें बता दें ताकि वह अपने स्टोक को कम रखें। ऐसे में उन्हें नुकसान भी नहीं होगा। लेकिन नीरज दुबे ने इस बात पर ज्यादा जोर दिया कि इस तरह के फैसले जब भी हो, वह बातचीत के आधार पर हो। इसमें जबरदस्ती करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

राजनीतिक मुद्दे पर बात करते हुए हमने यह सवाल किया कि आखिर जिस तरीके से पंजाब में जीत से उत्साहित आम आदमी पार्टी लगातार दूसरे राज्यों में विस्तार की कोशिश कर रही है, उससे उसको कितना फायदा होगा? जवाब में नीरज दुबे ने यह कहा कि मुझे लगता है कि आम आदमी पार्टी एक राजनीतिक पार्टी है और उसे किसी भी राज्य में अपनी पार्टी को विस्तार करने का हक है। लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि आप मुफ्त की राजनीति करके अपनी पार्टी का विस्तार करने की कोशिश कर रही हैं तो यह देश के लिए घातक साबित हो सकता है। उन्होंने हरियाणा के मंत्री अनिल बैज के आम आदमी पार्टी को बच्चा पार्टी बताए जाने वाले बयान का जिक्र करते हुए कहा कि कहीं ना कहीं पार्टी में अभी अपरिपक्वता दिखाई देती है। उसके नेताओं को काम करने की आवश्यकता है। पर वे ज्यादा चुनावों में व्यस्त होते जा रहे हैं। पंजाब में सरकार बने अभी महीने दिन भी पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन भगवंत मान हिमाचल और गुजरात के दौरे कर रहे हैं।

# अंग्रेजी हटाओ का नारा देकर गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा साहसिक काम किया है

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**हिंदी के प्रचलन से यदि किसी अहिंदीभाषी को कोई नुकसान होता हो तो मैं उसका सख्त विरोध करूंगा। अमित शाह अपने भाषण में जरा यह कह देते कि अंग्रेजी हटाओ और उसकी जगह भारतीय भाषाएं लाओ तो इस वक्त जो तूफान उठ खड़ा हुआ है, वह नहीं होता।**

गृहमंत्री अमित शाह ने वह बात कह दी, जो भारत के लिए महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया कहा करते थे। शाह ने संसदीय राजभाषा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के नागरिकों को परस्पर संवाद के लिए अंग्रेजी की जगह हिंदी का इस्तेमाल करना चाहिए। यानि भारत की संपर्क भाषा अंग्रेजी नहीं, हिंदी होनी चाहिए! इसमें उन्होंने गलत क्या कहा? भारत को आजाद हुए 75 साल हो रहे हैं और हम अभी भी अंग्रेजी की गुलामी कर रहे हैं। अंग्रेजी न केवल भारत के मुट्ठीभर लोगों की भाषा है बल्कि यह भारत की असली राजभाषा है। राजभाषा के नाम पर हिंदी तो शुद्ध ढोंग है। अब भी सरकार के सारे महत्वपूर्ण काम अंग्रेजी में होते हैं।

भारत का कानून, न्याय, राजकाज, उच्च शिक्षण, शोध, चिकित्सा— सब कुछ अंग्रेजी में होता है। हमारे अनपढ़ और अधपढ़ नेताओं में हिम्मत ही नहीं कि वे अंग्रेजी की इस गुलामी को चुनौती दें। अंग्रेजी महारानी बनी हुई है और समस्त भारतीय भाषाएं उसकी नौकरानियां बन चुकी हैं। इस स्थिति को बदलने का काम हिंदी लाओ नहीं, अंग्रेजी हटाओ के नारे से होगा। अमित शाह को मैं बधाई दूंगा कि वे भारत के ऐसे पहले गृहमंत्री हैं, जिन्होंने दो-टूक शब्दों में अंग्रेजी हटाओ का नारा दिया है। अंग्रेजी हटाओ का मतलब यह नहीं है कि अंग्रेजी मिटाओ। जो स्वेच्छा से अंग्रेजी तो क्या, कोई भी विदेशी भाषा पढ़ना चाहे, उसमें काम करना चाहे, जरूर करे लेकिन बस, वह थोपी नहीं जाए। अगर अंग्रेजी थोपी नहीं जाए तो हिंदी थोपना भी उतना ही गलत है।

हिंदी के प्रचलन से यदि किसी अहिंदीभाषी को कोई नुकसान होता हो तो मैं उसका सख्त विरोध करूंगा। अमित शाह अपने भाषण में जरा यह कह देते कि अंग्रेजी हटाओ और उसकी जगह भारतीय भाषाएं लाओ तो इस वक्त जो तूफान उठ खड़ा हुआ है, वह नहीं होता। गुजरातीभाषी अमित शाह के भोलेपन पर कई दक्षिण भारतीय नेताओं को भड़कने का मौका मिल गया। यदि अमित शाह यह कह दें और जो कहें, उसे करें भी कि हिंदीभाषी लोग अन्य भारतीय भाषाएं निष्ठापूर्वक सीखें तो इन अंग्रेजीप्रेमियों की बोलती बंद हो जाएगी। जितने अंग्रेजीप्रेमी दक्षिण भारत में हैं, उससे ज्यादा उत्तर भारत में हैं। ये कितने हैं ? इनकी संख्या मुश्किल से 8-10 करोड़ होगी। ये लोग कौन हैं? इनमें से ज्यादातर शहरी, उच्च जातीय और मालदार लोग हैं। यही देश का शासक-वर्ग है। यदि अंग्रेजी हट गई तो देश के गरीब, ग्रामीण, पिछड़े, वंचित लोगों के लिए उच्च शिक्षा, उच्च सेवा, उच्च पदों, उच्च आय और उच्च जीवन के मार्ग खुल जाएंगे। अंग्रेजों के ज़माने से बंद इन दरवाजों के खुलते ही देश में समतामूलक क्रांति का सूत्रपात अपने आप हो जाएगा। भारत में सच्चा लोकतंत्र कायम हो जाएगा। लोकभाषाओं को आपस में कौन-सी भाषा जोड़ सकती है? वह हिंदी ही हो सकती है? जो संपर्क भाषा के तौर पर हिंदी का विरोध करते हैं, वे अपनी भाषा बोलने वाले के पक्के दुश्मन हैं। गैर-हिंदी प्रदेशों की आम जनता का अंग्रेजी से कुछ लेना-देना नहीं है।

# शहबाज शरीफ का कश्मीर राग दुर्भाग्यपूर्ण

- ललित गर्ग-



पाकिस्तान में एक और सत्ता की तख्ता पलट का नाटक पूरी दुनिया ने देखा। सत्ता में बने रहने के इमरान खान के सारे दांवपेच बेकार साबित हुए। शनिवार देर रात नेशनल असेंबली में बहुमत खो देने के बाद सरकार गिर गई। फिलहाल विपक्ष जीत गया है। सत्ता की कमान अब देश के मंजे हुए राजनेता शाहबाज शरीफ के हाथों में आ गई है। वे तीन बार पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और नवाज शरीफ की गैरमौजूदगी में पार्टी की अगुआई करते रहे हैं। पाकिस्तान के इस घटनाक्रम के बाद देश के राजनेताओं में ज्यादा समझदारी आएगी या दिशाशून्य हो जायेंगे? मालूम नहीं। पक्ष एवं विपक्ष का यह सारा शोर दूसरे को दोषी ठहराने का था और चुप्पी अपने दामन के दाग छिपाने की थी। यह घटनाक्रम सिर्फ किसी को सत्ता से बेदखल करने और किसी को सत्ता हासिल होने के संदर्भ में ही नहीं देखा जाना चाहिए। इसमें इमरान खान ने अपने साथ-साथ पाकिस्तान की भी खूब फजीहत करायी। वह इस तरह बेइज्जत होकर पदमुक्त होने वाले अपने देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। वह चूंकि अपनी पूरी फजीहत कराकर रुखसत हुए हैं, इसलिए उन्हें आने वाले दिनों में राजनीतिक मोर्चे के साथ-साथ प्रशासनिक मोर्चे पर भी खूब संकटों का सामना करना पड़ेगा। उनके विदेश जाने पर एक तरह से रोक लग गई है और उन्होंने अपनी कमजोरिया, गलत नीतियों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की उपेक्षा की वजह से अपने विरोधियों को मौका दे दिया है। दरअसल, जब आप लोकतांत्रिक और सांविधानिक संस्थाओं पर विश्वास करते हैं, तब ये संस्थाएं भी आप पर विश्वास करती हैं और मजबूती देती हैं। लेकिन जिस तरह इमरान ने खुद को बचाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया है, अदालत के आदेश के बावजूद संसद से बचने की अंतिम समय तक कोशिश की है, उससे उन्होंने खुद अपने लिए कांटे बिछा लिए हैं।

पिछले कुछ महीनों के घटनाक्रम और खासतौर से हाल के एक हफ्ते की गतिविधियां बता रही हैं कि पाकिस्तान के भीतर दरअसल चल क्या रहा है। सरकार गिराने के लिए इमरान खान और उनकी पार्टी विदेशी ताकतों पर आरोप लगा रही है। सेना ने पूरे राजनीतिक घटनाक्रम से अपने को अलग रखने की बात कही। और सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि विधायी तंत्र के घटनाक्रम को लेकर देश का सुप्रीम कोर्ट एक सजग प्रहरी के रूप में खड़ा रहा। वरना क्या अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हो पाता? पाकिस्तान की राजनीति में कई नेता नेपथ्य में चले गये हैं पर आभास यही दिला रहे हैं कि हम मंच पर हैं। कई मंच पर खड़े हैं पर लगता है उन्हें कोई 卐प्रोम्प्ट卐 कर रहा है। बात किसी की है, कह कोई रहा है। इससे तो कठपुतली अच्छी जो अपनी तरफ से कुछ नहीं कहती। जो करवाता है, वही करती है। कठपुतली के अलावा कुछ और होने का वह दावा भी नहीं करती। लेकिन पाकिस्तान की सत्ता की स्थिति हर दौर में किसी कठपुतली से कम नहीं होती। क्योंकि कहने को वहां लोकतांत्रिक सरकारें बनती है, लेकिन उन पर नियंत्रण सेना एवं आतंकवादी संगठनों का ही रहता आया है। वैसे भी पाकिस्तान का इतिहास यही रहा है कि वहां सेना किसी की सगी नहीं रही। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि शाहबाज भी सत्ता में तभी तक टिकेंगे, जब तक सेना चाहेगी। वैसे भी पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं। शाहबाज को सत्ता भले मिल गई हो, पर उनके सामने भी वही मुश्किलें और चुनौतियां हैं जो पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री को विरासत में मिलती रही हैं। शाहबाज के सामने चुनौतियां अधिक इसलिये भी है कि वहां की आर्थिक स्थितियां बिखरी हुई है, अमेरिका का संरक्षण भी बिखर चुका है। जनता महंगाई के कारण त्राहि-त्राहि कर रही है।

कहने को पाकिस्तान में लोकतंत्र है, लेकिन लोकतांत्रिक सरकार चलाने के लिए जिस परस्पर बुनियादी विश्वास की जरूरत पड़ती है, इसका अभाव पाकिस्तान में नया नहीं है। क्या इस अविश्वास को अगले प्रधानमंत्री दूर कर पाएंगे? जिन विपक्षी दलों ने एक सरकार को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, उन पर अब जिम्मेदारी है कि मिलकर देश को अच्छी सरकार दें, सुशासन दे, लोकतंत्र को शुद्ध सांसें दे। क्या ऐसा हो पायेगा? भावी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बहुमत जुटाने के अलावा सेना को भी विश्वास में लेकर चलने की मजबूरी कदम-कदम पर झेलनी पड़ेगी। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अगर चौपट न होती, तो शायद इमरान खान को ऐसे न जाना पड़ता। अब शहबाज शरीफ कह रहे हैं कि पाकिस्तान के मुस्कराने के दिन आ गए हैं, क्या वाकई ऐसा है?

विडम्बना तो पाकिस्तान की हमेशा से यही रही है कि अन्दरूनी संकटों का समाधान करने की बजाय वह हमेशा कश्मीर का राग अलापती रही है। आम लोगों के संकटों एवं अभावों को दूर करने की बजाय उसका ध्यान कश्मीर पर ही लगा रहता है। आज उसकी दुर्दशा का कारण भी यही है। शाहबाज शरीफ ने भी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पहले ही जिस तरह कश्मीर राग छेड़ा, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि वह भी इमरान खान की राह पर ही चलेंगे और उनके स्वल्प शासन में किसी रोशनी के अवतरित होने की कोई उम्मीद नजर नहीं आती। कश्मीर का राग भले ही वहां की सरकारों की विवशता हो, ऐसा न करना पाकिस्तान का गद्दार करार दिया जाता हो, लेकिन अब भारत पहले वाला भारत नहीं रहा। कश्मीर की तरफ आंख उठाने का क्या हश्र होता है, इमरान की गति से सहज अनुमान लगाया जा सकता है। कश्मीर का राग अलापने वाले इन्हीं इमरान ने अपने अंतिम भाषण में करीब दो दर्जन बार भारत के गुण गाये, उसे सशक्त बताया, उसकी ओर किसी भी राष्ट्र की आंख उठाने की हिम्मत न करने की बात कही। भले ही शाहबाज शरीफ भारत से शांति चाहते हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इसी के साथ उन्होंने यह भी कह दिया कि यह तभी संभव है, जब कश्मीर मसले का समाधान हो। लेकिन भारत की कश्मीर पर बातचीत करने की कोई दिलचस्पी नहीं है। जबसे अनुच्छेद 370 की कश्मीर में समाप्ति हुई है भारत कश्मीर पर पाकिस्तान से बात करने की जरूरत महसूस ही नहीं करता। भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम कश्मीर पर बात करने को इच्छुक हो सकता है, क्योंकि देरसवेर यह भू-भाग भारत में आना ही है, चाहे बातचीत से आये या अन्य माध्यमों से।

पाकिस्तान अनेक संकटों से घिरा है। वैसे भी पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं। शाहबाज को सत्ता भले मिल गई हो, पर उनके सामने भी वही बड़ी मुश्किलें और चुनौतियां हैं जो पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री को विरासत में मिलती रही हैं, बल्कि इस बार वे ज्यादा उग्र है। महंगाई से मुल्क बेहाल है। अर्थव्यवस्था बेदम है। भ्रष्टाचार चरम पर है। दुनिया भर में पाकिस्तान को सहयोग के नाम पर सन्नाटा पसरा है। यह नहीं भूलना चाहिए कि शाहबाज भी उन्हीं नवाज शरीफ के भाई हैं जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं और पनामा पेपर्स मामले उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। इसके अलावा देश पर लगा आतंकवाद के गढ़ होने का ठप्पा भी अलग तरह के संकट खड़े किए हुए है। साफ है, शाहबाज की राह में भी कांटे ही कांटे हैं। इन कांटों के बीच यदि वह भारत की तरफ आंख उठाता है या कश्मीर राग अलापता है तो उसके संकट गहरे ही होने वाले हैं। इसलिये पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता और शांति कैसे कायम हो, फिलहाल यही सरकार, सेना और सुप्रीम कोर्ट का मुख्य एजेंडा होना चाहिए। नया नेतृत्व अपनी अवाम के प्रति उत्तरदायित्व निभाये तो देश के करोड़ों लोगों के प्रति एक विश्वास और संरक्षण की भावना बढ़ेगी। इसी से पाकिस्तान को बहुत बड़ा सामाजिक, आर्थिक लाभ होगा। उसके साथ व्यवहार एवं व्यापार बढ़ेगा। अन्यथा संकट ही संकट है।

# नीबू-पानी न सही, वादियों में घूमने का सकून तो है

टॉकिंग पॉइंट्स
नरविजय यादव

टॉकिंग पॉइंट्स / नरविजय यादव

जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है, पहाड़ों पर घूमने की चाहत तेज होती जाती है। यही कारण है कि हिल स्टेशन इस समय सैलानियों से गुलजार हो रहे हैं। ऐसे में नीबू पानी की मांग हो रही है, लेकिन नीबू के रेट तो सातवें आसमान पर पहुंच चुके हैं। पिछले साल चक्रवात क्या आया कि गुजरात और महाराष्ट्र में नीबू की खेती को भारी नुकसान हुआ। कोरोना महामारी के दौरान बिक्री नहीं हुई तो आगे और नुकसान से बचने के लिए, किसानों ने नीबू की खेती पर उतना जोर भी नहीं दिया। इस बीच, रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया और पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ गए। नतीजा यह हुआ कि नीबू की पैदावार घट गई और लागत बढ़ गई। नतीजा यह है कि नीबू साढ़े तीन सौ रुपए से लेकर चार सौ रूपए प्रति किलो तक बिक रहा है। नीबू के दाम अब तभी कम होंगे जब फसल की नई खेप आनी शुरू होगी। जो भी हो, पर्यटन उद्योग तो खुश है कि बीते दो साल का घाटा पूरा करने का समय आ गया है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि मौजूदा समय को कश्मीर में पर्यटन का सुनहरा दौर कहा जा सकता है।

पिछले कुछ माह में घाटी में घूमने के लिए 80 लाख से अधिक पर्यटक कश्मीर पहुंचे हैं। बीस साल में ऐसा पहली बार हुआ है। डल झील में इस वक्त 3500 शिकारा पर्यटकों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पर्यटकों की आवाजाही में तीव्र वृद्धि हुई है। एक अनुमान के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में प्रतिदिन 30 हजार से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। हिमाचल जाने वाले पर्यटकों में ज्यादा संख्या पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कलकत्ता और मद्रास के लोगों की है। हालांकि, गुजरात से इस बार पहले की तुलना में कम पर्यटक पहुंचे हैं। शिमला में पिछले दस दिनों में करीब डेढ़ लाख पर्यटक पहुंचे हैं। मनाली में भी हर दिन 10 हजार पर्यटक पहुंच रहे हैं। शिमला के होटलों में रूम ऑक्युपेंसी फिलहाल 30 प्रतिशत चल रही है।

होटल मालिकों को उम्मीद है कि मई का महीना पर्यटन के लिहाज से अच्छा जाएगा। इसी तरह से मसूरी और नैनीताल में भी होटल और सड़कें सैलानियों से भरपूर नजर आ रहे हैं।

विदेशों में पढ़ाई करने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए यूक्रेन त्रासदी एक बड़ी मुसीबत बनकर सामने आई।

बीस हजार से अधिक भारतीय छात्रों को भारत सरकार के प्रयासों से बम और मिसाइलों के बीच से सुरक्षित निकाल कर उनके घरों तक पहुंचा दिया गया। लेकिन इनकी पढ़ाई अधर में लटक गई। हालांकि सरकार का मंथन जारी है कि इन युवाओं की पढ़ाई को आगे कैसे बढ़ाया जाए। इस बीच एक राहत देने वाली खबर आई है। ज्यादा दुविधा में वे छात्र हैं जो फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रहे थे। युद्ध से त्रस्त यूक्रेन की सरकार ने मेडिकल छात्रों को डिग्री देने का भरोसा दिया है, ताकि उनकी बरसों की मेहनत बेकार न चली जाए।

खार्कीव यूनिवर्सिटी की डीन ने एमबीबीएस फाइनल ईयर के छात्रों को भेजे पत्र में कहा है कि -हम रहें न रहें, लेकिन मरने से पहले हम आप लोगों को आपकी डिग्री देने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी डिग्री की सॉफ्ट कॉपी एजेंट को भेज दी जाएगी। ऐसा हो पाता है तो यह सचमुच एक जीवनदायिनी कदम होगा।

# चलो निकालें सप्ताह में एक दिन!

चलो निकालें सप्ताह में एक दिन,
जिसमें खुद का साथ हो,
बस खुद से बात हो,
चाहे दिन या रात हो,
कैसे भी हालात हो!
चलो निकालें सप्ताह में एक दिन,
लफ्ज़ों पर हो कई सवाल,
यह दुनिया है या माया का जाल?
क्या पाया क्या खोया इस साल?
खुद से पूछे खुद का हाल!
चलो निकालें सप्ताह में एक दिन,
पूछें, कितना प्यार खुद से किया?
कितना दर्द गैरों को दिया?
कितना खुलकर हे जिया?
कितनों का है हक लिया?

चलो निकालें सप्ताह में एक दिन,
आईने के सामने बैठे एक बार,
थोड़ी देर के लिए छोड़े श्रृंगार,
जाने कैसे है हमारे आचार विचार?
क्या बाकी है हम में शिष्टाचार?
चलो निकालें सप्ताह में एक दिन,
जाने, खुद को क्या है गम?
किसे ढूंढते हैं हम हरदम?
क्या सही चल रहे हैं हमारे कदम?
कैसा महसूस कर रहे हे हम?
चलो निकालें सप्ताह में एक दिन, पूछें
क्या हमसे यह जमाना है?
जहां हर कोई बेगाना है,
बस धन दौलत ही कमाना है,
और इस दुनिया से एक दिन खाली हाथ जाना है!
चलो निकालें सप्ताह में एक दिन, पूछें
कितनों के हमने घर बसाऐ?
कितनों के घर हमने जलाए?
इंसान बनके हम इस धरती पे आए,
इंसानियत के नाते, क्या हम कुछ कर पाए?

चलो निकालें सप्ताह में एक दिन,
खुद को थोड़ा नजदीक से जाने,
खुद को सबसे ज्यादा पहचाने,
व्यस्त होने के ना करें बहाने,
खुद से मिले हुए जमाने!
चलो निकालें सप्ताह में एक दिन!
चलो निकालें सप्ताह में बस एक दिन!

# टिकाऊ जीवन शैली अपनाएं

**निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न ख़तरों के बारे में जागरूकता पैदा करना ज़रूरी**

**युवाओं में बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य ख़तरों को रेखांकित करना समय की मांग - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - एक ज़माना था जब हमारे घरों में माताएं लकड़ी और कोयले से जलते चूल्हे पर रोटी और चावल पकाते और हम सामने बोरा बिछाकर बैठ देखते थे और पलभर में थाली में भोजन परोसा जाता था और हम ग्रहण कर बाहर प्रकृति की गोद में खटिया पर बैठकर या झाड़ों के बीच चक्कर लगाते या अपने कार्य पर चले जाते थे!!!

यही प्रक्रिया हमारे बड़े बुजुर्गों, पिछली पीढ़ियों और कई गांव शहरों में आज भी शुरू है!और खासियत है कि ऐसे लोगों में किसी भी प्रकार की बीमारी का कोई लक्षण नहीं था, पाश्चात्य संस्कृति का कोई लक्षण नहीं था, सीमित जिंदगी और सुखी जिंदगी की वह स्थिति!! आज उस ज़माने की बात करें कर कहते हैं न जाने कहां गए वो दिन!!

इस प्रकार की पुरानी यादों की बात वरिष्ठ नागरिक करते हैं तो सुनकर बहुत आश्चर्य और अच्छा लगता है!!! उत्साह होता है कि ऐसी सुखी जिंदगी जीने की!! यह थी टिकाऊ जीवन शैली!!

साथियों बात अगर हम वर्तमान जीवन शैली की करें तो इसके लिए उपरोक्त पुरानी टिकाऊ जीवन शैली की चर्चा करना बेहद ज़रूरी था जिसकी प्रित्यक्ष रिपोर्टिंग मैंने बुजुर्गों से की इसी जीवन शैली का नतीज़ा हमारे सामने माननीय पीएम द्वारा उल्लेखित 126 वर्षीय पदम पुरस्कार से सम्मानित बाबा शिवानंद का है जो पूरे विश्व के सामने एक मिसाल कायम है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थकर आहार की करें तो वर्तमान में हम देख रहे हैं कि अनेक चाइनीस फूड, पिज़्ज़ा जैसे सैकड़ों ऐसे फास्ट फूड हैं जिसपर आहार के रूप में हमारी निर्भरता बढ़ गई है हमनें हर दिन या हर दूसरे तीसरे दिन इनको ग्रहण करने के का प्रचलन कायम कर दिए हैं।

हालांकि यह फास्ट फूड ग्रहण करने का हमारा विरोध या टीकाटिप्पणी नहीं है परंतु हमारा उद्देश्य अस्वास्थ्यकर आहरों की आदत से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है क्योंकि अगर हम दशकों पुराने ज़माने और आज के जमाने की निरंतर बढ़ती खाई, अस्वास्थ्यता, बीमारियों का प्रकोप, स्वास्थ्य स्थिरता, शारीरिक कष्ट इत्यादि सैकड़ों स्वास्थ्य खतरों की करें तो यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

अगर हम खासकर वर्तमान पीढ़ी, देश का भविष्य बच्चों और युवाओं को इस बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित नहीं करा पाए तो यह गैप बहुत बढ़ जाएगी और हमारी ओरिजिनल भारतीय आहार संस्कृति, टिकाऊ जीवन शैली, विलुप्तता की ओर बढ़ने लगेगी इसलिए समय आ गया है कि हम युवाओं में इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें सचेत करें।

साथियों बात अगर हम पुरानी टिकाऊ जीवन शैली और वर्तमान जीवन शैली के अंतर की करें तो हमने कई बार सुना होगा,, दादा जी तुम तो पुरानी मज़बूत हड्डियों से बने हो! तुम्हारे पास पुराने ही घी मक्खन की ताकत है!!

तुम पुराने ज़माने के सोने के अंडे खाए!! लाभ पाए हो!!! इत्यादि इत्यादि बातें हम करते हैं जो बिल्कुल सच है परंतु यह असर कोई शक्तिशाली विटामिन का नहीं बल्कि टिकाऊ जीवन शैली, स्वास्थ्यकर आहार, नियमित कसरत, अपार मेहनत, प्रकृति की गोद में बिताए लम्हों की ताकत है जो स्वास्थ्य और शरीरको मजबूत और टिकाऊ बनाए हुए हैं इसीलिए हर बड़े बुजुर्ग का कर्तव्य है कि वह अपने मार्गदर्शन से एक सामाजिक टीम खड़ी कर युवाओं को हेल्दी फूड स्वस्थ्य आहार की आदत, पाश्चात्य जीवन शैली का त्याग, तेजी से बदलती जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों से सबक जैसे अनेक मुद्दों को रेखांकित कर युवाओं को मार्गदर्शन, जन जागरण अभियान चलाकर प्रेरित करें।

साथियों बात अगर हम अस्वास्थ्यकर आहार के खतरों पर देश में बने कानूनों, नियमों, विनियमों, राज्य स्तरीय कानूनों, शासन, प्रशासन की करें तो हालांकि उपभोक्ता कानून सहित अनेक नियमों कानूनों में इस संबंध में सख्त धाराएं हैं परंतु ज़रूरत उस सख्ती के साथकानून लागू करनें की, जनता को जागृत करने की,अधिकारियों में जांबाजी और जज्बे की, जिसके बल पर कुछ कानून का सहारा, कुछ जनजागरण का सहारा, प्रोत्साहन सतर्कता इत्यादि के बल पर हम इन से बचकर एक टिकाऊ जीवन शैली,स्वास्थ्यकर आहार, आदतों को अपनाकर अपने शरीर, स्वास्थ्य, जीवन को सुरक्षित और सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 10 अप्रैल 2022 को माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो इस विषय पर उन्होंने भी कहा, भारत में गैर- संचारी रोगों में वृद्धि की चिंताजनक रूझान को रेखांकित करते हुए उन्होंने निजी क्षेत्र में चिकित्सा संस्थाओं से लोगों, विशेष रूप से युवाओं के बीच एक निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से निष्क्रिय जीवन शैली का त्याग करने और स्वस्थ जीवन जीने का तरीका अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी और तेजी से बदलती जलवायु हमें हमारी आदतों और जीवन के तरीके के बारे में कई सबक सिखाती है। उन्होंने प्रकृति की गोद में अधिक समय व्यतीत करने और अधिक टिकाऊ जीवन शैली अपनाने की अपील की।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि टिकाऊ जीवन शैली अपनाएं।

निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करना ज़रूरी है। युवाओं के बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य ख़तरों को रेखांकित करना समय की मांग है।

## हर उम्र की है पहचान

मत हो परेशान ए दिल नादान
अगर है आप की बढ़ती उम्र
और रखे हो बुढ़ापे में कदम।
तो भी ना परेशान होना
ए दिल नादान
आपकी भी है उतनी ही अहमियत
जितनी अहमियत बचपन में है
बच्चो की है
जवानी में युवाओं की है
उतनी ही अहमियत आपकी बुढ़ापा
में है
आप हो वो पेड़ ,जिसकी छत्रछाया
के नीचे
करते बच्चे जवान सब विश्राम
लेते हैं ठंडी ठंडी हवाओं का सुकून
ओर मन मै भरते है आशा पूर्ण भाव
अगर आप ना रहे तो हम
बिखर जाए ,सूखे पत्तों की तरह
क्यूंकि जब पेड़ ही ना रहेंगे।
डाल कहां से होंगे , पत्ते कहां से रहेंगे
शाखाओं का जुड़ाव एक दूसरे के
साथ
कहां से जुड़े रहेंगे
अगर करता है कोई आपका
अपमान
तो समझ लेना उसने किया है खुद के
आत्मा का अपमान
क्यूंकि जिससे जुड़ा है उसका
अस्तित्व।
उसको ही मिटाने चला है
तो कैसे होगा उसका भविष्य का
निर्माण
जिनके आशीर्वाद से बचपन से कोई
फलता फूलता आया।

## शार्ट न्यूज

### मुख्तार के करीबी गणेश मिश्रा की अवैध कालोनी पर गरजा बुल्डोजर

मऊ । पूर्व विधायक एवं माफिया डान मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश मिश्रा की अवैध कालोनी और प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि मुख्तार अंसारी का करीबी गणेश मिश्रा द्वारा अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति का निवेश कर प्रीति वर्कशीट इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर विजय कुमार आदि के नाम भूमि खरीद कर अवैध तरीके से अवैध कॉलोनी और प्लाटिंग की गई है जिसे ध्वस्त किया गया। उन्होने बताया कि यह भूमि गाटा संख्या 163, 164 ,170 आदि कुल भूमि रकबा लगभग छह एकड़ भूमि पर किया गया है। भूमि का बाजार मूल्य लगभग 60 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। अवैध प्लाटिंग और कॉलोनी विकसित करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है जिनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर अधिशासी अधिकारी ,नगर पालिका तथा इंजीनियर विनियमित क्षेत्र की संयुक्त टीम द्वारा करवाई की जा रही है।

### दीनदयाल वेटेरिनरी यूनिवर्सिटी के छात्रों का आंदोलन तेज

मथुरा। मानदेय बढाने की मांग लेकर दीनदयाल वेटेरिनरी यूनिवर्सिटी के छात्र छात्राओं ने सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी की और झाड़ू भी लगाई। यूनिवर्सिटी के छात्र छात्राएं दो अप्रैल से धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कुलपति जी के सिंह के कहने पर बीच में दो दिन के लिए अपना आंदोलन स्थगित किया था मगर बाद में उन्होंने मौन धरना शुरू कर दिया था। मौन धरना बेअसर होता देख आज से विद्यार्थियों ने अपना आंदोलन तेज कर दिया । उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में न केवल जलूस निकाला और जमकर नारेबाजी की बल्कि विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर झाड़ू भी लगाई। आंदोलनकारी छात्र छात्राओं ने कहा कि उन्हें मिलने वाला चार हजार प्रतिमाह का स्टाइपेन्ड दिहाड़ी मजदूर से भी बहुत कम है क्योंकि यह 33 रूपए प्रतिदिन का होता है। उन्होंने मेडिकल कालेजों के विद्यार्थियों और अन्य प्रदेशों में वेटेरिनरी की शिक्षा ग्रहण करनेवाले विद्यार्थियों को मिलनेवाले स्टाइपेन्ड का विवरण पेश करते हुए सरकार से अपेक्षा की कि वह उनकी मांगों को जल्दी ही पूरा करेंगे।

### ऑल इंडिया कोल्ड चैन सेमिनार में 15 राज्यों के शीतगृह स्वामी करेंगे शिरकत

आगरा। उत्तर प्रदेश की ताजनगरी आगरा में मंगलवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय ऑल इंडिया कोल्ड चैन सेमिनार में 15 राज्यों के 700 शीत गृह स्वामी और विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष राजेश गोयल ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि सेमिनार में 15 राज्यों से लगभग 700 शीत गृह स्वामी और शीत गृह उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। सेमिनार के दौरान दोनों दिन विभिन्न तकनीकी सत्र होंगे। विभिन्न सत्रों में शीत ग्रह खाद्य प्रसंस्करण और सप्लाई चैन इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों, तकनीकों, समस्याओं तथा संभावनाओं पर संबंधित विशेषज्ञ रायशुमारी करेंगे। साथ ही, सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर बिजली की बचत, पर्यावरण व जल संरक्षण, विश्व स्तरीय तकनीक से पानी के खर्च में 90 फ़ीसदी बचत और कृषि उत्पादों के गुणवत्ता परक भंडारण की उचित तकनीक सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ उद्यमियों को मिलेंगी। महासचिव मुकेश अग्रवाल ने बताया कि सेमिनार के दौरान दोनों दिन देश-विदेश की नामचीन कंपनियों द्वारा पाँच दर्जन से अधिक स्टॉल्स पर शीत गृह से संबंधित उपकरणों, उत्पादों और तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। दो दिवसीय सेमिनार में कई राजनीतिक हस्तियाँ शामिल होंगी। प्रदेश सरकार की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य सेमिनार का उद्घाटन करेंगी। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे जबकि 13 अप्रैल को उपमुख्यमंत्री डॉ केशव प्रसाद मौर्य के साथ-साथ कई गणमान्य विधायक सेमिनार में सहभागिता करेंगे।

### संस्कारयुक्त शिक्षा समय की जरूरतः उपाध्याय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा समय की जरूरत है और प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति-2020 लाकर शिक्षा को अधिक रोजगारपरक एवं व्यावहारिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपाध्याय ने लखनऊ के आईटी कॉलेज में सोमवार को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में 1463 पात्र छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण किया। कालेज के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उन्होने आधुनिक एवं डिजिटलाइज होती शिक्षा तथा उसके लिए विद्यार्थियों की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा में संस्कार एवं अनुशासन का अत्यधिक महत्व है। प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति-2020 लाकर शिक्षा को अधिक रोजगारपरक एवं व्यावहारिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्कारयुक्त शिक्षा समय की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि शिक्षक छात्रों को हमारी अतीत की महान गौरवशाली शैक्षणिक परम्परा से परिचित करायें, जिसमें आपाला और गार्गी जैसी विदुषियां नारी शिक्षा के उत्कृष्टता का प्रमाण रही है। श्री उपाध्याय ने कहा कि टैबलेट के द्वारा एक क्लिक में विश्व भर की समस्त सूचनाओं की लाइब्रेरी हमारे हाथ में हैं, लेकिन इसके साथ-साथ हमें भारतीय संस्कारों को भी अपने साथ रखना है। स्मार्टफोन/टैबलेट से छात्र न सिर्फ डिजिटली शिक्षित होंगे बल्कि कोरोना जैसी आपदा में भी निर्बाध रूप से शिक्षा शिक्षण जारी रख सकेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना सरकार एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की शीर्ष वरीयता की योजना है इसमें 100 दिन की कार्ययोजना में 9.74 लाख युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन दिये जायेगे।

### झांसी को बुंदेलखंड के पर्यटन मानचित्र पर उभारने को मंडलायुक्त ने शुरू किया काम

झांसी। बुंदेलखंड के केंद्र बिंदु वीरांगना नगरी झांसी को इस क्षेत्र के पर्यटन के मानचित्र में भी उभारने के लिए मंडलायुक्त डॉ अजय शंकर पांडेय ने काम शुरू कर दिया है। मंडलायुक्त का मानना है कि झांसी पूरे बुन्देलखंड का केन्द्र बिन्दु है। झांसी रेलवे स्टेशन की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि दक्षिण और पश्चिम में भारत की ओर जाने वाली ट्रेने यहीं से होकर ही गुजरती हैं। पर्यटन मानचित्र पर ओरछा, दतिया और खजुराहो को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। इन स्थानों पर जाने के लिए तमाम पर्यटक ट्रेन से झांसी उतरते हैं और ओरछा, दतिया और खजुराहो के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। झांसी पर्यटकों के लिए एक तरह से ट्रांजिट प्वाईन्ट है और इसी को बदलने के लिए उन्होंने काम शुरू किया है। मंडलायुक्त ने झांसी को ट्रांजिट प्वाईन्ट से टूरिस्ट प्वाईन्ट में बदलने की रणनीति पर कार्य शुरू किया है और इसके लिए पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए झांसी के ऐतिहासिक किले को चुना है और कई निर्देश दिये हैं उन्होंने कहा कि किले में होने वाली साउण्ड एण्ड लाईट शो के तहत यह अनोखा कार्यक्रम है , विभिन्न स्थल जैसे म्यूजियम, ऑडीटोरियम्स एवं अन्य स्थलों पर ब्रोशर के माध्यम से साउण्ड एण्ड लाईट एवं लेजर शो की जानकारी दी जाय। झांसी के अलावा ललितपुर, देवगढ़, उरई-जालौन के होटलों में भी साउण्ड एण्ड लाईट एवं लेज़र शो के ब्रोशर एवं वीडियोज़ उपलब्ध कराये गये हैं ताकि पर्यटकों को समुचित जानकारी हो सके। देश के ट्रैवल एण्ड टूरिज्म इंडस्ट्री की प्रमुख एसोसिऐशन्स यथा टीएएआई, आईएटीओ को शो की जानकारी विभिन्न वेबीनार एवं सेमीनार के द्वारा दी जायेगी। शहर के प्रमुख चौराहों पर लगी एलईडी स्क्रीन्स पर भी साउण्ड एण्ड लाईट एवं लेज़र शो के वीडियोज़ प्रसारित किये जायें। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे मध्य प्रदेश के समीपवर्ती जिले जैसे दतिया, ओरछा, खजुराहो एवं ग्वालियर में भी मुख्य होटलों, पर्यटन स्थलों एवं टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स को झांसी किले के साउण्ड एण्ड लाईट एवं लेज़र शो के ब्रोशर एवं वीडियोज़ उपलब्ध कराये जायें। मण्डलायुक्त, की सोच एवं विजन यह है कि झांसी की फसाड लाईट रात्रि में देखने के काबिल होती है। यही नहीं झॉसी फोर्ट में होने वाली साउण्ड एण्ड लाईट शो के तहत यह अनोखा कार्यक्रम है। ऐसे कार्यक्रम देश में गिने-चुने स्थानों पर ही होते हैं। अत: टूरिस्टों को रात्रि में फसाड लाईट देखने तथा साउण्ड एण्ड लाईट शो देखने के कार्यक्रम में टूरिस्टों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग को भी निर्देश दिये हैं।

# झांसी मंडल में कृषि उत्पाद निर्यात की असीम संभावनाएं : मंडलायुक्त

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी मंडलायुक्त डॉ अजय शंकर पांडेय ने सोमवार को कहा कि कृषि निर्यात बुंदेलखंड की उन्नति का आधार है, किसान की उपज का उचित मूल्य मिले आमदनी बढ़े तभी क्षेत्र का और किसान की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा सामाजिक स्तर में भी सुधार आएगा।

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आज आयोजित मंडल स्तरीय कृषि निर्यात नीति निगरानी समिति की बैठक को संबोधित करते हुए डॉ पांडेय ने कहा कि मंडल में कृषि उत्पादों के निर्यात की असीम संभावनाएं हैं कार्य योजना बनाते हुए कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के प्रयास किया जाएं। कृषि निर्यात नीति निगरानी समिति की बैठक का आयोजन नियम तय करने के निर्देश दिए और कहा कि निर्धारित समय पर ही बैठकों का आयोजन किया जाए ताकि किसानों को योजना का लाभ मिल सके।

इस समिति के मुख्य कार्य कृषि उत्पादो के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नये ढांचे की व्यवस्था करना, कृषि फसलो एवं उत्पादों के निर्यात की क्षमता का सदुपयोग करना तथा किसानो एवं अन्य हितधारकों की आय पर्याप्त रूप से बढ़ाना है।

उन्होंने मूंगफली, मटर, सरसों, तुलसी, अदरक एवं हल्दी आदि बुन्देलखंड विशिष्ट उत्पादों को चिह्नित कर एवं उसके चैन बनाकर निर्यात करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने बैठक में ओडी ओपी के अंतर्गत जनपद जालौन में मटर जनपद झांसी में तुलसी एवं जनपद ललितपुर में हल्दी को शामिल करने का सुझाव शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल के तीनों जिले में निर्यातक की संख्या बहुत कम है अत: ऐसे प्रयास किए जाएं जिसमें निर्यातकों की संख्या को बढ़ाया जा सके। मंडल में मात्र चार निर्यातक हैं जिनके कृषि उत्पाद निर्यात किए जा रहे हैं इसमें और संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को चिह्नित करते हुए उन्हें निर्यात नीति से जोड़ा जाए, निर्यात नीति तभी सफल होगी जब किसान अपनी उपज का निर्यात कर सकें।

बैठक में डीडीएम नाबार्ड भूपेश पाल ने बताया कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए वैल्यू चेन बनाने की जरूरत है ताकि झांसी मंडल में क्षमता के अनुसार निर्यात में अपना योगदान कर सकें। बैठक में निर्यात बढ़ाने के लिए कृषकों एवं एफपीओ के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की गयी एवं उन्हें बुन्देलखंड मे कृषि निर्यात को बढ़ाने के लिए एफपीओ द्वारा कृषि उत्पादो की वैल्यू चैन, कोल्ड चैन, प्रसंस्करण इकाई एवं प्रमाणीकरण लैब की आवश्यकता। मण्डलायुक्त द्वारा उक्त प्रस्ताव को शासन स्तर पर भेजने, निर्यातको की संख्या बढ़ाने, बुन्देलखण्ड के स्थानीय उत्पादों को चिह्नित कर निर्यात को बढावा देने के निर्देश दिये गये।

## बांके बिहारी मन्दिर में आज से होगी फूल बंगलों की शुरूआत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में पौराणिक महत्व के नगर मथुरा वृंदावन में स्थित बांके बिहारी मन्दिर में हर साल गर्मी के दौर में परंपरागत तरीके से फूल बंगले बनाये जाने की इस साल शुरूआत मंगलवार से हो रही है। ये फूल बंगले हरियाली अमावस्या तक प्रतिदिन मंदिरों में बनाये जायेंगे।



प्राचीन बांके बिहारी मन्दिर के सेवायत आचार्य शशांक गोस्वामी ने सोमवार को बताया कि वैसे तो ब्रज के लगभग सभी मन्दिरों में ठाकुर जी को फूलों की शीतलता के माध्यम से गर्मी से निजात दिलाने के लिए फूल बंगले बनाये जाते हैं, किंतु बांके बिहारी मन्दिर के फूल बंगले अपनी कलात्मकता के कारण बहुत मशहूर हैं। उन्होंने बताया कि फूल बंगले में बिहारी जी महाराज मन्दिर के जगमोहन में विराजते हैं तथा ये बंगले दो से तीन मंजिल के बनाए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि बिहारी जी के फूल बंगले की दूसरी विशेषता मंदिर में विराजे ठाकुर जी के फूलों से उनके वस्त्रों को भी बेहद आकर्षक तरीके से बनाना है। इन फूल बंगलों में ठाकुर की चीर हरण, कालिया मर्दन, बकासुर वध, द्रोपदी मान रक्षा, गीता उपदेश, गजेन्द्र मोक्ष लीला आदि पौराणिक कथाओं का भी प्रस्तुतीकरण किया जाता है।

सेवायत गोस्वामी के अनुसार फूल बंगलों की शुरूआत स्वामी हरिदास ने की थी जो जंगल से बेला, चमेली ,कनेर , मोंगरा आदि के फूल लाकर ठाकुर का श्रंगार किया करते थे। धीरे धीरे इस परिपाटी में परिवर्तन के साथ सुधार हुआ और अब तो कुछ फूल बंगलों में विदेशी फूल तक प्रयोग किये जाते हैं। पहले फूल बंगले केवल शाम को ही बनाये जाते थे किंतु पिछले कुछ वर्षों से राजभोग सेवा में भी फूल बंगले बनाए जाने लगे हैं। फूल बंगलों के दौरान फुहारों और गुलाब जल की पिचकारियों से वातावरण को शीतल एवं सुगन्धित बनाया जाता है।

उनका कहना था कि फूल बंगला, दरअसल ठाकुर जी की एक विशेष सेवा है, इसका मकसद गर्मी से ठाकुर जी को राहत दिलाना है। इन सेवाओं का खर्च भक्तों द्वारा वहन किया जाता है तथा इसमें ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने वाले पदार्थों का ही भोग भी लगाया जाता है।

## झांसीः मातृ-शिशु मृत्युदर को कम करने की नयी पहल

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए एक और पहल की गई है। अब हर माह की 24 तारीख को भी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए ) दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक ऋषि राज सिंह ने सोमवार को बताया कि इसके तहत स्वास्थ्य महकमा उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं को चिन्हित करेगा।

इन महिलाओं को जांच और इलाज में प्राथमिकता देने के साथ ही उनके लिए उपचार के विशेष प्रबंध भी किए जाएंगे। इसके पूर्व पीएमएसएमए दिवस प्रत्येक माह की नौ तारीख को मनाया जा रहा था, अब इसे विस्तारित किया गया है।

विभिन्न कारणों से जोखिम गर्भावस्था मातृ-शिशु की मृत्यु का कारण बनती हैं। प्रसव पूर्व छोटी-बड़ी कई कमियों का सामने नहीं आ पाना इसकी प्रमुख वजह है। गर्भवती को उच्च रक्तचाप, गंभीर रक्ताल्पता, मधुमेह, दिल की बीमारी, क्षयरोग, मलेरिया आदि की स्थिति में जोखिम बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य ऐसी महिलाओं को प्रसव पूर्व ही चिन्हित कर उपचार करना होगा जिससे कि प्रसव के दौरान खतरनाक स्थिति न बने।

### विवादित बयान देने वाले सपा विधायक का पेट्रोल पंप का लाइसेंस निरस्त

बरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चेताने वाले अंदाज में बयान देने वाले बरेली जिले की भोजीपुरा सीट से सपा विधायक शहजिल इस्लाम की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। उनके पेट्रोल पंप पर बुलडोजर चलाने के बाद अब उसका लाइसेंस भी निरस्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई शर्तों के उल्लंघन पर प्रशासन ने निर्माण की एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) स्वत- निरस्त मानते हुए की है। उधर, डीएम ने भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड यानी बीपीसीएल रिटेल-आउटलेट की डीलरशिप समाप्त कराने के भी आदेश दिए हैं। शहजिल इस्लाम के दिल्ली हाईवे स्थित पेट्रोल पंप को कुछ दिन पहले बरेली विकास प्राधिकरण यानी बीडीए ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त करा दिया। इसके बाद बीडीए उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने डीएम को पेट्रोल पंप की एनओसी निरस्त करने को लिखा था। जिला पूर्ति अधिकारी बरेली नीरज सिंह ने बताया कि पेट्रोल पंप के संचालन से संबंधित एनओसी सशर्त दी गई थी, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया। इसके चलते ही बीडीए ने पिछले दिनों अवैध निर्माण गिरा दिया था। अब पेट्रोल पंप पर बिक्री संबंधी लाइसेंस रद कर दिया गया है।

## सहारनपुर से दो और सहेलियां परिजनों को झांसा देकर घर से फरार हुयी

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में बीते एक माह में दो अलग-अलग घटनाओं में चार सहेलियां अपने परिजनों को झांसा देकर घर से भाग चुकी हैं और इनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

चारों लड़कियों के परिजन बेटियों के घर से अचानक चले जाने से परेशान हैं। ताजा मामला जिले के थाना कस्बा नानौता का है। इस कस्बे के मोहल्ला अफगानान में आसपास रहने वाली 10वीं कक्षा की दो छात्राएं शनिवार को देर रात घर वालों को बिना बताये चली गईं।

थाना प्रभारी नानौता चंद्रसैन सैनी ने सोमवार को बताया कि 09 अप्रैल को रात में लगभग एक बजे दोनों सहेलियां कस्बा नानौता के संजय चौक पर घूम रही थीं।

गश्ती पुलिस दल के दरोगा आशीष ने संदिग्ध हालत मे घूमते इन दोनों लड़कियों से उनके इस वक्त घूमने का कारण पूछा तो दोनों लड़कियों ने कहा कि वह घूमने के लिए आई हैं। परेशानी की कोई बात नहीं है।

पुलिस दोनों लड़कियों को थाने लेकर चली गई और उनके माता पिता को थाने बुलाकर उनकी सुपुदर्गी में दे दिया गया। दोनों लड़कियां अपने घरों को चली गईं। लेकिन उसके बाद ये दोनों लड़कियां अपने परिजनों को फिर से झांसा देकर फरार हो गईं। पुलिस और परिजन उनकी तलाश में लग गए हैं। अब तक उनका कोई पता नहीं चल सका है।

गौरतलब है कि पिछले महीने 20 मार्च को भी थाना एवं कस्बा चिलकाना के मोहल्ला जाकिर हुसैन की रहने वाली दो लड़कियां परिजनों को झांसा देकर घर से चली गई थीं। इन लड़कियों का कहना था कि वे एक-दूसरे के साथ रहेंगी और अपना विवाह नहीं कराएंगी।

चिलकाना थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि इनमें से एक लड़की की शादी तय हो चुकी थी। वह शादी तय किये जाने का विरोध कर रही थी। उसी के चलते दोनों सहेलियां 20 मार्च को घर से गायब हो गईं। उनका अभी तक कोई भी सुराग नहीं लग पाया हैं।

सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि पुलिस इन चारों लड़कियों की तत्परता से तलाश में जुटी है।

कस्बा चिलकाना की दोनों लड़कियों के गुमशुदगी वाले इश्तेहार और उनके फोटों और पूरे विवरण के साथ रेलवे स्टेशन अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर इस आशय से लगवाये गए हैं ताकि उनको ढूंढ़ने में सहूलियत हो सके।

## गाजियाबाद की झुग्गियों में अग्निकांड के पीड़ितों को हरसंभव सहायता के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में सोमवार को इंदिरापुरम इलाके में एक झुग्गी बस्ती में लगी आग की चपेट में पास ही स्थित गौशाला के आने के कारण कई गायें जलकर मौत की शिकार हो गयी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य तेज कर पीड़ितों को हर संभव सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिये हैं।

जिला प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्थित झुग्गियों में पड़े कबाड़ के ढेर में आग लगने को इस घटना की वजह बताया जा रहा है। झुग्गी बस्ती में लगी आग की चपेट में पास ही स्थित कनावनी में एक गौशाला भी आ गयी। इस गौशाला का संचालन सामाजिक संस्था श्री कृष्णा गौसेवा द्वारा किया जा रहा है। संस्था के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि कबाड़ में आग लगने के कारण आग ने भीषण रूप ले लिया। इसके दायरे में गौशाला भी आ गयी। गौशाला में आग की लपटों की चपेट में आयी 100 से ज्यादा गायों की जल कर मृत्यु हो गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक योगी ने इस घटना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए 24 घंटों में पीड़ितों को हर संभव मदद पहुंचाने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। साथ ही प्रशासन को मौके पर पहुंचकर कर घटना से हुई क्षति का आंकलन करने को भी कहा गया है। अग्निकांड के बाद हरकत में प्रशासन ने आग पर काबू पाने के लिये तत्काल दमकल की गाड़ियों के घटनास्थल पर रवाना किया।

## खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को कहा कि नदियों के जल का सदुपयोग और किसानो के खेतों तक पर्याप्त जल पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सिंह ने यहां पत्रकारों से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत सरकार ने पांच वर्षों में तीन लाख 70 हजार करोड़ रुपये का बजट देने का प्रावधान किया ताकि हर घर नल से जल पहुंच सके। पानी के लिए किसी को भटकना न पड़े। दुर्गम पहाड़ी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पीने का पानी साफ मिले और घर की महिलाओं को पानी की समस्या से पूरी तरह छुटकारा मिल जाए। योजना से महिलाओं के स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन को बेहतर करने के लिए यूपी में तीव्र गति से काम हो रहे हैं। लाखों परिवारों के जीवन में सुधार हो रहा है। प्रथम चरण में बुंदेलखंड और विंध्य के साथ-साथ प्रदेश के 66 जिलों में घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है।

सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल के क्षेत्र में निरंतर काम हो रहा है। प्रधानमंत्री का मानना है कि देश के विकास के लिए पानी की बाधा समाप्त होना बहुत जरूरी है। देश की नदियों के जल का सदुपयोग हो किसानों के खेत तक पर्याप्त पानी पहुंचे यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 में लाल किले की प्राचीर से जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना की बात कही थी जिसके बाद से भूजल प्रबंधन, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। योजना से हर घर नल से जल पहुंचाने का संकल्प पूरा किया जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश में दौड़ रही है अपराध की बुलेट ट्रेन : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में अपराध की बुलेट ट्रेन दौड़ रही है।

योगी ने कहा कि भाजपा के दूसरे कार्यकाल में अपराधी पहले से ज्यादा निडर है, उन्हें पुलिस का तनिक भी खौफ नहीं रह गया है। बैंक लूट, लॉकर चोरी, बलात्कार, गोलीकांड और हत्या की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रदेशवासी आतंकित है। चारों तरफ भय का वातावरण है। उन्होने बताया कि सीतापुर के बिसवां के एक गांव में घंटो तक अपराधियों ने तांडव मचाया। हैदरगंज थाना क्षेत्र में लुटेरों ने सिपाही से रायफल और बाइक लूट ली। बदायूं में थाने के सामने व्यापारी की हत्या हुई।

बलिया में प्रापर्टी डीलर की गला काटकर हत्या कर दी गई। गोरखपुर में बासगांव थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव में छ: वर्षीय मासूम का शव बरामद हुआ।

## महोबा में आईएएस को जान की धमकी देने वाले खाद्य अधिकारी को जेल

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में तैनात महिला आईएएस अधिकारी को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी फूड इस्पेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक आर के गौतम ने सोमवार को बताया कि कुलपहाड़ में उप जिलाधिकारी श्वेता पांडेय के साथ कार्यालय में जाकर अभद्रता करने और गोली मारकर हत्या कर देने की धमकी देने के आरोपी फूड इस्पेक्टर नागेंद्र कुमार पटेल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। नायब तहसीलदार

पंकज गौतम की तहरीर पर उसके विरुद्ध आईपीसी की धाराओं 332ए 353ए504 व 506 के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस की एक टीम ने आरोपी को देर रात महोबा मुख्यालय के गांधीनगर में स्थित उसके आवास से गिरफ्तार करके जेल भी भेज दिया है।

उन्होने बताया कि कुलपहाड़ में पुलिस द्वारा गत दिनों एक लोडर वाहन से बरामद किए गए भारी मात्रा में तम्बाकू मिश्रित अवैध गुटखा के मामले में कार्यवाही के लिए उप जिलाधिकारी श्वेता पांडेय ने फ़ूड इस्पेक्टर नागेंद्र पटेल को निर्देशित कर मामले की रिपोर्ट के साथ तलब किया था। जिस पर नागेंद्र देर शाम नशे की हालत में एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे और वहां उनके द्वारा अमर्यादित आचरण किया गया था। उप जिलाधिकारी ने उनकी इस बेहूदी हरकत को गम्भीरता से लेते हुए तब उन्हें पुलिस कस्टडी में देकर चिकित्सकीय परीक्षण कराया था जिसमे उनके अल्कोहल लेने की बात पुष्ट हुई थी। इस प्रकरण को तब जिलाधिकारी मनोज कुमार के संज्ञान में लाये जाने से बुरी तरह कुपित फ़ूड इंस्पेक्टर नागेंद्र ने एसडीएम को गोली मार देने की धमकी तक दे डाली।

अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार इस मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर अपर जिला मजिस्ट्रेट आर एस वर्मा द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट आने के बाद फ़ूड इंस्पेक्टर नागेंद्र पटेल के खिलाफ विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

## एमएलसी मतगणना को लेकर झांसी प्रशासन ने दिया कर्मचारियों को प्रशिक्षण

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में विधान परिषद (एमएलसी) द्विवार्षिक चुनाव के बाद मतगणना के संबंध में सोमवार को झांसी प्रशासन की ओर से संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया और अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

यहां विकास भवन में जिलाधिकारी सह रिटर्निंग ऑफिस (आरओ) रविंद्र कुमार की उपस्थिति में विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन के गणना माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना सुपरवाइजर एवं गणना सहायक को मतगणना के संबंध में प्रशिक्षिण दिया गया। आरओ ने प्रशिक्षण के दौरान समस्त गणना कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सभी मतगणना के दिन 12 अप्रैल (मंगलवार) को सुबह छह बजे मतगणना स्थल बुंदेलखंड महाविद्यालय, झांसी में उपस्थित हों। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अवगत कराया कि सबसे पहले उनकी टेबल पर मतपेटिकाएँ आएगी। वे पेटिकाओं की सील गणना एजेंट को दिखाकर सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर अवश्य ले लें। इसके बाद ही मत पेटिकाओं से मतपत्र निकलाकर उनकी संख्या की गणना करें। उन्होंने मतगणना की निष्पक्षता के लिए गणना एजेंट को मतपेटिका में कोई भी मतपत्र अवशेष नहीं है, यह दिखाने के लिए मतपेटी को अवश्य दिखाया जाए। मतपत्र की संख्या का फॉर्म 16 से मिलान कर उसके बंडल बनाकर उसे चुनाव अधिकारी को भेजा जाए। फॉर्म-16 से संख्या का मिलान करने के उपरांत गणना एजेंट से हस्ताक्षर भी ले लिए जाए।

चुनाव अधिकारी से मतपत्र की मिक्सिंग के बाद प्राप्त मतपत्र के बंडल में प्राप्त अमान्य मतपत्र को गणना एजेंट को दिखाने के उपरांत चुनाव अधिकारी की टेबल पर भेजा जाए, प्राप्त मान्य मतपत्रों को उसमें दी गई प्रथम वरीयता के अनुसार वर्गीकृत कर प्रत्याशी वार ट्रे में रखा जाए एवं मतपत्र में दी गई वरीयता को गणना एजेंट की संतुष्टि के लिए उन्हें अवश्य दिखाया जाए। यदि किसी अमान्य मतपत्र को चुनाव अधिकारी द्वारा परीक्षण के बाद मान्य कर दिया जाता है, तो उसे भी गणना एजेंट को देखकर संबंधित ट्रे में रखा जाए। समस्त ट्रे में रखे गए मतपत्रों की पुन- जांच भी की जाए। यदि किसी गणना एजेंट द्वारा कहा जाता है कि उसे किसी ट्रे में रखे मतपत्र की गणना पुन: करानी है, तो उसकी संतुष्टि के लिए पुन- गणना कर दी जाए। उन्होंने कहा कि इसप्रकार गणना के दौरान पूर्ण पारदर्शिता एवं गोपनीयता बरती जाए। साथ ही गणना एजेंट की संतुष्टि का भी ध्यान रखा जाए। आरओ ने यह भी बताया कि गणना कार्मिक समस्त प्रारूप को भी भली प्रकार से देख लें एवं उन्हें गणना के दौरान सही समय पर भरना सुनिश्चित करें। गणना एजेंट के भी प्रारूप पर उसी समय हस्ताक्षर ले लिये जाए। गणना एजेंट से उनके पूरे नाम एवं पार्टी का नाम सहित हस्ताक्षर कराए जाए। उ यदि गणना के संबंध में किसी को कोई शंका हो, तो उसे बिना संकोच के पूछ लिया जाए।

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

ललितपुर। उत्तर प्रदेश मे ललितपु

## शार्ट न्यूज

### शक्कर सस्ती, खाद्य तेलों में तेजी, दलहनों में मंदीवाडा, दाल मजबूत, चावल में मांग

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर सस्ती बिकी। वहीं नारियल मंदा हुआ। खाद्य तेलों में तेजी रही। आज सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। दलहन गिरावट लिए बताए गए। आज मसूर, चना, मूंग सस्ती बिकी। दालों में ग्राहकी सुधार से भाव ऊंचे बोले गए। चावल में मांग रही। शक्कर में पूछपरख रही। आज शक्कर में कामकाज 3560 से 3610 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली से भाव कमी से नरमी रही। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव रहा। साबूदाना में खरीदी से मजबूती बताई गई। खाद्य तेल में तेजी दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड महंगा बिका। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। सरसों में कामकाज सुस्त होने से गिरावट हुई। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन गिरावट लिए रहे। मसूर, चना, मूंग घटकर बिका। आज दालों में लिवाली से भाव ऊंचे बोले गए। चावल में पूछपरख सुधार लिए रही।

### जेएसएचएल की बिक्री वित्त वर्ष 2021-22 में बढ़ी

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र की इस्पात विनिर्माता जिंदल स्टेनलेस हिसार लिमिटेड (जेएसएचएल) ने वित्त वर्ष 2021-22 में 7,02,168 टन स्टेनलेस स्टील की बिक्री की है। जो वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि जेएसएचएल ने मार्च 2022 में समाप्त हुए पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2022) में 1,78,168 टन स्टेनलेस स्टील की बिक्री की है। उसे रेलवे तथा लिफ्ट्स और स्वचलित सीढ़ियों का विनिर्माण करने वाले उद्योगों से अच्छा समर्थन मिला है। जेएसएचएल ने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के कारण बर्तन, पाइप और ट्यूब जैसे प्रमुख उपभोक्ता क्षेत्रों में बिक्री पर प्रभाव पड़ा है। घरेलू बाजार में चीन और इंडोनेशिया के सस्ते स्टेनलैस स्टील उत्पादों से भी चुनौती मिल रही है। कंपनी ने बताया कि जेएसएचएल ने उच्च उत्पाद खंडों पर अपना ध्यान लगातार बनाते हुए, एक स्वस्थ उत्पाद मिश्रण बनाए रखा है। विश्व स्तर पर कंपनी के उत्पादों की गुणवत्ता की स्वीकृति गुणवत्ता और एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला के बलबूते कंपनी ने अपना निर्यात इस दौरान वार्षिक आधार पर दोगुना करने में सफल रही। वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बावजूद उसकी कुल बिक्री में निर्यात का हिस्सा 18 प्रतिशत था।

### पुरानी दिल्ली इलाके में विदेशी सिगरेटों का जखीरा जब्त

नयी दिल्ली। सीमा शुल्क के अधिकारियों ने पुरानी दिल्ली इलाके में विदेश से तस्करी करके लायी गयी विभिन्न ब्रांड की 3.93 लाख सिगरेटों की एक बड़ी खेप पकड़ी है और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त की गयी इन सिगरेटों की बाजार कीमत तकरीबन 78 लाख रुपये आंकी गयी है। दिल्ली स्थित सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय ने सोमवार को ट्विटर पर बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, दिल्ली सीमा शुल्क (निवारक) आयुक्तालय ने खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पुरानी दिल्ली इलाके से तस्करी कर लायी गयी 3.93 लाख विदेशी सिगरेट की बड़ी खेप जब्त की है। विन, रुल्ली रिवर, एसे लाइट, मॉन्ड, पाइन, ब्लैक और पेरिस ब्रांड की जब्त की गयी इन सिगरेटों की कीमत तकरीबन 78 लाख रुपये हैं। इस कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने कहा है कि इस मामले की आगे जांच की जा रही है।

### खाद्य तेलों के भाव स्थिर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे जबकि मसूर और अरहर दाल सस्ती हो गई। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 104 रिंगिट की तेजी लेकर 6785 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.50 सेंट गिरकर 74.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय स्तर पर सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंडा, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव स्थिर रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चीनी 20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव 50 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मसूर दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, चना, चना दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव स्थिर रहे।

### रुपया दो पैसे मजबूत

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की बिकवाली से समर्थन पाकर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया दो पैसे मजबूत होकर 75.91 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 10 पैसे की बढ़त लेकर 75.93 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया एक पैसे फिसलकर 75.94 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। लिवाली के दबाव में यह 76.09 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि बिकवाली होने से 75.79 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 75.93 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले दो पैसे की बढ़त लेकर 75.91 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

### मार्च में खूब बिका पेट्रोल-डीजल : तीन साल के उच्च स्तर पर पहुंची भारत की फ्यूल डिमांड, मार्च में पेट्रोल की बिक्री ऑल टाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** मार्च में भारत की फ्यूल डिमांड तीन साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। ऑयल मिनिस्ट्री के पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के 9 अप्रैल के आंकड़ों से पता चलता है कि फ्यूल डिमांड पिछले साल के इसी महीने से 18.62 मिलियन टन (4.2त्न) बढ़कर 19.41 मिलियन टन हो गई, जो मार्च 2019 के बाद से सबसे ज्यादा है। मार्च 2019 में यह 19.56 मिलियन टन थी। पेट्रोल की बिक्री तो ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2021 में पेट्रोल की खपत 2.74 मिलियन टन थी जो मार्च 2022 में बढ़कर 2.91 मिलियन टन हो गई। डीजल की बात करें तो मार्च 2021 में 7.22 मिलियन टन डीजल की बिक्री हुई थी जो मार्च 2022 में बढ़कर 7.70 मिलियन टन हो गई। यूबीएस एनालिस्ट जियोवानी स्टानोवो ने ऑयल डिमांड में बढ़ोतरी की वजह कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना को बताया। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने दाम बढ़ने की संभावना को देखते हुए मार्च में ज्यादा फ्यूल खरीदा। अब आने वाले महीनों में इकोनॉमी के बढ़ने के साथ ऑयल डिमांड में और ज्यादा सुधार की पूरी-पूरी संभावना है। भारत कच्चे तेल की 85त्न से ज्यादा आपूर्ति के लिए अन्य देशों पर निर्भर है। यही वजह है कि सस्ता कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत ने अब रूस की ओर रुख किया है जहां से भारत को भारी डिस्काउंट में तेल मिल रहा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिफाइनर ने मई लोडिंग के लिए कम से कम 16 मिलियन बैरल सस्ता रूसी तेल खरीदा है।

### रुपया दो पैसे मजबूत

मुंबई। आयातकों और बैंकरों की बिकवाली से समर्थन पाकर आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया दो पैसे मजबूत होकर 75.91 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 10 पैसे की बढ़त लेकर 75.93 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया एक पैसे फिसलकर 75.94 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। लिवाली के दबाव में यह 76.09 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि बिकवाली होने से 75.79 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 75.93 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले दो पैसे की बढ़त लेकर 75.91 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

# विदेशी बाजारों की गिरावट से शेयर बाजार गिरा

**मुंबई।** विदेशी बाजारों की गिरावट से निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, दूरसंचार और कैपिटल गुड्स समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के पहले दिन आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 482.61 अंक लुढ़ककर एक सप्ताह से अधिक के निचले स्तर 59 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 58964.57 अंक पर आ गया। इस वर्ष 31 मार्च को सेंसेक्स 58568.51 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.40 अंक टूटकर 17674.95 अंक पर रहा।

दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली हुई, जिसने बाजार को और अधिक गिरने से बचाया। इस दौरान मिडकैप 0.41 प्रतिशत चढ़कर 25,407.15 अंक और स्मॉलकैप 0.38 प्रतिशत बढ़कर 29,880.07 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई के दस समूहों में बिकवाली जबकि नौ समूहों में लिवाली का जोर रहा, जिससे बाजार को समर्थन मिला। वित्त 0.49, आईटी 1.46, दूरसंचार 0.60, कैपिटल गुड्स 1.09 और टेक समूह के शेयर 1.37 प्रतिशत टूटे वहीं पावर 5.18, यूटिलिटीज 5.09, तेल एवं गैस 2.38,

रियल्टी 1.07 और ऊर्जा समूह में 1.73 प्रतिशत की तेजी रही।

वैश्विक बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25, जर्मनी का डैक्स 0.50, जापान का निक्केई 0.61, हांगकांग का हैंगसैंग 3.03 और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.61 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 114 अंक की बढ़त लेकर 59,333.18 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत दोपहर बाद 59,355.76 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 58,894.40 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। संभलने की कोशिशों के बावजूद यह पिछले दिवस के 59,447.18 अंक की तुलना में 0.81 प्रतिशत गिरकर 58,964.57 पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3685 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2099 में तेजी जबकि 1456 में गिरावट रही वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वहीं, निफ्टी 43 अंक फिसलकर 17,740.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 17,779.05 अंक के उच्चतम जबकि 17,650.95 अंक न्यूनतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,784.35 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत उतरकर 17,674.95 अंक पर रहा। इस दौरान एनएसई में 29 कंपनियां लाल जबकि 21 हरे निशान पर रहीं।

सेंसेक्स की 23 कंपनियां बिकवाली का शिकार हुई वहीं सात में तेजी रही। इस दौरान एचसीएल टेक ने सबसे अधिक 2.73 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही एलटी 2.72, इंफोसिस 2.67, विप्रो 2.16, एशियन पेंट 1.54, एचडीएफसी 1.39, एचडीएफसी बैंक 1.25, डॉ. रेड्डीज 1.20, एक्सिस बैंक 1.20, टाइटन 1.01 और टाटा स्टील 0.96 प्रतिशत गिरा। शेष अन्य कंपनियों के शेयर 0.01 से 0.88 प्रतिशत तक टूटे।

## नीति आयोग के एसईसीआई में गुजरात प्रथम स्थान पर

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। नीति आयोग की एक ताजा रिपोर्ट में भारत में ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के प्रति सजगता के मामले में बड़े राज्यों में गुजरात प्रथम स्थान पर है। इस मामले में छोटे राज्यों में गोवा और केंद्रशासित प्रदेशों में चंडीगढ़ पहले नंबर पर है।

नीति आयोग द्वारा राज्य ऊर्जा एवं जलवायु सूचकांक(एसईसीआई) के प्रथम चक्र की रिपोर्ट नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जारी की गयी। इसमें बड़े राज्यों में गुजरात पहले, केरल दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर रहा। छोटे राज्यों की सूची में में पहले स्थान पर गोवा, दूसरे पर त्रिपुरा और तीसरे स्थान पर मणिपुर रहा। केंद्रशासित प्रदेशों की सूची में पहले स्थान पर चंडीगढ़, उसके उपरांत दिल्ली और दमन एवं दीव/दादर एवं नगर हवेली क्रमश: दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे।

नीति आयोग ने विज्ञप्ति में बताया कि राज्यों को क्षेत्रफल और भौगोलिक अंतर के आधार पर बड़े, छोटे और केंद्रशासित प्रदेशों के रूप में बांटा गया है। एसईसीआई के प्रथम चरण में राज्यों के छह मापदंडों पर किए गए प्रदर्शन के आधार पर उन्हें सूचीबद्ध किया गया है। ये मानक डिस्कॉम का प्रदर्शन, ऊर्जा की पहुंच, वहनीयता तथा विश्वसनीयता, स्वच्छ ऊर्जा की पहल, ऊर्जा दक्षता, स्थिर पार्यावरण और नयी पहल है।

रिपोर्ट के इस संस्करण से पता लगा है कि राज्य स्तर पर कुछ महत्वपूर्ण आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे आंकड़ों की जानकारी जुटाने के लिए एक मजबूत तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है। ताकि इन्हें रिपोर्ट के भविष्य के संस्करणों में शामिल किया जा सके।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार ने कहा कि हमारी कोशिशों को ग्लासगो में कोप-26 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के पंचामृत लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनआंदोलन में परिवर्तित करने की आवश्यकता है। इसको पूरा करने के लिए राज्यों का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। शासन नवाचार एवं राज्यों के परस्पर सीखने से परिणामों में सुधार होगा और एसईसीआई का प्रथम चरण इस दिशा में बिल्कुल सही कदम है।

### एपल का लेटेस्ट फोन अब भारत में बनेगा

नई दिल्ली। एपल ने भारत में आईफोन 13 का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। आईफोन की मैनुफैक्चरिंग चेन्नई के पास श्रीपेरंबुदूर में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी फॉक्सकॉन के प्लांट में हो रही है। एपल इंडिया के एक प्रवक्ता ने एक्सक्लूसिव ईमेल स्टेटमेंट में श्वञ्ज को बताया कि, 'हम खूबसूरत डिजाइन, बेहतरीन फोटो और वीडिया लेने वाले एडवांस कैमरा सिस्टम और शानदार 15 बायोनिक चिप के साथ वाले आईफोन 13 को बनाने के लिए उत्साहित हैं। आईफोन 13 के साथ, कंपनी अब अपने दो कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर फॉक्सकॉन और विस्ट्रॉन के जरिए लोकल लेवल पर अपने सभी टॉप सेलिंग मॉडल बनाती है। इसके तीसरे साझेदार पेगाट्रोन के भी इस महीने प्रोडक्शन शुरू करने की उम्मीद है, इसमें आईफोन 12 के साथ शुरुआत होगी। फॉक्सकॉन एपल के लिए आईफोन बनाती है। चेन्नई प्लांट में आईफोन 13 का प्रोडक्शन जनवरी से शुरू होना था, लेकिन फूड प्वाइजनिंग के बारे में महिला श्रमिकों द्वारा दिसंबर में विरोध के बाद एपल द्वारा प्रोडक्शन रोकने के बाद इसे स्थगित करना पड़ा। फॉक्सकॉन दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक कॉन्ट्रैक्टर कंपनी है जो कि एपल की प्रमुख सप्लायर भी है।

### लॉन्च से पहले पेश किया गया नया ग्रेटा इलेक्ट्रिक स्कूटर

नयी दिल्ली। गुजरात स्थित ग्रेटा इलेक्ट्रिक स्कूटर ने सोमवार को अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च करने से पहले एक वीडियो जारी की है। गत तीन वर्षों में कंपनी अब तक अपने स्कूटर के चार मॉडलों को बाजार में उतार चुकी है। कंपनी के संस्थापक राज मेहता ने नए स्कूटर का वीडियो साझा करते हुए लिखा, कुछ नया आने वाला है। इसे लेकर हम उत्साहित हैं। क्या आप भी ? अधिक जानकारी के लिए हमारे साथ बने रहें। ट्वीट से इस बात की पुष्टि होती है कि कंपनी बाजार में कुछ नया मॉडल पेश करने वाली है। वीडियो में अज्ञात मॉडल को दिखाया गया है, जिससे ब्रांड के पहले से मौजूद मॉडलों में एक नया उत्पाद जुड़ जाएगा। ग्रेटा इलेक्ट्रिक स्कूटर एक बार चार्ज करने पर 100 किमी तक दूरी तय करने के साथ आरामदायक और बेहतर प्रदर्शन प्रदान करते हैं। कंपनी के सभी चार मॉडलों में डीआरएल, ईबीएस, रिवर्स मोड, एटीए सिस्टम, स्मार्ट शिफ्ट, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर डिस्प्ले, बिना चाबी के शुरू, डिस्क ब्रेक और वाहन को चोरी से बचाने वाले अलार्म जैसी विशेषताएं हैं।

## रुचि सोया का नाम हो सकता है पतंजलि फूड्स

मुंबई। योग गुरु बाबा रामदेव के नेतृत्व वाले हरिद्वार के पतंजलि समूह की फर्म रुचि सोया ने सोमवार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम बदलकर पतंजलि फूड्स करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

यह फैसला कंपनी के अनुवर्ती सार्वजनिक शेयर निर्गम (एफपीओ) के आठ अप्रैल को सूचीबद्ध होने के तुरंत बाद किया गया है।

एफपीओ से कंपनी 4,300 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार

को बताया, रुचि सोया के निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम बदलकर पतंजलि फूड्स लिमिटेड अथवा महाराष्ट्र के मुंबई स्थित कंपनियों के पंजीयक द्वारा उपलब्ध कराया गया कोई अन्य नाम हो सकता है। इस संबंध में कंपनी को और भी स्वीकृतियां लेनी हैं।

रुचि सोया के निदेशक मंडल की 10 अप्रैल को हुयी बैठक में पतंजलि आयुर्वेद के खाद्य उत्पाद कारोबार के साथ रुचि सोया के तालमेल करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी।

कंपनी ने आठ अप्रैल को बताया कि उसने भारतीय स्टेट बैंक को 2,925 करोड़ रुपये का ऋण लौटाया है और वह शुद्ध रूप से ऋण मुक्त हो गयी है। मुंबई शेयर बाजार में सोमवार को रुचि सोया का शेयर 975.10 रुपये के आसपास चल रहा था।

## लगातार पांचवें दिन भी पेट्रोल-डीजल के दाम रहे स्थिर

नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों के सोमवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाने से लगातार पांचवें दिन भी ईंधन के दाम स्थिर रहे।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक वक्त उफान

पर पहुंची कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट दिख रही है।

लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.21 प्रतिशत गिरकर 100.51 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.93 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद 22 मार्च 2022 से बढ़नी शुरू हुई हैं।

कंपनियों ने पिछले 20 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की है। तब से अब तक इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी हैं।

उल्लेखनीय है कि सोमवार लगातार पांचवा दिन है, जब कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

### निर्मला सीतारमन 23 अप्रैल को पब्लिक सेक्टर बैंकों के प्रमुखों के साथ करेंगी बैठक, कई मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 अप्रैल को पब्लिक सेक्टर बैंक के प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी। इस बैठक में वित्त मंत्री सरकारी योजनाओं की परफॉर्मेंस और अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार को लेकर चर्चा करेंगी। इसके साथ ही लोन देने वाले संस्थानों के प्रदर्शन की भी समीक्षा इस बैठक में की जाएगी। वित्त वर्ष 2022-23 का बजट पेश करने के बाद पब्लिक सेक्टर बैंक प्रमुखों के साथ वित्त मंत्री की यह पहली बैठक होगी। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति और विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों के प्रदर्शन की गहन समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के दायरे में लोन सुविधा गारंटी योजना भी होगी। इस साल के बजट में ECLGS को मार्च, 2023 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। सूत्रों के अनुसार वित्त वर्ष की शुरुआत में ही नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक से पूरे साल के लिए बैंकिंग सेक्टर का एजेंडा तय हो सकता है।

## 12 महीने में रु 4,000 पर पहुंच जाएगा यह स्टॉक, राकेश झुनझुनवाला का है बड़ा दांव

नई दिल्ली। अगर आप शेयर बाजार के बिग बुल राकेश झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो को देखकर पैसा लगाते हैं तो आप क्रिसिल के शेयरों पर नजर रख सकते हैं। कंपनी के शेयर पर ब्रोकरेज फर्म बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दी है। ब्रोकरेज हाउस ने 'BUY' रेटिंग के साथ क्रिसिल के शेयरों पर अपना कवरेज शुरू किया है और इसका बारह महीने का टारगेट प्राइस ?4,000 प्रति शेयर रखा है। बता दें कि आज कंपनी के शेयर 6.01प्रतिशत उछलकर 3,486.90 रुपये पर बंद हुए हैं।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

घरेलू ब्रोकरेज और शोध फर्म आनंद राठी का मानना है कि क्रिसिल अपने कारोबार की तेजी की गति को बनाए

रखेगा। ब्रोकरेज फर्म ने अपने नोट में लिखा है, CRISIL का रेवेन्यू कारोबार सेगमेंट के साथ-साथ भूगोल के लिहाज से भी विविध है। वित्त वर्ष 2021 में कंपनी के सभी सेगमेंट से रेवेन्यू में 20.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले 3 वर्षों में CRISIL के राजस्व में लगभग 10 प्रतिशत CAGR की वृद्धि हुई है। आर्थिक गतिविधियों में सुधार के साथ, ग्राहकों को जोड़ने, नए उत्पाद की पेशकश और समाधान। आनंद राठी का अनुमान है कि यह गति आगे भी जारी रहेगी और अगले दो वर्षों में राजस्व 12 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा। ब्रोकरेज का यह भी अनुमान है कि कंपनी स्थिर परिचालन मार्जिन बनाए रखेगी।

### राकेश झुनझुनवाला के पास भी हैं शेयर

क्रिसिल के शेयरों में पिछले एक साल में 92 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है, जबकि पिछले एक महीने में लगभग 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, पिछले पांच ट्रेडिंग सेशंस में यह शेयर 6 पर्सेंट तक चढ़ा है। बीएसई पर हालिया शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, राकेश झुनझुनवाला के पास क्रिसिल में 2.92 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला की दिसंबर 2021 तक कंपनी में 2.57 प्रतिशत इक्विटी है।

## ट्रैक्टर बनाने वाली इस दिग्गज कंपनी में राकेश झुनझुनवाला ने बुक किया प्रॉफिट

नई दिल्ली। बिग बुल नाम से मशहूर दिग्गज इनवेस्टर राकेश झुनझुनवाला ने ट्रैक्टर बनाने वाली घरेलू कंपनी के शेयर बेचे हैं। राकेश झुनझुनवाला ने मार्च 2022 तिमाही में ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरर एस्कॉर्ट्स में प्रॉफिट बुकिंग की है। इस बात का पता कंपनी के लेटेस्ट शेयरहोल्डिंग पैटर्न से लगा है। 31 मार्च 2022 तक के डेटा के मुताबिक, झुनझुनवाला का नाम कंपनी के प्रमुख शेयरहोल्डर्स की लिस्ट में नहीं है।

### झुनझुनवाला के पास थे कंपनी के 75,00,000 शेयर

31 दिसंबर 2021 के डेटा के मुताबिक, ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरर एस्कॉर्ट्स में राकेश झुनझुनवाला के पास 75,00,000 इक्विटी शेयर या 5.68 फीसदी हिस्सेदारी थी। राकेश झुनझुनवाला लंबे समय से कंपनी के स्टॉक को होल्ड कर रहे थे। कंपनियों को 1 फीसदी या इससे ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले इनवेस्टर्स के नाम तिमाही आधार पर रिलीज करने होते हैं। पिछले 1 साल में एस्कॉर्ट्स के शेयरों में 33 फीसदी का उछाल आया है। हालांकि, इस साल कंपनी के शेयरों में 15 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। कंपनी के शेयर सोमवार को 1600.65 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं।

फरीदाबाद हेडक्वॉर्टर वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स 40 से ज्यादा देशों में एग्रीकल्चरल मशीनरी, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, मैटीरियल हैंडलिंग और रेलवे इक्विपमेंट में ऑपरेट करती है। इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राकेश झुनझुनवाला ने फार्मास्युटिकल्स पैकेजिंग कंपनी बिलकेयर में अपनी हिस्सेदारी पहले जैसे ही बनाए रखी है। 31 मार्च 2022 के डेटा के मुताबिक, बिलकेयर में बिग बुल के पास 17,35,425 शेयर या 7.37 फीसदी हिस्सेदारी रही। दिसंबर 2021 तिमाही में भी कंपनी में राकेश झुनझुनवाला की इतनी ही हिस्सेदारी थी।

इसी तरह, राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला के पास कंपनी के 2,62,500 शेयर या 1.11 फीसदी हिस्सेदारी रही। दिसंबर 2021 तिमाही में भी रेखा झुनझुनवाला के पास इतनी ही हिस्सेदारी थी। पिछले एक साल में बिलकेयर के शेयरों में करीब 60 फीसदी का उछाल आया है। हालांकि, इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में महज 2 फीसदी की तेजी आई है।

## पीपी पोकर के हरदीप, राहुल को जुआ चलाने के आरोप में ईडी ने धरा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अपराध की कमायी को वैध दिखाने के मामलों की जांच करने वाली एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीपी पोकर ऑनलाइन गेमिंग एप पर जुए और सट्टेबाजी का खेल करवाने के आरोप में कोलकाता निवासी हरदीप सिंह और अंकुर उर्फ राहुल खन्ना को गिरफ्तार किया है।

ईडी के बयान के मुताबिक यह कार्रवाई दोनों के खिलाफ गोवा पुलिस द्वारा दर्ज मामले के आधार पर की गयी है। हरदीप और राहुल को गोवा में धन शोधन निवारक अधिनियम 2002 के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के सामने 08 अप्रैल को पेश किया गया था। दोनों को अदालत ने आठ दिन की लिए ईडी की हिरासत में भेजा है।

बयान के अनुसार ईडी की जांच से पता लगा है कि ये दोनों आरोपी मिनी इंडिया, चैकरेज और रशियन पोकर नाम से दो-तीन यूनियनें चला रहे थे। ये यूनियनें उसी पीपी पोकर गेंमिंग एप पर चलायी जा रही थी। इनमें हर यूनियन के साथ करीब 25-30 क्लब जुड़े थे। जिन्हें अलग अलग लोग चला रहे थे। हर क्लब में व्यक्तियों को व्हाट्सप चैट के जरिए पीपी पोकर जैसे ऑनलाइन खेल में गैर कानूनी तरीके से जुआ खेलने और सट्टा लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता था।

ईडी ने कहा है कि हर क्लब/यूनियन में हर टेबल के लिए कल्ब द्वारा 5-10 प्रतिशत कमिशन लिया जाता था। ईडी के अनुसार क्लबों के मैनेजर, दांव लगाने वाले व्यक्तिगत खिलाड़ियों और यूनियन के प्रमुखों के साथ कमीशन एवं सट्टे के धन का लेनदेन हवाला ऑपरेटरों के जरिए नगद या क्रिप्टोकरेंसी में किया जाता था।

ईडी के अधिकारियों ने 06 अप्रैल को हरदीप और राहुल तथा संबंधित क्लबों के प्रबंधकों एवं एजेंटों के घरों और ठिकानों पर छापेमारी की थी। ये छापे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और गोवा में मारे गए थे।

### आरबीआई ने रद्द की 23 एनबीएफसी की मान्यता

मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बीएनपी परिबास समेत 23 गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (एचएफसी) एस्सेल फाइनेंस की मान्यता रद्द कर दी है। आरबीआई ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45-आईए (6) के तहत 23 एनबीएफसी एवं एक एचएफसी कंपनी का पंजीयन निरस्त कर दिया गया है। इन एनबीएफसी कंपनियों में बीएनपी परिबास इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (वर्तमान में बीएनपी परिबास इंडिया कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड), अंजली टेक्नोलॉजी होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, डॉ. बी. आर. अंबेडकर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडिया डेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, स्विस लीजिंग एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। साथ ही अवेलेबल फाइनेंस लिमिटेड, दीपुल सेल्स एंड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, रेडवर्थ इक्विफिन, मार्डिया संस होल्डिंग्स (वर्तमान में जीवीएन इंटरप्राइजेज), प्लूरिस ग्लोबल होल्डिंग का पंजीयन रद्द किया गया है।

## शार्ट न्यूज

### चहल मामले में फ़्रैंकलिन से गुप्त पूछताछ करेगा डरहम

**लंदन।** भारतीय लेग स्पिनर युज़वेंद्र चहल के साथ शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगने के बाद डरहम काउंटी क्लब अपने मुख्य कोच जेम्स फ़्रैंकलिन से पूछताछ करेगा। हालांकि इस प्रक्रिया को पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। डरहम ने क्रिकइंफ़ो को बताया कि हम इस घटना से वाक़िफ़ हैं और उनसे बात करेंगे। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में एक चैट-शो के दौरान चहल ने 2011 के आईपीएल दिनों में मुंबई इंडियंस के अपने सीनियर साथियों फ़्रैंकलिन और ऐंड्रयू साइमंड्स पर शारीरिक दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। चहल ने कहा था कि ये दोनों खिलाड़ी उनके हाथ-पैर बांधकर, मुंह में टेप लगाकर, उन्हें अकेले कमरे में छोड़कर चले गए थे और वह रात भर ऐसे ही रहे। ऐसा चैंपियंस लीग फ़ाइनल जीत के जश्न के दौरान हुआ था। चहल ने बताया कि दोनों खिलाड़ी उस वक़्त काफ़ी नशे में भी थे। चहल ने कहा, वे नशे में इतने धुत थे कि मुझे खोलना ही भूल गए। सुबह होटल का सफ़ाई कर्मचारी आया और उसने कुछ लोगों को बुलाकर मुझे खोला। बाद में लोगों ने इस घटना को एक मज़ाकिया कहानी के रूप में पेश किया। इस घटना के बाद दोनों ने मुझसे कभी भी माफ़ी नहीं मांगी। हाल ही में चहल ने एक और दावा किया था कि उन्हें एक खिलाड़ी ने नशे की हालत में होटल के 15वें माले से लटकाया था। उल्लेखनीय है कि फ़्रैंकलिन को 2019 में डरहम का मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया गया था। वह 2011 से 2013 के बीच मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे और 25 मैच खेले थे।

### शुरूआती विकेट गिरने के बावजूद हमने सोचा था कि जीत सकते हैं : राहुल

मुंबई। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने राजस्थान रॉयल्स से मिली तीन विकेट की नजदीकी हार के बाद कहा कि शुरुआत में जल्दी विकेट गिरने के बावजूद उन्होंने सोचा था कि टीम जीत सकती है। राहुल ने अपने आउट होने पर कहा ,ट्रेंट बोल्ट ने बहुत अच्छी गेंद डाली थी, बस यही कहना चाहूंगा वह शानदार गेंद थी। हमारे पास ऐसी टीम है जो कभी मुकाबले से बाहर नहीं होती। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं। हमारे शुरुआत में तीन विकेट गिर गए थे हमने तब भी सोचा कि हम जीत सकते हैं। हमें मध्य ओवरों में अच्छी साझेदारी की जरूरत थी, जो हुई और अंत में स्टॉयनिस ने टीम को जीत दिलाने की पूरी कोशिश की। उन्होंने कहा, अगर हम अपने कौशल से खेले तो हम बहुत सी शानदार चीज़ें कर सकते हैं। स्टॉयनिस को अंत में भेजने का फैसला हमारा ही था, क्योंकि हमारे पास कई खिलाड़ी हैं जो बल्लेबाजी कर सकते हैं, ऐसे में हम उस समय को निकालना चाहते थे। हमने चार मैचों में अच्छा किया है, हमने डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की है। आखिरी के ओवरों के प्लान नहीं चल सके। अगर आप अपने प्लान पर नहीं रहते हैं तो हेत्माएर जैसे खिलाड़ी इसका पूरा फ़ायदा उठा लेते हैं।

### 2024 में टी20 विश्व कप में 20 टीमें, अगले साल पहला महिला अंडर-19 विश्व कप

दुबई। 2024 में वेस्टइंडीज़ और संयुक्त राष्ट्र अमरीका (युएसए) में सह-आयोजित टी20 विश्व कप में 12 टीमें सीधे क्वालिफ़ाई करेंगी। रविवार को दुबई में अपने मीटिंग संपन्न करने के साथ-साथ आईसीसी ने महिला क्रिकेट में 2024 टी20 विश्व कप और 2025 के वनडे विश्व कप के क्वालिफ़िकेशन प्रक्रिया पर कुछ फ़ैसले लिए। साथ ही महिला क्रिकेट में पहले अंडर-19 विश्व कप का भी कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में पहली बार 20 टीमें भाग लेंगी और शीर्ष की आठ टीमें ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2022 विश्व कप के तालिका के आधार पर मेज़बान टीमों के साथ लीग स्टेज के लिए क्वालिफ़ाई कर जाएंगी। इस क्वालिफ़िकेशन में बाक़ी की दो टीमें इस साल 14 नवंबर पर जारी आईसीसी टीम रैंकिंग के आधार पर पहचानी जाएंगी। यदि वेस्टइंडीज़ इस साल के विश्व कप में शीर्ष आठ टीमों में हो तो रैंकिंग्स की शीर्ष तीन टीमों को इस क्रम में शामिल किया जाएगा। बाक़ी की आठ टीमों के लिए स्थानीय क्वालिफ़ायर खेले जाएंगे जिसमें अफ़्रीका, एशिया और यूरोप से दो दो टीमें होंगी और अमरीकी महाद्वीप से एक टीम और पूर्वी एशिया से एक टीम होगी। महिला क्रिकेट का पहला अंडर-19 विश्व कप साउथ अफ़्रीका में जनवरी 2023 में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी और इसे टी20 फ़ॉर्मैट में खेला जाएगा। यह दक्षिण अफ़्रीका में दो महीनों में ही दो बड़े टूर्नामेंट की मेज़बानी का पहला अवसर होगा। अगला टी20 विश्व कप भी दक्षिण अफ़्रीका में ही 9 फ़रवरी और 26 फ़रवरी के बीच खेला जाएगा।

### पहली जीत के लिए चेन्नई को दिखाना होगा अपना पुराना रूप

मुम्बई। आईपीएल में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही चेन्नई सुपर किंग्स को टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए मंगलवार को इनफॉर्म रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मुकाबले में अपना पुराना रूप दिखाना होगा। चेन्नई के लिए यह पहली बार है कि गत चैंपियन होने के बावजूद वह अपने पहले चार मैच हार चुकी है और अंक तालिका में 10वें और अंतिम स्थान पर है। चेन्नई को यदि होड़ में बने रहना है तो उसे मैच जीतना शुरू करना होगा और यह काम उसे अपने पुराने खिलाड़ी फाफ डू प्लेसिस की कप्तानी वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शुरू करना होगा। बेंगलुरु इस समय शानदार फॉर्म में है और चार में से तीन मैच जीत चुकी है। बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली भी बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। चेन्नई की सबसे बड़ी परेशानी उसका गेंदबाजी आक्रमण है जो दीपक चाहर के बिना अधूरा दिखाई दे रहा है। चाहर चोटिल होने के कारण टीम से बाहर चल रहे हैं। ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ भी लगातार खराब दौर से गुजर रहे हैं जबकि कप्तान रवींद्र जडेजा गेंद और बल्ले से वैसा कमाल नहीं दिखा पा रहे हैं जैसा उन्होंने पिछले सत्रों में दिखाया था। आईपीएल शुरू होने से दो दिन पहले कप्तानी छोड़ने वाले महेंद्र सिंह धोनी एक पचासे के सिवा अब तक ज्यादा कुछ नहीं कर पाए हैं। चेन्नई यदि इस महत्वपूर्ण मुकाबले में कुछ नहीं कर पाती है तो उसके लिए अपना खिताब बचाना दूर की कौड़ी हो जाएगा। बेंगलुरु के लिए भी एक बुरी खबर है। उसके प्रमुख तेज गेंदबाज हर्षल पटेल अपनी बहन के निधन के कारण आईपीएल बायो-बबल से बाहर हो गए हैं। शनिवार मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ हुए मैच के बाद वह बबल से बाहर निकल कर अपने परिवार के पास गए थे।

### बहन के निधन के बाद आईपीएल बायो-बबल से बाहर हुए हर्षल

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल बहन के निधन के कारण आईपीएल बायो-बबल से बाहर हो गए हैं। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक वह शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मैच के बाद बायो-बबल से बाहर निकल कर अपने परिवार के पास गए थे, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हर्षल कितने दिनों तक अनुपलब्ध रहेंगे, लेकिन यह जरूर स्पष्ट है कि वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल बायो-बबल में फिर से वापिस आने के लिए उन्हें कम से कम तीन दिन तक क्वारंटीन में रहना होगा। पिछले दो सीजन से हर्षल ने घरेलू क्रिकेट सहित आईपीएल में बेहतरीन खेल दिखाया है और भारतीय टी-20 टीम में अपनी जगह बनाई है। पिछले आईपीएल सीजन के पर्पल कैप होल्डर गेंदबाज हर्षल ने इस साल भी बेहतरीन शुरुआत की है। उन्होंने चार मैचों में छह विकेट लिए हैं। ओवरऑल 67 आईपीएल मैचों में 84 विकेट उनके नाम हैं। 2021 में उन्होंने 14.34 के शानदार औसत से 32 विकेट लेकर पर्पल कैप का खिताब जीता था। डेथ ओवरों (अंतिम ओवरों) में उनके नाम 19 विकेट थे। उनके शानदार प्रदर्शन के मद्देनजर आरसीबी ने इस सीजन उन्हें रिटेन तो नही किया, लेकिन फरवरी में हुई मेगा नीलामी में 10.75 करोड़ रुपए में उन्हें टीम में शामिल किया।

# बाबर, राचेल को 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार

एजेंसी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम को पुरुष और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज राचेल हेन्स को महिला श्रेणी में मार्च महीने के लिए 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना। बाबर ने पुरुष श्रेणी में वेस्ट इंडीज के क्रेग ब्रैथवेट और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को पछाड़ कर पुरस्कार प्राप्त किया। वह दो बार यह पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं। उन्हें इससे पहले अप्रैल 2021 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त घरेलू मल्टी-प्रारूप दौरे में कई शानदार पारियों की बदौलत यह पुरस्कार जीता है। उन्होंने कराची में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 196 रनों की

रिकॉर्ड-तोड़ पारी खेली थी, जिससे पांचवें और अंतिम दिन कई बाधाओं के बावजूद मैच ड्रॉ हो गया। उन्होंने टेस्ट सीरीज में कुल 390 रन बनाए थे। पाकिस्तानी कप्तान ने फिर इसके बाद हुई वनडे सीरीज में फॉर्म को जारी रखा और शानदार प्रदर्शन किया।

दूसरी ओर हेन्स ने ऑस्ट्रेलिया की सातवीं आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उन्होंने 497 रनों के साथ दूसरी सर्वाधिन रन स्कोरर के रूप में अपना 2022 महिला विश्व कप अभियान समाप्त किया था। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार पारियां खेलीं, जिनमें से एक इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में रही, जहां उन्होंने सात चौकों की मदद से 93 गेंदों पर 68 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

अपने इसी बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत हेन्स ने महिला श्रेणी में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट को पीछे छोड़ते हुए 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार जीता।

# आज भी एक मैच विनर हैं कुलदीप यादव

**मुम्बई।** यह 2014 की बात है। चेन्नई के बुचि बाबू टूर्नामेंट में कोलकाता नाइट राइडर्स के स्काउट और परफॉर्मेंस एनलिस्ट ए आर श्रीकांत ने कुलदीप यादव को गेंदबाज़ी करते देखा और वह इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने तुरंत मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस को उस साल की नीलामी में उन्हें अपनी टीम में शामिल करने को राज़ी कर लिया। यह तब से भी पहले की बात है जब कुलदीप यूएई में हुए अंडर-19 विश्व कप में भारतीय टीम के सर्वाधिक विकेट लेने गेंदबाज़ बने और उन्होंने स्कॉटलैंड के विरुद्ध हैट्रिक भी ली।

केकेआर ने कुलदीप को 2014 में 40 लाख की राशि में ख़रीदा और वह आईपीएल 2022 से पहले तक इस फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा थे। कुलदीप का आईपीएल डेब्यू 2016 में आया और अगले दो सीज़न तक 27 मैचों में 8.20 की इकॉनमी से 29 विकेट लेते हुए वह टीम के सर्वाधिक विकेट टेकर रहे।

भारत के लिए निरंतर प्रभावशाली मैचों के बीच 2019 वनडे विश्व कप में एजबेस्टन के एक सपाट पिच पर इंग्लैंड के हाथ मिली धुनाई ने मानो उनकी दुनिया पलट दी। इसके बाद वह भारत के लिए सफ़ेद गेंद क्रिकेट से बाहर तो हुए ही, 2020 तक केकेआर की टीम भी सुनील नारायण के साथ

वरुण चक्रवर्ती को प्राथमिकता देने लगी। पिछले साल भी उन्हें एक भी गेम नहीं मिला जब घुटने पर मिली चोट के चलते उन्हें आईपीएल से निकलकर रिहैब के लिए घर लौटना पड़ा।

रविवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स द्वारा नीलामी में ख़रीदे गए कुलदीप का सामना अपनी पहली आईपीएल टीम से हुआ और एक बड़े स्कोर वाले मुक़ाबले में उनके 35 रन देकर चार विकेटों ने उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच भी दिलाया। शायद 215 का स्कोर उनकी गेंदबाज़ी के पक्ष में रहा लेकिन कुलदीप ने अपनी विविधता के ज़रिए शक्तिशाली कोलकाता बल्लेबाज़ी क्रम को अपने जाल में फंसाया।

कुलदीप के पहले ओवर में नीतीश राणा ने उन्हें स्लॉग स्वीप पर छक्का मारते हुए अपने इरादे साफ़ कर दिए थे। उधर श्रेयस अय्यर भी अच्छे लय में थे और उनके अक्षर पटेल को सीधा छक्का मारने के बाद रोवमन पॉवेल के एक ओवर में कोलकाता ने 17 रन बना लिए थे।

कुलदीप ने अपनी गति 78.9 किमी प्रति घंटा करते हुए श्रेयस को एक वाइड गेंद डाली लेकिन उसे बल्लेबाज़ ने ताक़त के साथ वाइड लॉन्ग ऑन के पार दे मारा। उसी ओवर में उन्होंने क़दमों का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट के ऊपर एक और बड़ा छक्का लगाया।

आंद्रे रसेल और पैट कमिंस की बारी अभी आनी थी और श्रेयस मैच को अपनी पुरानी टीम के चंगुल से छीनने की कोशिश में सफल लग रहे थे।

ब्रेबोर्न की पिच एजबेस्टन से बहुत अलग नहीं थी लेकिन यहां कुलदीप कहीं अधिक आत्मविश्वास के साथ गेंदबाज़ी कर रहे थे। उन्होंने एक बार श्रेयस को आगे बढ़ते देखा और लंबाई अपनी ओर खींचते हुए गुगली पर उन्हें स्टंप करवाया। श्रेयस की शानदार पारी 33 गेंदों पर 54 रन बनाकर ख़त्म हुई।

इसके बाद मैच के 16वें ओवर में चार गेंदों के भीतर कुलदीप ने कमिंस, नारायण और उमेश यादव के विकेट लेकर कोलकाता की उम्मीदों को पूरी तरह से ख़त्म कर दिया। कमिंस को सीधी और तेज़ डाली गई स्किडर ने छकाया तो नारायण और उमेश उनकी धीमे से डाली गई स्टॉक लेग ब्रेक पर कैच थमा बैठे।

उमेश के बल्ले से लगी बाहरी किनारे को कुलदीप पकड़ने ख़ुद 30 यार्ड के दायरे के पास मिडविकेट तक पहुंचे और गोता लगाकर कैच को पूरा किया। उसके बाद की उनकी दहाड़ ने बताया कि इस दिन का स्पैल उनके लिए क्या मायने रखता था।

क्या वह अपनी पुरानी टीम को कुछ साबित कर रहे थे? मैच के बाद उनके साथी शार्दुल ठाकुर ने कहा कि कुलदीप ख़ुद को कुछ साबित करने की कोशिश कर रहे थे। शायद यही कि आज भी कुलदीप यादव एक मैच विनर है।

## गेंदबाजी हमारा सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष रहा है : कुलदीप

नयी दिल्ली। जेएसडब्ल्यू-जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी टीम ने रविवार को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में टाटा आईपीएल 2022 के अपने मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर 44 रनों के अंतर से जीत हासिल करने के बाद दो महत्वपूर्ण अंक बटोरे। केकेआर के खिलाफ 35 रन देकर चार विकेट लेने वाले कुलदीप यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

अपनी टीम की जीत पर कलाई के स्पिनर कुलदीपने कहा, इस सीजन में हमारी गेंदबाजी हमारा सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष रहा है। जब हम अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ गेंदबाजी कर रहे थे, तो एक समय ऐसा लग रहा था कि वे 200 से अधिक का स्कोर बनाने जा रहे थे, लेकिन हमने उन्हें पांच विकेट पर 177 रनों पर सीमित कर दिया। हमारे तेज गेंदबाज वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने केकेआर के खिलाफ पावरप्ले में दबाव बनाए रखा, जिससे हमें बाद में बिना किसी दबाव के गेंदबाजी करने का मौका मिला।

कुलदीप ने अपनी ही गेंद पर उमेश यादव का एक बेहतरीन रनिंग कैच लिया था। इसे लेकर कुलदीप ने कहा, मुझे पता था कि केवल मैं ही वह कैच लपक सकता था क्योंकि गेंद दूसरों से काफी दूर थी। मैंने दौड़ते वक्त गेंद पर अपनी नजर बनाए रखी और अंत में गेंद तक पहुंचने में कामयाब रहा। वह कैच लेकर वास्तव में अच्छा लगा।

अब अगला मैच खेलने से पहले दिल्ली कैपिटल्स के पास पांच दिनों का ब्रेक है। इस लंबे ब्रेक से पहले केकेआर पर मिली इस जीत के महत्व के बारे में पूछे जाने पर कुलदीप ने कहा, ये दो अंक वास्तव में हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। टीम का मनोबल ऊंचा होगा क्योंकि अब हम शनिवार को अपना अगला मैच खेलेंगे। यह जीत यह भी सुनिश्चित करेगी कि पांच दिन के ब्रेक के दौरान हमारे कैंप में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहे।

कुलदीप ने इस सीजन में टीम की बेहतरीन फील्डिंग के बारे में भी बात की। कुलदीप ने कहा, जब आपकी टीम में बहुत सारे युवा खिलाड़ी होते हैं तो आप अच्छे क्षेत्ररक्षण की भी उम्मीद करते हैं। और हम हर मैच में अपनी फील्डिंग में सुधार का प्रयास कर रहे हैं। कुल मिलाकर, हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा रहता है।

दिल्ली कैपिटल्स टीम अब टाटा आईपीएल 2022 के अपने अगले मैच में शनिवार, 16 अप्रैल 2022 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेलेगी।

# पाक पीएम बनते ही शहबाज शरीफ ने अलापा कश्मीर राग, पीएम मोदी को दी ये सलाह

इस्लामाबाद। इमरान खान को हटाकर पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री बने शहबाज शरीफ ने कश्मीर का राग अलापना शुरू कर दिया है। शहबाज शरीफ ने कहा- हम बदकिस्मती से भारत से बेहतर संबंध नहीं बना सके। नवाज शरीफ ने भारत से बेहतर संबंध चाहा था। अगस्त 2019 में कश्मीर के साथ जो हुआ, आर्टिकल 370 को खत्म कर दिया गया। हमने कोई कदम उठाया? पाकिस्तान ने कश्मीर मसले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया कि कश्मीरियों के साथ क्या हश्र हो रहा है? कश्मीर की वादी में कश्मीरियों का खून बह रहा है। वहां की वादी कश्मीरियों के खून से सुर्ख हो गई है। शहबाज शरीफ ने आगे कहा- हम भारत से बेहतर संबंध चाहते हैं लेकिन

मसला-ए-कश्मीर को हल किए बिना अमन कायम नहीं हो सकता। हम कश्मीरियों के लिए हर फोरम पर आवाज उठाएंगे। राजनयिक स्तर पर काम करेंगे। उन्हें सपोर्ट देंगे। वे हमारे लोग हैं। मैं पीएम मोदी को यह सलाह दूंगा कि आप समझें कि दोनों ओर गरीबी है, बेरोजगारी है। हम अपना और अपने आने वाले नस्लों का नुकसान क्यों करना चाहते हैं? आइए कश्मीर मसले को कश्मीरियों के उमंगों के मुताबिक तय करें। भारत और पाकिस्तान खुशहाली लेकर आएं।

### चीन के कदमों में बिछे शहबाज

शहबाज शरीफ पाकिस्तान के बाकी नेताओं की तरह ही चीन के कदमों में बिछे नजर आए। शरीफ ने कहा- चीन पाकिस्तान का सुख-दुख का साथी है और उसने हर बार पाकिस्तान का साथ दिया है।

इतना ही नहीं, शहबाज शरीफ ने कहा कि कोई कुछ भी कर ले लेकिन चीन से हमारी दोस्ती नहीं छीन सकता और ये दोस्ती कयामत तक रहेगी। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का जिक्र करते हुए शहबाज शरीफ ने कहा कि हम शी जिनपिंग के शुक्रगुजार हैं और हम CPEC पर और तेजी के साथ काम करेंगे।

## सुख-दुख का साथी चीन, कयामत तक रहेगी दोस्ती

### सत्ता में आते ही ड्रैगन के आगे बिछे शहबाज़ शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सियासी घमासान के बाद इमरान खान सत्ता से बेदखल हो गए और शाहबाज शरीफ नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। प्रधानमंत्री बनने से पहले ही वह कश्मीर का राग अलापने लगे थे। वहीं सत्ता पाते ही वह चीन के आगे बिछ गए हैं। उन्होंने चीन को दुख-सुख का साथी बताते हुए कहा कि कयामत तक पाकिस्तान की उसके साथ दोस्ती सलामत रहेगी।

शाहबाज शरीफ ने कहा, %चीन पाकिस्तान का एक वफादार और सुख-दुख का साथी है. चीन ने हर वक्त पाकिस्तान का साथ दिया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारा साथ दिया। चीन ने हमेशा पाकिस्तान को अपना एक हमसाया दोस्त माना। ये दोस्ती हुकूमतों की दोस्ती नहीं आवामों की दोस्ती है।

उन्होंने कहा, कोई कुछ भी कर ले लेकिन चीन से हमारी दोस्ती छीन नहीं सकता। पिछली सरकार ने इस दोस्ती को कमजोर करने के लिए जो कुछ भी कुछ किया वह बहुत तकलीफदेह

दास्तान है। पाकिस्तान और चीन की शानदार दोस्ती है और यह कयामत तक कायम रहेगी। हम CPEC पर और तेजी से काम करेंगे। हम शी जिनपिंग सरकार के शुक्रगुजार हैं।

पाकिस्तान में सत्ता बदलते ही चीन के भी सुर बदल गए हैं। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में कहा गया है कि नई सरकार बनने के बाद उसके रिश्ते पाकिस्तान से और बेहतर हो सकते हैं। अखबार में शरीफ की तारीफ की गई और कहा गया कि वह उसी परिवार से हैं जिसने हमेशा चीन और पाकिस्तान के मजबूत रिश्ते का समर्थन किया। अब इमरान के कार्यकाल से भी मजबूत रिश्ते हो सकते हैं।

## इमरान ने लिया नेशनल असेंबली सदस्यता छोड़ने का निर्णय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने नेशनल असेंबली की सदस्यता छोड़ने का निर्णय लिया है। सूत्रों ने बताया कि नए प्रधानमंत्री के चुनाव से पहले श्री खान ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संसदीय दल की बैठक में यह फैसला किया।

पाकिस्तान के टीवी समाचार चैनल जियो न्यूज ने सोमवार को सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा कि हम किसी भी सूरत में नेशनल असेंबली में नहीं बैठेंगे। सूत्रों ने कहा कि पीटीआई ने संस्थाओं पर दबाव बनाने के लिए फैसला किया है। जो लोग सरकार बनाने जा रहे हैं हम उन्हें चलने नहीं देंगे। पीटीआई की संसदीय दल की बैठक में ज्यादातर सदस्यों ने श्री खान को इस्तीफा न देने की सलाह दी और कहा कि उनके इस्तीफा देने से उनके विरोधियों के लिए खुला मैदान मिल जाएगा। उनका यह भी कहना था कि सरकार बनाने जा रहे लोगों को हर मोड़ पर मजबूत चुनौती दी जानी चाहिए। इस पर श्री खान ने कहा कि यदि कोई भी नेशनल असेंबली सदस्य से

इस्तीफा नहीं देता है तो वह इस्तीफा देने वाले पहले सदस्य होंगे। इस पर अन्य सदस्यों ने कहा कि वह (इमरान खान) उन्हें इस्तीफा देने का अधिकार रखते हैं।

पीटीआई ने पहले घोषणा की थी कि वह पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को प्रधानमंत्री पद के लिए प्रत्याशी बनाएंगें।

मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा कि पीटीआई सांसदों ने इस्तीफा देना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, फारूख हबीब, अली जैदी, मुराद सईद, शिरीन मजारी, शफकत महमूद, अली अमीन गंडापुर और अली मोहम्मद खान सहित इन सदस्यों ने अब तक अपना इस्तीफा दे दिया है।

### सिरिसेना ने आर्थिक समस्या के समाधान के लिए नए प्रधानमंत्री का दिया सुझाव

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने सुझाव दिया है कि मौजूदा आर्थिक संकट के समाधान के लिए नए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन किया जाना चाहिए। न्यूजवायर ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि श्री सिरिसेना ने कहा कि देश में संकट से उबरने के लिए नए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन किया जाना चाहिए। देश के नए प्रधानमंत्री का प्रस्ताव श्रीलंका फ्रीडम पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा प्रस्तुत 11 प्रस्तावों में से एक है। उन्होंने कहा, अंतरिम सरकार के गठन से पहले संविधान के 19वें संशोधन को फिर से पेश किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि कोलंबो पोस्ट ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में बताया था कि श्रीलंकाई सरकार के सहयोगियों ने भी राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे को पत्र लिखकर उनके भाई महिंदा राजपक्षे को प्रधानमंत्री पद से हटाने का अनुरोध किया है। श्री अनुरा प्रियदर्शन यापा के नेतृत्व में सरकार के 11 गठबंधन सहयोगियों और श्रीलंका के पूर्व पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) सांसदों के स्वतंत्र समूह ने राष्ट्रपति गोताबाया को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को पद से हटाने और एक नए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए कैबिनेट की नियुक्ति का अनुरोध किया है।

### अफगानिस्तान में मारे गये सात हथियारबंद लोग

काबुल। अफगान सुरक्षा बलों ने सोमवार को उत्तरी बदख्शां प्रांत में सात हथियारबंद लोगों को मार गिराया, जिसकी जानकारी सूचना और संस्कृति के प्रांतीय प्रमुख कारी माजुदीन अहमदी ने दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने कोहिस्तान जिले के मैदान इलाके में सशस्त्र विरोधियों के ठिकाने का पता लगाने के बाद आज सुबह हमला किया, जिसमें सात हथियारबंद लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हालांकि यहां तालिबान सरकार ने किसी भी सशस्त्र विद्रोही समूह की मौजूदगी से इनकार किया है। जबकि अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का दावा है कि देश में अल-कायदा और दाएश या इस्लामिक स्टेट जैसे कट्टरपंथी संगठन मौजूद हैं।

### कांगो : सशस्त्र हमले में 21 की मौत

किंशासा। उत्तरपूर्वी कांगो गणराज्य में सोमवार तड़के एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज के विद्रोहियों के सशस्त्र हमले में कम से कम 21 की मौत हो गई। कई स्थानीय सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया, हमला संभावित रूप से एडीएफ के विद्रोहियों ने इटुरी प्रांत के इरुमु क्षेत्र में स्थित मंगुसु गांव में किया है। इसके मद्देनजर सैकड़ों नागरिक, मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे शरण लेने के लिए इटुरी की राजधानी बुनिया जा रहे हैं। इटुरी और इसके पड़ोस में स्थित उत्तरी किवु प्रांत में इस समय घेराबंदी है। यह क्षेत्र मई, 2021 से सेना और पुलिस अधिकारियों के नियंत्रण में है। इसकी वजह इस क्षेत्र में सशस्त्र समूहों, विशेष रूप से एडीएफ द्वारा बढ़ती असुरक्षा है। कांगो गणराज्य के प्रधानमंत्री जीन-मिशेल समा लुकोंडे यहां की सुरक्षा स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए उत्तर किवु और इटुरी में रविवार से पांच दिवसीय दौरे पर हैं।

### मलेशिया में कोरोना के 8,112 नये मामले, 12 की मौत

कुआलालंपुर। मलेशिया में कोरोना वायरस (कोविड-19) के 8,112 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद यहां इस महामारी से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,325,818 हो गई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी हैं। मंत्रालय की वेबसाइट पर दर्ज किए गए ताजा आंकड़ के अनुसार नए मामलों में से 25 विदेशों से आए हुए लोगों के है जबकि 8,087 स्थानीय संक्रमण के हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान 12 मरीजों की मौत होने से देश में इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 35,292 हो गई हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में इस दौरान 15,765 कोविड मरीज ठीक हुए है। इसके साथ ही देश में कोविड मुक्त होने वालों संख्या बढ़कर 4,144,728 हो गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# अमिताभ बच्चन को ध्यान में रखकर 'रनवे 34' बनायी : अजय देवगन

मुंबई। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन का कहना है उन्होंने अमिताभ बच्चन को ध्यान में रखकर फिल्म रनवे 34 बनायी है। अजय देवगन ने बताया है कि वह पहले फिल्म रनवे 34 में निर्देशक के रूप में आए और फिर उन्होंने इसमें अभिनय करने का फैसला लिया। अजय देवगन ने कहा, फिल्म रनवे 34 में यदि अमिताभ बच्चन नहीं होते तो शायद मैं यह फिल्म नहीं बनाता। फिल्म में अमिताभ के किरदार के बारे में मैंने सोचा था कि इसे और कोई नहीं कर सकता, क्योंकि इसमें दो लोगों की कांटे की टक्कर है। यह जो टक्कर है, वो बहुत सॉलिड होनी चाहिए। उसके लिए अमित जी ही चाहिए थे। मैंने जब अमित जी से बात की, तब उन्होंने फिल्म करने के लिए हां कह दिया। यदिअमित जी नहीं होते, तब शायद मैं इस फिल्म को नहीं बना पाता। गौरतलब है कि फिल्म रनवे 34 में अजय देवगन, अमिताभ बच्चन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म में अजय एक कॉमर्शियल पायलट के रोल में हैं और वह 35 हजार फीट की ऊंचाई में खराब मौसम के बीच फ्लाइट के पैसेंजर्स की जान बचा रहे होते हैं। रकुल प्रीत सिंह एक महिला पायलट के रोल में हैं। वहीं अमिताभ बच्चन एक सीनियर ऑफिसर के रोल में हैं। यह फिल्म ईद के मौके पर 29 अप्रैल 2022 को रिलीज होगी।

## आलिया और रणबीर हैं करोड़ों की संपत्ति के मालिक

नई दिल्ली। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी की खबरें काफी समय से सुर्खियों में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों 14 अप्रैल को आर के स्टूडियो में शादी करने वाले हैं। दिलचस्प बात ये है कि यहीं पर ऋषि कपूर और नीतू की शादी हुई थी। हालांकि दोनों एक्टर्स में से किसी ने अभी इस बारे में कोई कमेंट नहीं किया है। वैसे आलिया के परिवार ने शादी को लेकर कई खुलासे कर दिए हैं। आलिया के चाचा और उनके भाई ने शादी की खबरों को कन्फर्म किया है। वहीं रणबीर के परिवार की तरफ से अभी तक इस बारे में कोई कमेंट नहीं आया है। बता दें कि दोनों एक्टर्स बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स में से एक हैं। कैकनॉलेज की रिपोर्ट के मुताबिक आलिया भट्ट की नेट वर्थ 74 करोड़ है।

# दिग्गज अभिनेता-पटकथा लेखक शिव सुब्रह्मण्यम का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता एवं पटकथा लेखक शिव सुब्रह्मण्यम का रविवार रात निधन हो गया। वह 52 वर्ष के थे।

फिल्म निदेशक हंसल मेहता ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मेहता ने ट्वीट करके अभिनेता के निधन की जानकारी दी। उन्होंने कहा,मैं प्यारे शिव सुब्रह्मण्यम के निधन पर बहुत दुखी हूं। यह हम सभी के लिए बहुत ही बुरी खबर है। हम उनके परिजनों , दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

फिल्म निर्देशक निखिल आडवाणी ने एक इमोजी को पोस्ट करते हुए अभिनता के निधन पर दुख जताया।अभिनेता रणवीर शौरी ने ट्वीट किया, प्रसिद्ध लेखक सुब्रह्मण्यम की निधन की खबर सुनना एक बुरे स्वप्न जैसा है। वह एक महान व्यक्ति, और असाधारण व्यक्तित्व एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। वह अब हमारे बीच नहीं रहे। सुब्रह्मण्यम ने धारावाहिक मुक्ति बंधन में आई.एम विरानी की भूमिका निभाई थी। उन्हें आखिरी बार फिल्म मीनाक्षी सुंदरेश्वर में देखा गया था। मेहता ने बताया कि अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 11 बजे मुंबई के मोक्षधाम हिंदू श्मशान भूमि में किया गया।

## आर्यन खान अमेजन प्राइम वीडियो के वेब शो के साथ करेंगे डेब्यू, मुंबई में किया टेस्ट शूट

मुंबई। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के डेब्यू को लेकर लंबे समय से इंतजार है। शाहरुख ने बताया था कि आर्यन की रुचि निर्देशन और लेखन के क्षेत्र में हैं। वह पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स की जिम्मेदारियां उठा रहे हैं। उन्हें आईपीएल नीलामी के वक्त देखा गया। उसके बाद आईपीएल मैच के दौरान भी स्टेडियम में पहुंचे। अब आर्यन को लेकर खबरें हैं कि हैं वह अमेजन प्राइम वीडियो के अगले प्रोजेक्ट के लिए निर्देशक और लेखक के तौर पर कदम रखने के लिए तायर हैं।

### आर्यन का टेस्ट शूट

आर्यन खान अमेजन प्राइम वीडियो के लिए एक वेब शो डायरेक्ट करेंगे। वह इसके राइटर भी होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक आर्यन ने शो के लिए टेस्ट शूट किया है। वह काफी समय से इस शो की तैयारी कर रहे हैं। पिंकविला ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आर्यन ने बीते हफ्ते मुंबई में अपने शो के लिए एक टेस्ट शूट किया था।

### जल्द ही शुरू करेंगे शूटिंग

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि 'आर्यन प्रोजेक्ट के लिए राइटिंग और डायरेक्शन करेंगे। उन्होंने शुक्रवार और शनिवार को टेस्ट शूट को पूरा किया। अपनी क्रू की तैयारी के लिए आर्यन चाहते थे कि शूटिंग शुरू करने से पहले सभी को एक साथ लाकर प्रोजेक्ट समझाया जाए। वह अभी तक बिना टाइटल वाले इस शो के लिए बहुत उत्साहित हैं और प्री-प्रोडक्शन पर काम शुरू कर दिया है। वे जल्द ही शूटिंग की तारीखें तय करेंगे।'

### रेड चिलीज की फिल्म भी करेंगे

आर्यन खान के पास रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की फीचर फिल्म करेंगे। अभी तक उनके प्रोजेक्ट के विषय के बारे में जानकारी नहीं है।

## 'द कश्मीर फाइल्स' ने बनाया एक और रिकॉर्ड, 31वें दिन तक कमा लिए इतने करोड़

**मुंबई।** निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' रिलीज के एक महीने बाद भी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। फिल्म को 31 दिन हो चुके हैं और कमाई के नए-नए रिकॉर्ड बनाए हैं। कोविड-19 की स्थिति के बाद बॉक्स ऑफिस पर जो चुनिंदा फिल्में हिट हुईं उनमें 'द कश्मीर फाइल्स' भी है। अब एक महीने बाद फिल्म ने 250 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। कोरोना के बाद 'द कश्मीर फाइल्स' पहली फिल्म है जो घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ कमाने में कामयाब रही। फिल्म 90 के दशक में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उनके नरसंहार पर आधारित है। फिल्म का बजट करीब 15 करोड़ रुपये है। सोमवार को ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट कर बताया कि फिल्म ने एक लैंडमार्क हासिल किया है। उन्होंने लिखा- 'महामारी के बाद द कश्मीर फाइल्स पहली हिन्दी फिल्म जिसने 250 करोड़ पार कर लिय। इस हफ्ते वीकेंड पर किसी बड़ी फिल्म के रिलीज नहीं होने से शनिवार और रविवार को इसके बिजनेस को बढ़ने में मदद मिलेगी।

# 'तुलसीदास जूनियर' में नजर आयेगी संजय दत्त और राजीव कपूर की जोड़ी

मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त और दिवंगत अभिनेता राजीव कपूर की जोड़ी फिल्म तुलसीदास जूनियर में नजर आयेगी। आशुतोष गोवारिकर और निर्माता भूषण कुमार फ़िल्म तुलसीदास जूनियर के लिए एक साथ आए हैं। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में दिवंगत राजीव कपूर और संजय दत्त की जोड़ी नजर आयेगी। निर्माता आशुतोष गोवारिकर ने कहा, राजीव और संजय दोनों का एक प्रतिष्ठित वंश है,जिनके माता-पिता 50 और 60 के दशक के दिग्गज सितारों थे। हालांकि दोनों ही कलाकार अपने शुरुवाती फिल्मों में एक साथ नज़र नहीं आये थे। इस स्क्रिप्ट ने हमें उन्हें एक साथ लाने की अनुमति दी, और शुक्र है कि दोनों ने हामी भरी। गुलशन कुमार और टी सीरीज प्रस्तुत और आशुतोष गोवारिकर प्रोडक्शन की फिल्म तुलसीदास जूनियर को मृदुल ने लिखा और निर्देशित किया है। यह फिल्म 19 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी।

## 22 अप्रैल को रिलीज होगी शाहिद कपूर की जर्सी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म जर्सी 22 अप्रैल को रिलीज होगी। शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म जर्सी 14 अप्रैल, 2022 को रिलीज होने वाली थी। जर्सी की रिलीज डेट को एक बार फिर से टाल दिया गया है। अब यह फिल्म 22 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म जर्सी की रिलीज को पोसपोन करने के बारे में बताते हुए निर्माता अमन गिल ने कहा, एक टीम के रूप में हमने जर्सी में अपना खून-पसीना और आंसू बहाए हैं। हम चाहेंगे कि हमारी प्यारी फिल्म आप सभी तक पहुंचे। इसी लिए अब जर्सी 22 अप्रैल, 2022 को रिलीज होगी। गौरतलब है कि गौतम तिन्ननुरी के निर्देशित फिल्म जर्सी में शाहिद कपूर दो अलग-अलग लुक में नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी एक असफल क्रिकेटर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो भारतीय क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद के साथ अपने तीन दशक के बाद क्रिकेट में वापसी करने का फैसला लेता है और अपने बेटे की इच्छा को पूरा करने के लिए उसको जर्सी गिफ्ट करता है। फिल्म 'जर्सी' फिल्म इसी नाम की तमिल स्पोर्टस ड्रामा फिल्म का रीमेक है।

## वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने 'बवाल' की शूटिंग शुरू की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने लखनऊ में फिल्म 'बवाल' की शूटिंग शुरू कर दी है। वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म बवाल की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म के फ्लोर पर आने की जानकारी फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी की पत्नी अश्विनी अय्यर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर साझा कर दी है।इस मुहूर्त शॉट के झलक साझा कर उन्होंने लिखा, बवाल हैप्पीनेस शुरू होती है। साजिद सर की जोशीली मुस्कान और वर्दा खान नाडियाडवाला की याद आ रही है। क्योंकि शूटिंग शानदार इंसान और अभिनेता वरुण धवन और जान्हवी कपूर के साथ शुरू हो चुकी है।

# गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए डाइट में जरूर शामिल करें ये 7 फूड्स

प्रिया मिश्रा

**गर्मियों के मौसम में शरीर में पानी की कमी हो सकती है इसलिए इसे बचने के लिए आपको अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गर्मियों में शरीर में पानी की कमी से उल्टी, दस्त, थकान, कमजोर आदि समस्याएं हो सकती हैं। इससे बचने के लिए आपको अपनी डाइट में लो कैलोरी और लाइट फूड्स शामिल करने चाहिए।**

गर्मियों के मौसम में डिहाइड्रेशन, थकान और स्ट्रोक जैसी समस्याएं आम हैं। इस दौरान शरीर में पानी की कमी हो सकती है इसलिए इसे बचने के लिए आपको अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। गर्मियों में शरीर में पानी की कमी से उल्टी, दस्त, थकान, कमजोर आदि समस्याएं हो सकती हैं। इससे बचने के लिए आपको अपनी डाइट में लो कैलोरी और लाइट फूड्स

शामिल करने चाहिए। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि गर्मियों में किन चीजों के सेवन से डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है -

### दही

गर्मियों में दही का सेवन करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें पोषक तत्व और प्राकृतिक प्रोबायोटिक्स होते हैं जो पाचन तंत्र को मजबूत करने में मदद करते हैं। गर्मियों में दही खाने से पेट को ठंडक मिलती है। आप दही को खाने के साथ खा सकते हैं या छाछ, लस्सी और रायता के रूप में इसका सेवन कर सकते हैं।

### तरबूज

गर्मियों में तरबूज का सेवन करने से डिहाइड्रेशन से बचा जा सकते हैं। इसमें 92 प्रतिशत तक पानी होता है जिससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती। इसके अलावा तरबूज में फाइबर, विटामिन सी, विटामिन ए, पोटेशियम और एंटी ऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं। गर्मियों में फिट और हेल्दी रहने के लिए तरबूज का सेवन जरूर करें।

### खीरा

गर्मियों में अपनी डाइट में खीरा जरूर शामिल करें।

इसमें 95 प्रतिष्ट पानी होता है जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या दूर होती है। खीरे में पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन के कैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इ

सके साथ ही, खीरे में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है।

### नारियल पानी

गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए नारियल पानी का सेवन करें। इसमें इलेक्ट्रोलाइट्स, लाइट शुगर और जरूरी मिनरल्स होते हैं जो शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं।

### खट्टे फल

गर्मियों में डीहाइड्रेशन से बचने के लिए विटामिन सी युक्त फ्रूट्स जैसे संतरा, अंगूर, नींबू आदि अपनी डाइट में शामिल करें। इन फलों के सेवन से आप गर्मियों में पानी की कमी से बच सकते हैं।

### हरी सब्जियाँ

गर्मियों में हरी सब्जियों का सेवन ज्यादा करना चाहिए क्योंकि इनमें भरपूर मात्रा में पानी होता है। इस मौसम में अपनी डाइट में लौकी, कद्दू, भिंडी, ककड़ी, टमाटर, तरबूज, खरबूजा आदि शामिल करें।

### गन्ने का जूस

गर्मियों में आपको जगह जगह गन्ने के जूस के ठेले दिख जाएंगे। गन्ने का जूस स्वादिष्ट होने के साथ साथ डिहाइड्रेशन से बचाव में भी मदद करता है। गन्ने में मौजूद कैल्शियम आयरन और मैग्नीशियम शरीर डिहाइड्रेशन से बचाने में मदद करता है।

# गर्मियों में चेंज करें अपना लुक, स्टाइलिश दिखने के लिए फॉलो करें ये आसान टिप्स

प्रिया मिश्रा

मौसम बदलने के साथ हमारे वॉडरोब भी बदलता है। जहाँ सर्दियों में डार्क और मोटे फैब्रिक के कपड़े हमारे वार्डरोब में होते हैं। वहीं गर्मियों में इसकी जगह हल्के रंग और लाइट फैब्रिक कपड़े ले लेते हैं। अगर आप भी गर्मियों में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो ये टिप्स फॉलो करें

मौसम बदलने के साथ हमारे वॉडरोब भी बदलता है। जहाँ सर्दियों में डार्क और मोटे फैब्रिक के कपड़े हमारे वार्डरोब में होते हैं। वहीं गर्मियों में इसकी जगह हल्के रंग और लाइट फैब्रिक कपड़े ले लेते हैं। अगर आप भी गर्मियों में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो ये टिप्स फॉलो करें -

### लाइट फैब्रिक है बेस्ट

गर्मियों में टाइट फिटिंग के कपड़ों की जगह ढीले और लाइट फैब्रिक के कपड़े पहनें। गर्मियों में टाइट फिटिंग के कपड़े पहनने से आपको पसीने की वजह से स्किन पर दाने या रैशेज़ हो सकते हैं। गर्मियों में कॉटन सिल्क या शिफॉन फैब्रिक इस्तेमाल करें।

### कैजुअल लुक को बनाएं खास

गर्मियों में हल्के रंग के कपड़े पहनें। आप व्हाइट कलर की टी-शर्ट या शर्ट को शॉर्ट्स या डेनिम के साथ पहन सकती हैं। अगर आप अपने सिम्पल लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसके साथ कोई नेकपीस या कोई दूसरी एक्सेसरीज पहन सकती हैं।

### स्कर्ट को करें स्टाइल

गर्मियों में आप स्कर्ट को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल करके पहन सकती हैं। आप चाहे तो स्कर्ट को ऑफ शोल्डर टॉप या शर्ट के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा आप स्कर्ट को प्रिंटेड टी-शर्ट या मैचिंग टॉप के साथ भी पहन सकती हैं। गर्मियों के मौसम के लिए स्कर्ट बेस्ट है और इससे आप बेहद स्टाइलिश लुक भी पा सकती हैं।

### नेचुरल मेकअप है बेस्ट

अगर बात मेकअप की करें तो गर्मियों में नेचुरल मेकअप ही बेस्ट होता है। गर्मियों में हैवी मेकअप अच्छा नहीं लगता है। इसके साथ ही गर्मियों में लगातार पसीना आने की वजह से आपकी स्किन पर रैशेज हो सकते हैं।

### समर लुक के लिए फ्लोरल ऑउटफिट

गर्मियों में फ्लोरल आउटफिट्स से आप स्टाइलिश लग सकती हैं। आप अपने वॉर्डरोब में फ्लोरल टॉप्स ड्रेस फ्लोरल स्कर्ट शामिल कर सकती हैं।

# भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड क्या है? कतिपय संशोधनों के बाद अब यह कितना प्रभावशाली है?

कमलेश पांडेय

केंद्र सरकार के मातहत कार्य करने वाला भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड ने भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2017 में संशोधन किया है, ताकि इसे और प्रभावी और व्यवस्था के अनुकूल बनाया जा सके। अपनी इसी रणनीति के तहत भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड ने गत 5 अप्रैल, 2022 को भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) (संशोधन) विनियम, 2022 (संशोधन विनियम) को अधिसूचित किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, भारतीय दिवाला और दिवालियापन बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2017 के साथ पठित दिवाला और दिवालियापन कोड, 2016 विलायक कॉर्पोरेट व्यक्ति के स्वैच्छिक परिसमापन के लिए तंत्र प्रदान करता है। हालांकि सरकार के संज्ञान में ऐसा आया है कि स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया को पूरा करने में अत्यधिक विलंब होता रहा है। यद्यपि सामान्य तौर पर प्रक्रिया में लेनदारों के शून्य या नगण्य दावे शामिल किए जाते हैं। कम संपत्ति, यदि कोई हो, वसूल की जाती है और कुछ ही मुकदमे, यदि कोई हो, का निष्कर्ष निकाला जाता है। इस तरह के विलंब को कम करने और फर्मों के लिए त्वरित रूप से बाहर निकलने को सुनिश्चित करने के लिए, संशोधन विनियम प्रक्रिया के दौरान की गई कुछ निर्धारित गतिविधियों के लिए समय-सीमा को निम्नानुसार संशोधित करते हैं- पहला, परिसमापक दावों की प्राप्ति की अंतिम तिथि से पंद्रह दिनों के भीतर, पहले से निर्धारित पैंतालीस दिनों के विरुद्ध, हितधारकों की सूची तैयार करेगा, जहां दावों की प्राप्ति की अंतिम तिथि तक लेनदारों से कोई दावा प्राप्त नहीं किया गया है। दूसरा, परिसमापक राशि की प्राप्ति से तीस दिनों के भीतर, पहले से निर्धारित छह महीने के विरूद्ध), राशि की प्राप्ति से आय को हितधारकों को वितरित करेगा। तीसरा, यह भी प्रावधान किया गया है कि परिसमापक, परिसमापन शुरू होने की तिथि से दो सौ सत्तर दिनों, जहां लेनदारों ने धारा 59(3)(सी) या विनियमन 3(1)(सी) के तहत प्रस्ताव को मंजूरी दी है और अन्य सभी मामलों, सभी स्थितियों में पहले से

निर्धारित 12 महीनों के विरूद्ध, में परिसमापन शुरू होने की तारीख से नब्बे दिन के भीतर कॉर्पोरेट व्यक्ति की परिसमापन प्रक्रिया को पूरा करने का प्रयास करेगा। अंततः, स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया के दौरान परिसमापक द्वारा की गई कार्रवाइयों का सारांश प्रदान करने के लिए, संशोधन विनियम एक अनुपालन प्रमाण पत्र निर्दिष्ट करते हैं जिसकी आवश्यकता परिसमापक द्वारा न्यायनिर्णयन प्राधिकरण को धारा 59 (7) के तहत आवेदन के साथ जमा करने के समय पड़ती है। यह निर्णायक प्राधिकरण को विलयन आवेदनों पर शीघ्रता से निर्णय लेने में सुविधा प्रदान करेगा।संशोधन विनियम 05 अप्रैल, 2022 से प्रभावी हैं। ये www.mca.gov.in, www.ibbi.gov.in पर उपलब्ध हैं। यह भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट है जिसे आईबीबीआई द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है और इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा होस्ट किया गया है। गौरतलब है कि भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (प्री-पैकेज्ड दिवाला निपटान प्रक्रिया) नियमन 2021 पिछले साल ही अधिसूचित कर दिया गया था। तब दिवाला और दिवालियापन संहिता (संशोधन) अध्यादेश, 2021, चार अप्रैल 2021 से प्रभावी हो गया था। इसके तहत छोटे और मझोले इकाई के तहत आने वाले कर्जदार कारोबारियों को प्री-पैकेज्ड दिवाला निपटान प्रक्रिया (पीपीआईआरपी) की सुविधा मिल गई थी। इस संबंध में भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (प्री-पैकेज्ड दिवाला निपटान प्रक्रिया) नियमन 2021 (पीपीआईआरपी) अधिसूचित कर दिया गया था जो तभी से प्रभावी हो गया है। मसलन, पीपीआईआरपी नियमन में उन सभी बातों का विस्तार पूर्वक विवरण दिया गया है, जिसमें संबंधित पक्षों को फॉर्म और दूसरी जरूरतों को पूरा करने का विवरण दिया गया है। यह निम्नलिखित चीजें मुहैया कराता है-

पहला, विवाद निपटान पेशेवर के रुप में काम करने के लिए पात्रता और नियुक्ति की शर्तें।

दूसरा, पंजीकृत वैल्युअर्स और अन्य पेशेवरों की पात्रता।

तीसरा, अधिकृत प्रतिनिधि की पहचान और चयन।

चतुर्थ, सार्वजनिक घोषणा और संबंधित पक्ष के दावे।

पंचम, मसौदे की जानकारी।

छठा, कर्जदाता और कर्जदाता समिति की बैठक।

सातवां, विवाद निपटान योजना का आमंत्रण।

आठवां, मूल विवाद निपटान और सबसे अच्छे विवाद निपटान के बीच प्रतिस्पर्धा।

नवम, विवदान निपटान का मूल्यांकन और चर्चा।